4 **रायपुर संभाग** भाटापारा में खतरनाक परिस्थिति का मिलता इशारा...

6 **अभिमत** बजट 2024 संतुलन के प्रयास

09 **विविध** कारगिल विजय दिवसः शहीदों का बलिदान...

10 **संस्कारधानी** छात्रा के कमरे से बरामद मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन से...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 27 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-335 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री साय ने प्रभात झा के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व राज्य सभा सांसद प्रभात झा के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री साय ने अपने संदेश में कहा है कि प्रभात झा के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। राज्यसभा सांसद के रूप में उन्होंने अपना जीवन जनसेवा में व्यतीत किया। वे वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक रहे। छत्तीसगढ़ से भी उनका विशेष जुड़ाव रहा। उनका निधन हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है। साय ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति एवं परिजनों और शुभचिंतकों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### राज्यपाल ने कारगिल विजय-शौर्य दिवस पर कारगिल युद्ध के शहीदो को किया नमन



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कारगिल विजय शौर्य दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि कारगिल विजय-शौर्य दिवस हमें वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान की याद दिलाता है जिन्होंने वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र की रक्षा की। शहीदों का यह बलिदान हमें प्रेरित करता है कि हम हमेशा अपने देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए तत्पर रहें। उनकी वीरता और समर्पण हमें यह सिखाता है कि राष्ट्रहित से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हरिचंदन ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम उनके परिवारों के प्रति भी अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया। देश के प्रत्येक नागरिक को इन परिवारों के बलिदान को सलाम करना चाहिए।

### बिम्सटेक सुरक्षा प्रमुखों की बैठक के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल म्यांमार में



**नयी दिल्ली।** एनएसए अजीत डोभाल नेपीता में आयोजित बिम्सटेक सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कल म्यांमार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एडमिरल मो आंग से भी मुलाकात की। बिम्सटेक सुरक्षा प्रमुखों ने कल प्रधान मंत्री वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से भी मुलाकात की।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बड़ी ताकत के रूप में उभरा भारतः साय



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि नरेन्द्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हमारे प्रधानमंत्री ने शांतिपूर्वक तरीके से हटा दिया। उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से दुनिया की पांचवी सबसे बड़ा ताकत के रूप में खड़ा किया है और 2047 तक इस देश को विकसित भारत के रूप में खड़ा करने का उन्होंने संकल्प लिया है। विधानसभा में यह प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अत्यधिक उंचाईयां प्राप्त की हैं, उनके नेतृत्व में हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में अपना स्थान बना पाएगा। उन्हीं के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य भी उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के साथ प्रथम कार्यकाल में राज्य मंत्री के रूप में मुझे काम करने का अवसर मिला। मैं साक्षी हूं जिस दिन मोदी ने पार्लियामेंट में प्रवेश किया उस दिन झुक कर इस देश की सबसे बड़ी पंचायत (संसद) को प्रणाम करके संसद में प्रवेश किया था और पहले ही दिन के अपने भाषण में उन्होंने कहा था कि गरीबों का हित चिंतक बने रहेंगे और उन्हें गरीबी रेखा से उपर उठाने सतत प्रयास करेंगे। सरकार गरीबों के लिए समर्पित रहेगी, मेरी यह सरकार गरीबों के लिए काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 2014 को जब नरेंद्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा की, तो कुछ लोग उपहास करते थे। यह सफाई और शौचालय निर्माण का काम क्या कोई प्रधानमंत्री सोच सकता है। आज हम सब लोगों को इस बात का पता चल रहा है कि यह योजना कितनी महत्वपूर्ण है। उनके स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा के बाद हम लोग साफ-सफाई का महत्व समझे। हमारे प्रधानमंत्री ने करोड़ों परिवारों के घरों में शौचालय का निर्माण कराया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुझे बताते हुए गौरव होता है जब 2014 में नरेन्द्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने तब आजादी के 65 वर्षों के बाद भी इस देश के 14 हजार से ज्यादा जिन गांवों में बिजली नहीं पहुंची थी, उन घरों में बिजली पहुंचायी गई। 45 करोड़ से ज्यादा गरीबों का जनधन का खाता खोलने का काम पहली बार मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री ने स्वीकारा था कि हम दिल्ली से 100 रूपए भेजते हैं तो गांव तक 15 रूपए पहुंचता है, किन्तु आज प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में डीबीटी से सीधे राशि पहुंचाई जा रही है। उन्हें सफल प्रधानमंत्री के रूप में गांव, गरीब, किसान का आशीर्वाद मिल रहा है, जिससे देश और राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।


मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रथम कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपरीत परिस्थितियों में देश की सत्ता का नेतृत्व किया, लेकिन अपने कुशल नेतृत्व के कारण परिस्थितियों को अपने अनुकूल भी बना लिया। उन्होंने भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलाई। मोदी के नेतृत्व में भारत प्रत्येक क्षेत्रों में विकास करते हुए आगे बढ़ रहा है, जिसका लाभ देश की जनता को मिल रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सूझबूझ से 140 करोड़ आबादी वाले भारत में कोरोना को कंट्रोल किया और कोरोना से बचाव के लिए 200 करोड़ से भी ज्यादा वैक्सीन उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने संकल्प के साथ मोदी की गारंटी को पूरा कर दिखाया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रथम कार्यकाल में शपथ लेते हुए कहा था कि मेरी सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार रहेगी, मेरी यह सरकार गरीबों के लिए काम करेगी। उनका पहला कार्यकाल गरीबों के लिए काम करते हुए बीता, जो आज एक मिसाल है। उन्होंने निचले तबके के लोगों को सम्मान के साथ जीवन बिताने के योग्य बनाया, जिससे आज निचले तबके के लोग सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री साय के साथ ही उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी अपने विचार रखे।

## छत्तीसगढ़ में अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऐलान किया है कि, छत्तीसगढ़ सरकार सेवा के पश्चात् अग्निवीरों को नौकरी में प्राथमिकता देगी। छत्तीसगढ़ के अग्निवीर जब भारतीय सेना में अपनी सेवा के पश्चात वापस आएंगे तो छत्तीसगढ़ सरकार इन नौजवानों को पुलिस सेवा में आरक्षक, वन सेवा में वन रक्षक और जेल प्रहरी इत्यादि पदों में प्राथमिकता के आधार पर समायोजन की सुविधा देगी। सीएम साय ने कहा कि, सरकार पुलिस में आरक्षक भर्ती, वनरक्षक, जेल प्रहरी आदि के पदों पर अग्निवीरों को प्राथमिकता के आधार पर नौकरी देगी।

## मयाली नेचर कैम्प स्वदेश दर्शन योजना में शामिल



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से जिले के प्रसिद्ध प्राकृतिक व धार्मिक पर्यटन स्थल मयाली को पर्यटन विभाग ने स्वदेश दर्शन योजना के दूसरे चरण में शामिल कर लिया है। इस योजना में शामिल हो जाने से पर्यटन स्थल में बुनियादी सुविधाओं का विकास तेजी से हो सकेगा। साथ ही इसके प्रचार प्रसार होने से यहां पर्यटकों की हलचल बढ़ने की संभावना भी है। उल्लेखनिय है कि मयाली नेचर कैम्प,जिले के कुनकुरी ब्लाक में चराईडांड़ बगीचा स्टेट हाईवे में स्थित है। बेलसोंगा डेम और एशिया की सबसे उंचा शिवलिंग माना जाने वाला मधेश्वर पहाड़ का विहंगम मनमोहक दृश्य पर्यटकों को घंटों समय व्यतीत करने का अवसर देता है। वनविभाग ने इस स्थल पर पर्यटकों की सुविधा के लिए टेंट की व्यवस्था भी की है। इन टेंट हाउस में डेम के किनारे, हरियाली से भरे हुए प्राकृतिक स्थल पर रात्रि विश्राम का परिवार के साथ आनंद उठाने के लिए भारी संख्या में पर्यटक जुटते हैं। विशेष कर विकेंड के दिनों में यहां पर्यटकों की हलचल अधिक रहती है। पर्यटकों को मयाली नेचर कैंप में बोटिंग का आनंद उठाने की सुविधा भी दी गई है। इसके लिए गाइड के साथ सुरक्षा के सभी इंतजाम किये गए हैं। राज्य सरकार के सहयोग से मयाली नेचर कैम्प में कैकट्स गार्डन का विकास भी किया जा रहा है। इस विशेष गार्डन में देश भर में पाएं जाने वाले कैक्ट्स की प्रजातियों को समेटा गया है ताकि युवा पीढ़ी कैम्टस से भली भांति परिचित हो सके। इसका एक उद्देश्य लोगों को बायोडायर्वसिटी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है।

## संसद को राजनीति का हथियार बनाना घातकः धनखड़



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संसद को राजनीति का अधिकार बनाना घातक है और कोचिंग एवं शिक्षा का व्यावसायीकरण किसी भी राष्ट्र के विकास में बाधक है। धनखड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज महाविद्यालय के 77वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी सीमाओं से बाहर आकर सामान्य अवसरों से आगे देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोचिंग और शिक्षा का व्यवसायीकरण किसी भी राष्ट्र के विकास में बाधक कारक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को दी जाने वाली शिक्षा में आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान को पारंपरिक भारतीय मूल्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। शिक्षा सबसे प्रभावशाली परिवर्तनकारी तंत्र है जो समानता लाता है और असमानताओं को रोकता और खत्म करता है।

## उड़ान योजना के अंतर्गत अंबिकापुर, बिलासपुर और जगदलपुर हवाई अड्डों का चयन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) उड़ान योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के अंबिकापुर, बिलासपुर और जगदलपुर हवाई अड्डों को विकास और संचालन के लिए चिन्हित किया गया है। यह जानकारी राज्य सभा में केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री, मुरलीधर मोहोल ने छत्तीसगढ़ से राज्य सभा सांसद फूलो देवी नेताम के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में दी। उड़ान योजना के तहत इन हवाई अड्डों के विकास के लिए कुल 215.13 करोड़ रूपए आवंटित किए गए हैं। इसमें से 30 जून, 2024 तक 191.64 करोड़ रूपए व्यय किए जा चुके हैं। अंबिकापुर के लिए 90 करोड़, बिलासपुर के लिए 55 करोड़ और जगदलपुर के लिए 70.13 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। उड़ान योजना का मुख्य उद्देश्य देश के छोटे और मध्यम आकार के शहरों को बेहतर हवाई संपर्क प्रदान करना है।

## फसलों के एमएसपी पर राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा को बताया कि किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के संबंध में गठित समिति की रिपोर्ट अभी नहीं आयी है और इस रिपोर्ट के आने के बाद इस दिशा में कदम उठाया जायेगा लेकिन सरकार कृषि को मुनाफे का व्यवसाय बनाने के लिए निरंतर कदम उठा रही है। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने इसका कड़ा विरोध किया और एमएसपी के मामले में सरकार से सीधा जवाब देने की मांग की जिससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक झोंक हुई तथा सदन की कार्यवाही में व्यवधान पहुंचा। चौहान ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि सरकार ने एमएसपी के मुद्दे पर एक समिति का गठन किया है जो इस मुद्दे पर विचार कर रही है और इस समिति की अब तक छह बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट आते ही सरकार इस पर आगे कदम उठायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार रिपोर्ट के नाम पर निष्क्रिय नहीं बनी हुई है और निरंतर किसान कल्याण के कार्यों में लगी है । एमएसपी की दरें लगातार बढायी जा रही हैं। सरकार छह सूत्री नीति उत्पादन के ठीक दाम देना, उत्पादन बढाना, लागत कम करना, नुकसान की भरपाई करना, प्राकृतिक खेती को बढावा देने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि फसलों के दामों कें समय समय पर वृद्धि की जा रही है। फसलों का मूल्य फसल पैदावार की लागत में 50 प्रतिशत मुनाफा जोड़कर निर्धारित किया जाता है और उसे खरीदा भी जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार उर्वरक पर भी एक लाख 68 हजार करोड़ रूपये की सब्सिडी दे रही है।

## कांवड़ यात्रा : 'नाम' प्रदर्शित करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने पांच अगस्त तक बढ़ाई रोक, स्वेच्छा से नाम लिखने की अनुमति

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने कांवड़ यात्रा मार्गो पर खाद्य पदार्थों के विक्रेता, होटल मालिकों को अपने और अपने यहां काम करने वाले अन्य कर्मचारियों के नाम सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश पुलिस समेत अन्य के आदेश पर रोक को पांच अगस्त तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने 'नाम' प्रदर्शित करने के आदेशों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद रोक बढ़ाने संबंधी आदेश पारित करते हुए कहा कि यदि कोई स्वैच्छिक रूप नाम प्रदर्शित करना चाहे, तो ऐसा कर सकता है। पीठ ने स्पष्ट किया कि पिछला आदेश (22 जुलाई) किसी को भी मालिकों और कर्मचारियों के नाम स्वेच्छा से प्रदर्शित करने से नहीं रोकता है। पीठ ने कहा, अगर कोई



स्वेच्छा से ऐसा करना चाहता है तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन कोई जोर नहीं देना चाहिए, शीर्ष अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एसएसपी द्वारा 17 जुलाई को जारी निर्देश का बचाव करने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के जवाबी हलफनामे पर अपना (याचिकाकर्ता का) जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। सिंघवी ने दलील देते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वीकार किया है कि भेदभाव हुआ है, लेकिन यह स्थायी प्रकृति का नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 60 वर्षों में ऐसा कोई आदेश नहीं दिया गया था।

### विधेयक मंजूरी में कथित देरी पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार, नोटिस जारी किया

उच्चतम न्यायालय ने केरल और पश्चिम बंगाल के राज्यपालों पर विधेयकों को मंजूरी देने में कथित देरी का आरोप लगाने वाली दोनों राज्य सरकारों की याचिकाओं पर संबंधित राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को नोटिस जारी कर उन्हें तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आज दोनों राज्य सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर विचार करने का फैसला करते हुए यह आदेश पारित किया। केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों ने कई विधेयकों को महीनों तक लंबित रखने, या तो उन्हें मंजूरी देने से इनकार करने या राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखने के दोनों राज्यपालों के फैसले को चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

## भारत ने न केवल युद्ध जीता बल्कि सत्य, संयम और शक्ति का अद्भुत उदाहरण भी दिया

# आतंकवाद और छद्म युद्ध के जरिए खुद को प्रासंगिकता बनाये रखना चाहता है पाकिस्तान : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता < करगिल
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है तथा वह आतंकवाद एवं छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। मोदी कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर द्रास में युद्ध स्मारक पर सेवारत और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान को अतीत में अपने सभी अनैतिक और शर्मनाक प्रयासों के लिए हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने जम्मू कश्मीर में बढ़ते आतंकी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, पाकिस्तान हमेशा अतीत में विफल रहा हैं, लेकिन उसने अपने अतीत से कुछ नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, तो मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे बहादुर जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। वर्ष 1999 के करगिल युद्ध के बारे में मोदी ने कहा कि भारत ने न केवल युद्ध जीता बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा, करगिल में हमने न केवल युद्ध जीता बल्कि हमने 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। आप जानते हैं, भारत उस समय शांति की कोशिश कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना अविश्वसनीय चेहरा दिखाया। लेकिन सत्य के सामने झूठ और आतंक की हार हुई।



मोदी ने अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस और उसके विपक्षी सहयोगियों पर भी कटाक्ष किया और उन पर इसका राजनीतिरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर दिया कि सेना में अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाना और युद्ध के लिए उन्हें फिट रखना है। कांग्रेस पर परोक्ष हमला करते हुए कहा, कुछ लोग सोचते थे कि सेना का मतलब राजनेताओं को सलामी देना और परेड करना है, लेकिन हमारे लिए सेना का मतलब 140 करोड़ देशवासियों की आस्था है। अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाना है, सेना को लगातार युद्ध के लिए फिट रखना है। दुर्भाग्य से, कुछ लोगों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े ऐसे संवेदनशील मुद्दे को राजनीति का विषय बना दिया है। ये वही लोग हैं जिन्होंने हजारों करोड़ के घोटाले करके हमारी सेना को कमजोर किया है। प्रधानमंत्री ने किसी विपक्षी दल का नाम लिए बिना कहा कि ये वही लोग हैं जो चाहते थे कि भारतीय वायुसेना को कभी आधुनिक लड़ाकू विमान न मिले। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं जिन्होंने तेजस लड़ाकू विमान को खत्म करने की तैयारी कर ली थी। सच्चाई यह है कि अग्निपथ योजना देश को मजबूत करेगी। मोदी ने कहा कि कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि सरकार पेंशन लागत बचाने के लिए अग्निपथ योजना लेकर आयी है। उन्होंने कहा, आज भर्ती होने वाले सैनिकों पर पेंशन का बोझ 30 साल बाद आयेगा, इसलिए इस योजना के पीछे यह कारण नहीं हो सकता। हमने सशस्त्र बलों द्वारा लिये गये इस फैसले का सम्मान किया है क्योंकि हमारे लिए देश की सुरक्षा राजनीति से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इन लोगों ने वन रैंक वन पेंशन के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए और इस मामले में झूठ बोला। हमारी सरकार ने वन रैंक-वन पेंशन लागू की और पूर्व सैनिकों को 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिये। ये वही लोग हैं जिन्होंने आजादी के सात दशक बाद भी शहीदों के लिए युद्ध स्मारक नहीं बनवाया। सीमा पर तैनात हमारे सैनिकों को पर्याप्त बुलेटप्रूफ जैकेट नहीं दिए और कारगिल विजय दिवस की अनदेखी करते रहे। प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, ÷कुछ ही दिनों में 05 अगस्त को अनुच्छेद 370 को समाप्त हुए पांच साल हो जायेंगे।

## सुलतानपुर की अदालत में पेश हुये राहुल गांधी

**सुलतानपुर।** कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मानहानि के एक मामले में विशेष न्यायालय में हाजिर हुये। उन्होने अदालत में सफाई देते हुये कहा कि वह



निर्दोष हैं और एक राजनीतिक षडयंत्र के तहत उन्हे फंसाया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष और वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए चार अगस्त 2018 को मानहानि का मामला दर्ज कराया गया था। अदालत ने इस मामले में राहुल गांधी को पिछली 20 फरवरी को जमानत दी थी और मामले में सुनवाई के लिए पेशी थी। गांधी ने एमपी/एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश शुभम वर्मा के समक्ष आज करीब 16 मिनट तक रह कर अपना बयान दर्ज कराया। जज ने वादी के अधिवक्ता से साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले में 12 अगस्त की तारीख नियत की है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के बेंगलूर में चुनावी सभा के दौरान राहुल गांधी ने अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी, जिसको लेकर सुलतानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

## ममता ने बंगाल, बिहार, झारखंड और असम को बांटने की कोशिश का आरोप लगाया



**कोलकाता/वार्ता।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल, असम, बिहार और झारखंड को बांटने की कोशिश की जा रही है तथा वह नयी दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में इस विभाजनकारी रवैये का विरोध करेंगी। राष्ट्रीय राजधानी रवाना होने से पूर्व बनर्जी ने अपने भतीजे एवं पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ यहां संवाददाताओं से कहा, हालिया केंद्रीय बजट भेदभावपूर्ण और पूरी तरह से राजनीतिक रूप से पक्षपाती है, जिसमें विपक्षी दलशासित राज्यों को वंचित किया गया है। मैं नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल के साथ किये जा रहे राजनीतिक भेदभाव का विरोध करूंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल आर्थिक नाकेबंदी, भौगोलिक नाकेबंदी, राजनीतिक नाकेबंदी और अन्य भेदभाव का सामना कर रहा है और इसके समेत बिहार, असम और झारखंड को विभाजित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि आर्थिक और भौगोलिक नाकेबंदी लगाते हुए पश्चिम बंगाल को विभाजित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# चना वितरण को लेकर बघेल ने बघेल को घेरा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राशन दुकानों से चना वितरण में गड़बड़ी और कमी के प्रश्नों पर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने पहले इंकार करने के बाद स्वीकार करते हुए कहा कि 155 टन कम था। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने चने की कमी वाले दुकानों पर कार्रवाई करने की व्यवस्था दी।

तारांकित प्रश्नकाल के दौरान भूपेश बघेल ने शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में चना वितरण न होने का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि मार्च में किए गए चने में कितने मात्रा को अधिकता या कमी पाई गई? मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि चना वितरण में थोड़ा विलंब हुआ है क्योंकि खुली निविदा दरों में वृद्धि और भारत सरकार से चना आबंटन में विलंब हुआ था। लेकिन वितरण जारी है। पूर्व सीएम बघेल ने पूछा कि चने की गुणवत्ता सी जांच कब कब कराई गई। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने पिछले दिनों गुणवत्ताहीन चने की पैकेट आपको सौंपा है। इस पर मंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने जो पैकेट लाया था वह पीडीएस वितरण वाला नहीं था। भूपेश ने 2-3 माह से चना वितरण नहीं होने की बात कही तो मंत्री ने विलंब होने की। भूपेश ने पूछा कि जिन महीनों में नहीं दिया गया उन महीनों का भी अब देंगे। दयाल दास ने कहा मई जून जुलाई तीनों महीनों का 31 जुलाई तक वितरण किया जाएगा। चना वितरण में विलंब हुआ है लेकिन कमी नहीं है। इस पर भूपेश में प्रपत्र में दी गई जानकारी के हवाले से कहा कि कमी स्वीकारा गया है, दोषियों पर कार्रवाई करेंगे? मंत्री ने कहा कि मार्च 24 के स्टाक में 155 टन कम पाया गया। यह कमी लोस चुनाव आचार संहिता के कारण था। आपके समय में भी 2019 में सात माह नहीं बांटा गया। और अब हम एक साथ तीन माह का दे रहे। पूर्व सीएम ने पूछा कि कमी के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई करेंगे? मंत्री बघेल ने बताया कि 830 दुकानों के स्टाक में कमी मिली। इनमें से 109 दुकानें निलंबित, 30 का आबंटन रद्द, 106 से स्टाक की वसूली के लिए आरआरसी जारी, 6 दुकानदारों पर एफआईआर किया गया है। भूपेश ने केवल चने की कमी वाले दुकानों पर कार्रवाई की मांग की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंत्री से कहा कि जहां जहां कम पाया गया है, जांच कराकर कार्रवाई करा लें।

## प्रदेश में जिला खाद्य अधिकारी की नियमित पदस्थापना पर उठे सवाल, सिर्फ 12 जिलों में है नियमित खाद्य अधिकारी

प्रदेश में जिला खाद्य अधिकारियों की नियमित पदस्थापना पर विधानसभा में सवाल उठे। नियमित खाद्य अधिकारियों की जगह प्रभारी खाद्य अधिकारियों को प्रभार दिए



जाने पर प्रश्न पूछते हुए नियमित खाद्य अधिकारियों की पदस्थापना की दिशा में सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी विधानसभा में मांगी गई। विधायक इंद्र शाह मंडावी ने प्रश्न पूछा कि प्रदेश के खाद्य विभाग में कितने जिले में नियमित खाद्य अधिकारी कार्यरत है तथा कितने जिले में प्रभारी खाद्य अधिकारी कार्यरत है जिलावार बतावे? प्रदेश के खाद्य विभाग में नियमित खाद्य अधिकारी के होने के उपरांत भी बड़े-बड़े जिलों में कनिष्ठ सहायक खाद्य अधिकारी पदस्थ है, यदि हां तो क्यों? उपरोक्त अनियमितता को सुधार कर सभी जिलों में नियमित खाद्य अधिकारियों की पदस्थापना कब तक की जाएगी? जिसके जवाब में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने बताया कि 12 जिलों में नियमित खाद्य अधिकारी है, तथा 21 जिले में प्रभारी खाद्य अधिकारी कार्यरत है। 12 जिलों में नियमित खाद्य अधिकारी कार्यरत होने के अलावा शेष जिलों में नियमित खाद्य अधिकारी नहीं होने के कारण विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कार्यों के संपादन हेतु सहायक खाद्य अधिकारियों को प्रभार दिया गया है। खाद्य नियंत्रक एवं खाद्य अधिकारियों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती एवं पदोन्नति की कार्यवाही प्रक्रिया धीन हैं। सीधी भर्ती एवं पदोन्नति उपरांत नियमित खाद्य अधिकारियों की पदस्थापना की जा सकेगी। मंत्री के जवाब के अनुसार बस्तर, धमतरी, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, कवर्धा, कोरबा, मुंगेली, रायगढ़, रायपुर, सक्ती, बेमेतरा में नियमित खाद्य अधिकारी पदस्थ हैं। बीजापुर में डिप्टी कलेक्टर को खाद्य अधिकारी का प्रभार दिया गया है। बाकी जिलों में प्रभारी खाद्य अधिकारी पदस्थ है।

## विष्णु के सुशासन में दिव्यांगों को मिल रही सुविधा, नन्हीं वर्षा को मिला व्हीलचेयर अब आसान हुआ सफर



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार प्रदेश में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू हुई है। राज्य के निःशक्तजनों के लिए सरकार सहारा बन रही है। जिसके समाज कल्याण विभाग के माध्यम से राहत पहुंचाने का कार्य हो रहा है। निराश्रित, बुजुर्ग एवं दिव्यांग हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाओं पर काम हो रहा है। जिला कांकेर, ग्राम गोतपुर आवास पारा निवासी 13 वर्षीय कुमारी वर्षा 80 प्रतिशत दिव्यांग है और चलने-फिरने में अक्षम है। उसे कहीं भी जाने के लिए दूसरे पर निर्भर रहना पड़ता था। अब उसकी राहे आसान हो गई है और वह अपना सफर पूरा करने के लिए खुद सक्षम है। क्योंकि समाज कल्याण विभाग द्वारा व्हील चेयर प्रदान किया गया। व्हील चेयर मिल जाने से अब उन्हें गांव से बाहर आने-जाने में आसानी होगी। समाज कल्याण विभाग की अधिकारी क्षमा शर्मा ने बताया कि दिव्यांग वर्षा के पिता कमलेश के द्वारा व्हीलचेयर प्रदान करने हेतु आवेदन किया गया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण कार्यालय परिसर में व्हीलचेयर प्रदान किया गया।

## दोपहिया वाहन कर्मचारियों को दफ्तर आते-जाते समय करना होगा हेलमेट का उपयोग, यातायात नियम का करना होगा पालन, ज़िला प्रशासन ने जारी किया आदेश

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में हुई ज़िला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बेमेतरा जिले में हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी को कहा था कि जिले के सभी सरकारी जिला प्रमुखों को अवगत कराएं कि वे अपने अधिकारी-कर्मचारियों को समझाईश दें कि जो दोपहिया वाहन से दफ्तर आते-जाते समय हेलमेट का उपयोग करें। ताकि उन्हें इसकी नियमित आदत हो जाए और वे जब भी दोपहिया वाहन का उपयोग करेंगे तो हमेशा हेलमेट पहनकर ही निकलेंगे। सभी विभाग के अधिकारी पहल करे तो काफी हद तक यातायात नियम का पालन होगा।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक में समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि, 01.01.2024 से 15.07.2024 की अवधि में घटित सड़क दुर्घटनाओं में घायल एवं मृत व्यक्तियों की संख्या सबसे ज्यादा दुपहिया वाहन चालकों की रही है। यह भी पाया गया है कि इन दुर्घटनाओं में दुपहिया वाहन चालकों



की मृत्यु / गंभीर चोट हेलमेट न लगाने के कारण हुई है। मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129 के तहत दुपहिया वाहन चालकों को वाहन चालन के दौरान हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुये सुरक्षा के दृष्टिकोण से समस्त शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने कार्यालय आने-जाने हेतु दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। यह आदेश बैंक कर्मचारियों, सहकारी समिति के कर्मचारियों और समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के कर्मचारियों पर भी लागू होगा। आदेश का उल्लघंन करने वाले अधिकारी / कर्मचारी के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम और तत्संबंध में बनाये गये नियमों के तहत सख्त कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर के निर्देश पर इस आशय के आदेश अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी के हस्ताक्षर से जारी कर दिए गए हैं। बैठक में कलेक्टर शर्मा ने कहा था कि जिले के सभी खुलने वाले स्कूल-कॉलेजों, शासकीय व निजी व आईटीआई में भी दुपहिया वाहनों से आने वाले छात्र हेलमेट पहनकर आए यह सुनिशिचित किया जाए। पालन कराने के लिए संबंधित संस्था के प्राचार्य उत्तरदायी होंगे। यह निर्णय सड़क दुर्घटनाओं में दो पहिया वाहन चालकों की मौत की घटनाओं को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने जिले के सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कहा कि कार्यालय के सामने ही सूचना चस्पा किया जाए कि कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व आमजन, जो दो पहिया वाहन में आते है सभी हेलमेट पहन कर कार्यालय आए। हेलमेट पहन कर नहीं आने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के प्रवधानों के तहत कार्रवाई की जाए।

# नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर समस्याओं का निदान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में नागरिकों की समस्याओं को हल करने विभागीय अधिकारियों, नगर निगमों के आयुक्तों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को समुचित इंतजाम के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वार्डों में आयोजित शिविरों में महापौरों, अध्यक्षों, पार्षदों और अन्य जन प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने की अपील की है, ताकि इनमें आमजन की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता हो सके। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राज्य की सभी 184 नगरीय निकायों में लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए वार्डवार शिविर आयोजित कर उनका मौके पर ही निराकरण के निर्देश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को दिए हैं। उन्होंने कहा कि वार्डवार शिविरों के आयोजन से स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निदान होगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मिलेंगी।

**उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों के सभी विभागों के अधिकारियों को शिविरों में मौजूद रहकर लोगों की दिक्कतें दूर करने के दिए निर्देश**

समस्याओं का निराकरण मौके पर ही शीघ्रता से होने से शहरी सरकार के प्रति लोगों में सद्भाव भी बढ़ेगा। राज्य शासन द्वारा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के आयोजन के लिए नगरीय निकायों को जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि स्थानीय रहवासियों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना निकाय का मुख्य दायित्व है। नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य होते हैं, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है। इनके साथ ही जलापूर्ति में लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों व गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट्स का बंद रहना जैसी समस्याएं भी होती हैं। वार्डवार जनसमस्या निवारण शिविरों का उद्देश्य इन समस्याओं के निराकरण के साथ ही नागरिकों को जरूरी जन सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। नगरीय प्रशासन विभाग ने नगरीय निकायों के सभी विभागों के अधिकारियों को शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण यथासंभव मौके पर ही करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिविरों में करदाताओं को करों के भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग ने वार्डवार शिविरों के आयोजन के संबंध में वार्ड एवं नगर में व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि आम नागरिक शिविर का पूरा लाभ प्राप्त कर सके।

## चोरी के बाद युवक की बेरहमी से पिटाई, चार कैंटीन कर्मी गिरफ्तार



**रायपुर।** राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन से बिस्किट का पैकेट चोरी करने पर रेलवे कैंटन कर्मचारियों ने एक युवक की पहले बेरहमी से पिटाई की फिर उसके पैर में रस्सी बांधकर प्लेटफार्म पर घसीटा। स्टेशन पर मौजूद वहां किसी यात्री ने इस घटना का वीडियो बना लिया और इसे वायरल कर दिया है। वीडियो वायरल होने पर रायपुर जीआरपी हरकत में आया। जीआरपी ने इस घटना को अंजाम देने वाले चार कैंटीन कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया है। उधर पकड़े गए आरोपित कुछ और ही बता रहे हैं,युवक नशे में धुत्त था,जब पैसे व सामान चोरी करते पकड़ा गया तो पिटाई करने पर जमीन में लेट गया। जीआरपीएफ ने कह दिया थाने ले जाओ, युवक उठ ही नहीं रहा था इसलिए घसीटकर थाने ले गए। प्लेटफार्म नंबर 5 की घटना है।

## हमारा छत्तीसगढ़ बन रहा है पर्यटन संपन्न, बिलासपुर और जगदलपुर स्वदेश दर्शन 2.0 में शामिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की नैसर्गिक खूबसूरती और गौरवशाली आदिम संस्कृति को देखते हुए भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा बिलासपुर और जगदलपुर को स्वदेश दर्शन 2.0 में शामिल किया गया है। जशपुर के अप्रतिम प्राकृतिक स्थल 'मयाली बगीचा' के विकास के लिए इसे उप-योजना 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' में शामिल किया गया है। इसके अलावा सूरजपुर जिले के धार्मिक स्थल कुदरगढ़ मंदिर के कायाकल्प के लिए इसे 'प्रसाद' योजना में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ के धार्मिक और पर्यटन स्थल की भव्यता एवं उसके कायाकल्प के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा इन जगहों का चयन किया जाना। प्रदेशवासियों के लिए खुशी का विषय है। जिसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के 3 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का सहृदय आभार व्यक्त किया है।

## पात्र राशन कार्डधारियों को राशन का नियमित वितरण

**रायपुर।** कबीरधाम जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा के राशन दुकानों की खाद्य निरीक्षक जांच किया। जांच में राशन दुकानों में माह जुलाई 2024 के आवंटन का राशन भंडारण होना किया गया है तथा दुकान संचालक के द्वारा दिनांक 24 एवं 25 जुलाई 2024 को 250 राशनकार्डधारी को बायोमेट्रिक में उंगली का निशान लेकर राशन वितरण किया जाना पाया गया। खाद्य निरीक्षक सहसपुर लोहारा को उपस्थित ग्राम पंचायत रक्से के सरपंच एवं अन्य ग्रामीणों ने बतलाया कि विक्रेता द्वारा बायोमेट्रिक कराए गए राशनकार्डधारी को कल राशन दे दिया गया है एवं शेष बचे राशन कार्ड धारी को राशन वितरण कार्य किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में उचित मूल्य की दुकान संचालकों की बैठक लेकर सभी पात्र राशनकार्डधारियों को राशन वितरण के निर्देश दिए गए थे, उक्त निर्देशों के परिपालन में उचित मूल्य की दुकान संचालकों के द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों को माह जुलाई 2024 के राशन का वितरण किया जा रहा है। गत दिवस बायोमेट्रिक कराए जाने के बाद भी सेल्समेन नहीं दे रहा ग्रामीण राशनकार्डधारी को चावल शीर्षक से मीडिया में प्रकाशित शिकायत की खाद्य निरीक्षक सहसपुर लोहारा के द्वारा जांच किया गया। जॉच में शिकायत निराधार पाया गया।

## कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 527 शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com


कारगिल विजय दिवस 25वें वर्ष के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर सहित पुलिस अधिकारियों, पूर्व सैनिकों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा कारगिल युद्ध में अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले 527 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने देश की सुरक्षा में अपनी शहादत देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की सीमाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में तैनात जवान विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी तत्परता के साथ करते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के सी. ई.ओ. सुमित अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर सहित सैनिक कल्याण बोर्ड के कैप्टन संजय शुक्ला के अलावा एनएसएस एवं एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपस्थित जनों के द्वारा शहीद स्मारक पर गॉर्ड ऑफ ऑनर के साथ पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही बाइक रैली को कलेक्टर द्वारा हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया, जो शहर के घड़ी चौक में जाकर समाप्त हुई। रैली के बाद कारगिल युद्ध में शहीद हुए सेना के जवानों की स्मृति में वृक्षारोपण करने नागरिकों को पौधै वितरित किए गए।

# शराब कोचिया पर लगाम क्यो नही?

## शराब की ओवर रेट बिक्री को लेकर कार्यवाही पर उठ रही ऊंगली

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



शराब कोचियों को आखिरकार किसकी संरक्षण है, जिसके चलते क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री जोरों पर है। संबंधित विभागीय अधिकारी एक तरफ अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही का दंभ भरता है। वहीं शराब कोचिया रात दस बजे के पश्चात अधिकारियों से सेंटिंग की बात करता है ।अब सवाल यह उठता है कि संबंधित विभाग अवैध शराब बिक्री को नेस्तनाबूद करने में क्यो विफल हो रहे हैं?, क्या शराब कोचिया का कथन धरातल के करीब है। यह सवाल लोगों के जेहन से बार बार उठ रही है। शराब की अवैध बिक्री के मामले पर क्षेत्रवासियों आरोप है कि संबंधित विभाग के संक्षम अधिकारी कोचियों पर एक बार कार्यवाही कर अपने कर्तव्यों का इतिश्री कर दे रहे हैं, लिहाजा उस शराब कोचियों को इस कार्यवाही के पश्चात किसी ताकत का बल मिल जा रहा है। और वह फिर निर्भिक रूप से अवैध शराब बिक्री के धंधे को गति दे रहे हैं। बीते दिन आबकारी विभाग के खरोरा तिल्दा वृत्त अधिकारी ने एक ब्यक्ति को 18 पौवा शराब की परिवहन करते हुए पकड़कर धारा 34 ( 1 ) क ख के तहत कार्यवाही किया है। इससे हालांकि संबंधित अधिकारी का सीना तन गया है। लेकिन इस प्रकार की कार्यवाही के पश्चात अवैध शराब बिक्री का ग्राफ कितना गिरा है, इसे आंकलन करने की आवश्यकता है। इसी तरह शराब दुकानो पर ओवर रेट के मामले पर विभागीय कार्रवाई पर भी लोगों की उंगलियां उठ रही है। विश्वस्त सूत्रों का माने तो जहां वृत्त अधिकारी एक तरफ ओवर रेट बिक्री को लेकर कार्यवाही की दंभ भर रहे हैं, लेकिन वहीं धरातलीय स्थिति कुछ और बयां कर रही है। जो आगामी समय में स्पष्ट हो सकता है।

# प्रदेश के 4 नगरीय निकायों में 500 सीटर व 9 में 200 सीटर लाइब्रेरी बनेगी, इसमें बलौदाबाजार भी शामिल रायपुर के नालंदा की तर्ज पर नगर में बनेगी अत्याधुनिक लाइब्रेरी

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार सेल फोरलेन की घोषणा के बाद रायपुर के नालंदा की तर्ज पर हाईटेक लाइब्रेरी की एक और बड़ी सगौत जिलेवासियों को मिलने वाली है। लाइब्रेरी निर्माण के प्रस्ताव को वित्त विभाग से हरी झंडी मिल गई है। लाइब्रेरी को नॉलेज बेस्ड सोसायटी यानी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में बलौदाबाजार सहित प्रदेश के अलग-अलग 13 स्थानों में स्थापित किया जाएगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जिले के युवाओं को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी के लिए 85 करोड़ 42 लाख रूपए से अधिक की राशि वित्त विभाग ने स्वीकृत की हैं। प्रदेश के 4 नगरीय निकायों में 500 सीटर और 9 नगरीय निकायों में 200 सीटर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। 2 वर्ष पूर्व भी यहां नालंदा की तर्ज पर डीएमएफ फंड से लाइब्रेरी बनाने की योजना तत्कालीन कलेक्टर रजत बंसल के कार्यालय के दौरानी बनाई गई थी, लाइब्रेरी की जगह के लिए ब्रिटिशकालीन क्लब ग्राउंड की खाली पडी जमीन का चयन किया गया था मगर जगह को लेकर विवाद और इसी दौरान कलेक्टर का तबादला हो जाना ये दो वजहें थी, जिसके कारण यह ठंडे बस्ते में चला गया था। 1888 वर्ग मीटर में लाइब्रेरी, गॉर्डनिंग समेत इंडोर स्पोटर्स शहर के युवाओं के लिए क्लब ग्राउंड अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए बेहद खास जगह होगी। इस परिसर में मनोरंजक चौपाटी जैसे ढांचे के साथ ही लाइब्रेरी की सुविधा भी होगी। गॉर्डनिंग आदि सुविधाओं से सुसज्जित इस परिसर में आधुनिक लाइब्रेरी भी होगी जिसमें सभी विषयों से संबंधित अच्छी पुस्तकों का शानदार कलेक्शन होगा। आधुनिक लाइब्रेरी में ये सुविधाएं मिलेगी रीडिंग जोन-भूतल पर पाठकों के लिए रीडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रकार की हजारों पुस्तकें अध्ययन करने के लिए यहाँ मौजूद रहेंगे। ई लर्निंग जोन - इस तीन मंजिला लाइब्रेरी में दूसरी मंजिल पूरी तरह से ई लर्निंग के लिए समर्पित है। यहाँ ई-पुस्तकें पढ़ने के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स उपलब्ध है। वाईफाई से लैस होगा। किड्स जोन - आखिरी मंजिल पर स्कूली बच्चों के लिए किड्स जोन बनेगा। यहां उनके लिए किताबों के अलावा शतरंज जैसे बौध्दिक एवं मनोरंजक खेल भी उपलब्ध होंगे। शहर में ही रहकर परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं उल्लेखनीय है कि यह उन विधार्थियों के लिए लाभदायक होगा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छोटे शहरों से जो छात्र अध्ययन के लिए बडे शहरों की ओर रुख करते थे वे अब शहर में ही रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते है। लाइब्रेरी निर्माण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करना है। बलौदाबाजार विधायक व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने जिलेवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह युवाओं के अध्ययन के लिए यह बेहतर सुविधा मिलेगी। हमारे नगर के संवाददाता दिलीप माहेश्वरी ने विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों से बातचीत की जनप्रतिनिधियों ने बताया बलौदा बाजार के लिए गौरवशाली युवाओं को नालंदा परिसर लाइब्रेरी के रूप में उपहार प्रदान किया है मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हैं।

भाजपा नेता योगेश अग्रवाल ने कहा डबल इंजन सरकार युवाओं के भविष्य संवारने के लिए प्रतिबद्ध है शिक्षा के क्षेत्र में जिला के युवाओं के भविष्य संवारने की ललक



रखने वाले विधायक के प्रयासों से लाबित मांग पूरी हो गई है, जिले में लाइब्रेरी का निर्माण होने से जिले युवाओं को ज्ञान अर्जित करने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने में आसानी होगी हम सब जिला जिलावासियों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वित्त मंत्री ओपी चौधरी विधायक टंकराम वर्मा का बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं।

**छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के भविष्य सवारने के लिए प्रतिबद्ध हैं : चितावर जायसवाल**



हमारी सरकार युवाओं के भविष्य संवारने के लिए प्रतिबद्ध है जिले में लाइब्रेरी निर्माण होने से जिले के युवाओं को ज्ञान अर्जित करने का लाभ मिलेगा यह योजना विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभदायक होगा जो छोटे शहर में रहकर उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं लाइब्रेरी निर्माण से इनको बहुत लाभ होगा।

**परीक्षा की तैयारी करने में मिलेगी मदद : राजेश वैष्णव**



लाइब्रेरी खुलने से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी मदद मिलेगी लाइब्रेरी खुलने से शिक्षा के क्षेत्र में जिले के युवाओं को भविष्य संवारने का एक अच्छा प्लेटफार्म मिलेगा।

**लाइब्रेरी सुविधाजनक साबित होगी : वंशिका केसरवानी**



एमबीए की छात्रा वंशिका केसरवानी ने बताया युवाओं को प्रतियोगिता परीक्षाओं के तैयारी के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए यह लाइब्रेरी बनाई जाएगी इस लाइब्रेरी का लाभ हम लोग को मिलेगा उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने पर जिले के युवाओं को बड़ी सौगात मिली है हम मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं।

**जिले के युवाओं के लिए बड़ी सौगात लेकर आया है : अदिति पवार**



शहर के लिए इतनी बड़ी लाइब्रेरी बना खुशी की बात है इस लाइब्रेरी के खुलने से आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को मदद मिलेगी लाइब्रेरी बनने से युवाओं में खुशी की लहर है पुस्तकालय एक बहुत ही उपयोगी मंच है जो हमें सीखने और अपने ज्ञान का विस्तार करने में मदद करता है।

# बच्चों ने पारम्परिक लोकनृत्यों से दिया अनेकता में एकता का संदेश

## जनजातीय नायकों के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया







पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारत के गौरवशाली इतिहास व संस्कृति परंपराओं से बच्चों को परिचित कराने सांस्कृतिक दिवस का शानदार आयोजन प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में25 जुलाई को सम्पन्न हुआ। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने स्वयं पारम्परिक जनजाति वेशभूषा धारण कर बच्चों को अपने पारम्परिक जनजाति परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सामुहिक लोकनृत्य से अनेकता में एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर पारम्परिक वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन भी किया। बच्चों नेबविभिन्न राज्य की वेशभूषा धारण कर भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया शिक्षिका ने लोककला व संस्कृति को शिक्षा से जोड़ते हुए बोली जाने वाली भाषा, खानपान, पहनने वाली व वेषभूषा ,स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय नायकों के गौरवशाली इतिहास से बच्चों को परिचित कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# बस्तर दशहरा की तैयारियों के लिए मांझी चालकियों से चर्चा



पायनियर संवाददाता ⟨ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विजय दयाराम के.ने बस्तर दशहरा की तैयारियों के लिए मांझी चालकियों से चर्चा की, बस्तर दशहरा के शुरुआत पाट जात्रा विधान से होती है, इस वर्ष 4 अगस्त को पाट जात्रा की रस्म अदायगी की जाएगी। इसबस्तर दशहरा की तैयारियों के लिए मांझी चालकियों से चर्चा, जगदलपुर, कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बस्तर दशहरा की तैयारियों के लिए मांझी चालकियों से चर्चा की, बस्तर दशहरा के शुरुआत पाट जात्रा विधान से होती है, इस वर्ष 4 अगस्त को पाट जात्रा की रस्म अदायगी की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सी पी बघेल, एसडीएम भरत कौशिक, तहसीलदार जगदलपुर एवं सदस्य सचिव बस्तर दशहरा रूपेश मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सी पी बघेल, एसडीएम भरत कौशिक, तहसीलदार जगदलपुर एवं सदस्य सचिव बस्तर दशहरा रूपेश मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन का चुनाव, प्रचार में जुटे प्रत्याशी

पायनियर संवाददाता ⟨ किरंदुल
www.dailypioneer.com



बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव 31 जुलाई को प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होकर अपरान्ह 3 बजे सम्पन्न होगी। 31 जुलाई को ही मतगणना कर निर्वाचित प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।इस बार बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में 2 पैनल आमने-सामने इस दंगल में उतरे हैं।अध्यक्ष पद के लिए विकाश पैनल के राकेश सिंह गौतम, तो वहीं एकता पैनल से तरुण सोनी के बीच मुकाबला है।वहीं दोनों पैनल के कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया हैं। युद्ध स्तर पर चल रहे चुनाव प्रचार में लगे दोनों ही पैनल के पदाधिकारी एवं सदस्य भारी बरसात में भी अपना पसीना बहा रहे हैं।साथ ही दोनों दल अपने पूरे पैनल की जीत का दावा कर रहे है।वहीं राकेश सिंह गौतम अपने पैनल के साथ सदस्यों के घर-घर जाकर जन सम्पर्क कर दिये है।साथ ही राकेश सिंह गौतम अपने पूरे पैनल की ऐतिहासिक जीत का दावा कर रहें है और रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कराने की बात कहीं हैं।

# पुलिस ने नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले फरार आरोपी को चंद घंटों में किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रार्थी ने थाना आकर मौखिक गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उनकी नाबालिग बेटी 17 जुलाई को शाम 4 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। उन्होंने आस-पास और रिश्तेदारों में तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। 18 जुलाई को गुम इंसान एवं अपराध धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान गुम इंसान पीड़िता को 25 जुलाई को दस्तयाब किया गया। महिला अधिकारी ने पीड़िता से पूछताछ की तो उसने बताया कि, आरोपी हबित (कुलदिप) हरिजन, ग्राम चिताबेड़ा, उड़ीसा, ने नाबालिक जानते हुए उसे भगाकर जबरदस्ती बलात्कार किया और फिर उसे बस में बैठाकर वापस घर छोड़ दिया और फरार हो गया। प्रकरण में आरोपी के ख़िलाफ धारा 64 (ड) बीएनएस और 6 पोक्सो एक्ट की धारा जोड़ी गई। मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि, आरोपी हबित (कुलदिप) हरिजन ग्राम दाबूगांव, थाना दाबूगांव, उड़ीसा में छुपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और पूछताछ करने पर उसने घटना को स्वीकार किया। 26 जुलाई 2024 को आरोपी हबित (कुलदिप) हरिजन को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कोंडागांव में रिमांड पर पेश किया गया।

# बाढ़ पीड़ितों के घर-घर जाकर स्वास्थ्य अमला द्वारा किया जा रहा हैं स्वास्थ्य जांच



**किरंदुल।** किरंदुल में आई आपदा के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों के घर घर जाकर पीड़ितों का स्वास्थ्य जांच किया जा रहा हैं साथ ही दवाई भी वितरण किया जा रहा हैं। बता दें किरंदुल में डेंगू के मरीज़ प्रतिदिन देखे जा रहें हैं। जिसके रोकथाम हेतु भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक 04 एवम वार्ड क्रमांक 05 के प्रत्येक घरों में जाकर डेंगू, मलेरिया एवम अन्य मौसमी बीमारी की जांच किया गया।बीएमओ डॉ देशदीपक ने बताया कि किरंदुल नगरपालिका क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य विभाग की 11 टीम बनाई गई हैं। टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर मलेरिया डेंगू एवम डायरिया का स्क्रीनिंग किया जा रहा हैं।साथ ही बदन दर्द, सिर दर्द एवम अन्य मौसमी बीमारियों के लिए दवा का किट बनाया गया हैं। जिन्हें जरूरतमंदों को वितरण किया जा रहा हैं। इसके अलावा सर्वे के अनुसार 2-3 दिन के भीतर फॉलोअप हेतु पुनः उक्त घरों का दौरा किया जाएगा।

# एनएमडीसी द्वारा सड़कों एवं घरों में जमे मलबा को करवाया जा रहा हैं साफ



पायनियर संवाददाता ⟨ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी की किरंदुल पहाड़ी में स्थित 11 सी लौह अयस्क खदान का तटबंध टूटने से रविवार को आई बाढ़ के कारण सैकडों घर प्रभावित हुए थे।बता दें पहाड़ी के ऊपर से पानी का सैलाब मलबा लिए हुए शहर में घुसा जिससे मुख्य सड़कों एवम प्रभावितों के घरों में मलबा जमा हुआ हैं। जिसे एनएमडीसी और नगरपालिका द्वारा साफ करवाया जा रहा हैं। बाढ़ से 11 बी जाने वाली मार्ग क्षतिग्रस्त हो गई थीं जिसे एनएमडीसी द्वारा मलबा हटाकर मरम्मत किया गया।साथ ही शुक्रवार सुबह से नगर के बंगाली कैम्प, सुभाष नगर, गाडर पुलिया,भरतपुर कैम्प, मलप्पा कैम्प के सड़को एवम घरों में जमे मलबे को एनएमडीसी, नगरपालिका व जिला प्रशासन द्वारा साफ कर मलबे को हटाया जा रहा हैं।

# कोंडागांव में किया गया जय हिंदू राष्ट्र मोर्चा का पुनर्गठन, हेमंत बने जिला अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले में विगत कई वर्षों से हिंदू-हित को लेकर सक्रियता के साथ जय हिंदू राष्ट्र मोर्चा के बैनर तले भ्रष्टाचार, धर्मान्तरण, गौहत्या, जनहित मुद्दो के लिए लगातार कई आंदोलन करने वाले संगठन को पुनः गठित किया गया। नवपदस्थ अध्यक्ष हेमंत कौशिक ने कहा कि, नवीन मोर्चा का गठन कर जनहित मुद्दों धार्मिक मुद्दों पर पहली की भांति हमारी लड़ाई जारी रहेगी। जय हिंदू राष्ट्र मोर्चा के संघठन प्रभारी चंद्रभान श्रीवास्तव ने कहा कि, जय हिंदू राष्ट्र गैर राजनीति संघठन है जिनका प्रमुख कार्य जनता के लिए लड़ना है और उनको अपना अधिकार दिलाना है पहले भी संगठन के बैनर तले हमने 40 दिनों तक लगातार आंदोलन कर एक अधिकारी का भ्रष्टाचार उजागर किया था जनता के लिए लड़ना धार्मिक स्वाभिमान व अन्य हिन्दू हित के मुद्दों गौ रक्षा धर्मान्तरण, गोत्स्कारी में लगाम, भ्रष्टाचार, जनहितमुद्दा हमारी संगठन की पहली प्राथमिकता है। कार्यकारणी के गठन में सर्वसम्मति से हेमंत कौशिक को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। हेमंत ने कहा कि, संगठन मजबूती के साथ भ्रष्टाचार, जनहित मुद्दों के लिए लड़ाई सड़को तक लड़ेगी हमारी पहली प्राथमिकता जनता की सेवा, उनके अधिकारों की रक्षा करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रभान श्रीवास्तव, हेमंत कौशिक, सत्यम विश्वकर्मा, घनश्याम मरकाम, नेहरू मंडावी गणेश मानिकपुरी, हर्ष यादव,नरेंद्र, साजेंद्र बघेल उपस्थित व अन्य उपस्थित रहें।

# गुण्डाधुर महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाकर वीर शहीदों को दिया श्रद्धांजलि




पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के प्राचार्य डॉ सी आर पटेल, शशिभूषण कन्नौजे रासेयो जिला संगठक कोंडागांव एवं समलेश पोटाई (कार्यक्रम अधिकारी रासेयो) के मार्गदर्शन में 26 जुलाई 2024 को महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया गया जिसमे वीर शहीद जवानों के स्मृति पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर 50 से ज्यादा छात्र छात्राएं एवम् समस्त महाविद्यालयीन प्राध्यापक गण उपस्थित रहे, जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
### लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

// निविदा सूचना //
(प्रथम निमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 64/156492 | S/R, MOW, DEPOSIT AND OTHER WORKS AT VIP BUNGLOW SHANKAR NAGAR, SHANTI NAGAR, CIVIL LINE SECTION NO.-4 UNDER SUB-DIVISION NO.-1. RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 93/156493 | WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPERING & PAINTING WORK AT OLD MANTRALAYA SECTION UNDER SUB-DIVISION NO.1 RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 121/156494 | SPECIAL REPAIR MOW AND OTHER DIFFERENT TYPE WORK AT G.A.D. COLONY SECTOR 29 ATAL NAGAR NAVA RAIPUR UNDER SUB DIVISION NO 3 RAIPUR | रू. 30.00 लाख |
| 122/156495 | SPECIAL REPAIR MOW AND OTHER DIFFERENT TYPE WORK AT G.A.D. COLONY SECTOR 27 ATAL NAGAR NAVA RAIPUR UNDER SUB DIVISION NO 3 RAIPUR | रू. 25.00 लाख |
| 123/156143 | WHITE WASHING/ COLOUR WASHING/ DISTEMPERING/ PAINTING WORK AT G.A.D. COLONY SECTOR 27 ATAL NAGAR NAVA RAIPUR UNDER SUB DIVISION NO 3 RAIPUR | रू. 25.00 लाख |
| 124/156497 | WHITE/COLOUR WASHING OF VARIOUS RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDING UNDER SUB DIV., TILDA-NEORA, BLOCK-TILDA, DISTT.-RAIPUR (C.G.) | रू. 49.97 लाख |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.08.2024 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

G-242501346/5


## कमिश्नर ने मुख्य सचिव के वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के अनुरूप कार्यान्वयन पर दिया जोर

# आवारा मवेशियों के नियंत्रण सहित ध्वनि प्रदूषण रोकने करें प्रभावी पहल : कमिश्नर डोमन सिंह

पायनियर संवाददाता ⟨ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर संभाग के अंतर्गत सड़कों में आवारा मवेशियों के नियंत्रण के लिए तैयार कार्ययोजना के अनुसार गौशाला एवं कांजी हाऊस में रखे जाने के साथ ही समुचित कार्यवाही सम्बन्धित विभागों के द्वारा समन्वित रूप से सुनिश्चित किया जाए। वहीं ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण हेतु डीजे लगे वाहनों की जप्ती सहित राजसात की कार्यवाही किया जाए। उक्त निर्देश कमिश्नर बस्तर श्री डोमनसिंह ने मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए गए निदेर्शों के अनुरूप विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों के कार्यान्वयन प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर ने आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने के लिए चिन्हित स्थलों,पशुओं की टेंगिंग,रेडियम पट्टी लगाने सहित गौशाला एवं कांजी हाऊस संचालन की जानकारी ली और गौशाला एवं कांजी हाउस में पर्याप्त जगह,चारे एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यकता के अनुसार आवारा मवेशियों को रखे जाने हेतु गौशाला एवं कांजी हाउस का विस्तार भी किये जाने कहा। उन्होंने नक्सली पीड़ित परिवारों के पुनर्वास हेतु शासन की नीति के तहत कार्यवाही कर प्रभावितों को सहायता प्रदान करने सहित शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किये जाने संवेदनशीलता के साथ पहल करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने केंद्रीय जेल जगदलपुर में बंदियों के लिए अतिरिक्त बैरक निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं भानुप्रतापपुर में निर्मित उप जेल को प्रारंभ करने सहित कोण्डागांव में जिला जेल निर्माण हेतु चिन्हित भूमि के हस्तांतरण की कार्यवाही का संज्ञान लेकर आवश्यक पहल किये जाने कहा। उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ध्यान केंद्रित करने पर बल देते हुए इस दिशा में जनजागरूकता निर्मित करने की आवश्यकता बतायी।

### मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार हेतु सजगता बरतने के निर्देश

कमिश्नर डोमन सिंह ने बारिश के दौरान मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार हेतु सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करने निर्देशित किया कि जिला अस्पताल,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित उप स्वास्थ्य केन्द्रों में मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी स्तरों पर जीवनरक्षक दवाइयों की उपलब्धता को ध्यान रखकर मैदानी स्वास्थ्य कार्यकताओं, मितानिनों सहित अंदरूनी ईलाके के आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों के पास भी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों को दवाइयों के उपयोग के बारे में अवगत करवाने कहा। उन्होंने पालतू मवेशियों में वर्षाजनित मौसमी बीमारियों के नियंत्रण एवं उपचार के लिए भी समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# भाटापारा मे खतरनाक परिस्थिति का मिलता इशारा शराब की बाटल मे मरे हुए कीड़े का दिखा नजारा

## गंभीर परिदृश्य उजागर के बाद भी विभाग की पर्याप्त सक्रियता नही

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

हर उपभोक्ता का प्रथम एवं अहम अधिकार है उसे उचित एवं गुणवत्ता युक्त सामाग्री की प्राप्ति, यदि उसके इस अधिकार का हनन होता है तो निःसंदेह यह परिस्थिति निंदनीय एवं सवालों के घेरे मे खड़ी करने वाली होती है, फिर वह चाहे शराब जैसी वस्तु ही क्यों न हो, लेकिन देखने मे आ रहा है कि बड़े राजस्व के आधार इस विधा मे कमियों खामियों यहां तक संवेदनशील परिस्थिति मे भी पर्याप्त संजीदगी का अभाव दिखाई दे रहा।



### शराब की बोतल मे मिला कीड़ा

संवाददाता को उपभोक्ता के जरिए शराब की एक ऐसी बॉटल प्राप्त हुई जिसमें एक मरा हुआ कीड़ा पड़ा हुआ था, सीलबंद इस देशी शराब मे कीड़ा का होना हैरान करने वाला परिदृश्य था, क्योकि यह परिदृश्य सीधे तौर पर शराब के जोखिम मय परिस्थिति की ओर इशारा कर रही थी, गौरतलब है कि आये दिन मिलावटी शराब या घटिया क्वालिटी के चलते जानलेवा परिस्थिति बनने की घटना देश मे यदाकदा घटती ही रहती है,लिहाजा पत्रकार गणों द्वारा उक्त बाटल को आबकारी विभाग के सुपुर्द करते हुए त्वरित एवं उचित जांच की मांग की गयी।

### आबकारी निरीक्षक का कथन

उक्त बाटल का मुआयना करने के बाद आबकारी निरीक्षक दिनेश कुमार साहू द्वारा कहा गया कि उपरोक्त परिस्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा,उसके बाद उनके निर्देश के अनुसार कार्यवाही की गतिविधि सुनिश्चित होगी,चूंकि यह मामला गंभीर था एवं आशंका से भरा हुआ था कि क्या पता कितने बाटलों मे यह परिस्थिति होगी, लिहाजा कुछ दिनों के उपरांत इस बाबत जानकारी प्राप्त की गयी तो परिस्थिति महज प्रि याओं मे उलझी हुई नजर आ रही है,तथा आबकारी निरीक्षक का कहना है कि उनके द्वारा परिस्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है,

### ठोस पहल एवं सक्रियता की झलक नहीं

शराब मे कीड़ा मिलने जैसी गंभीर परिस्थिति के मद्देनजर देखा जाए और आबकारी निरीक्षक के कथनों के लिहाज से परिस्थिति का आंकलन किया जाए तो इस दिशा मे खास सक्रियता एवं पहल के दर्शन होते हुए प्रतीत नही हो रहा है,वरन इतनी गंभीर एवं संवेदनशील परिस्थिति प्रक्रियाओं मे उलझी हुई नजर आ रही है,जो कि निःसंदेह चिंताजनक है। क्योकि आये दिन जहरीले शराब के चलते होने वाली जान लेवा दुर्घटनाएं सोचने को विवश करती है कि क्या ऐसी ही उदासीनता के चलते ही इस तरह की परिस्थिति का निर्माण होता है।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन के तहत ऋण हेतु आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उद्यम 25 योजनांतर्गत स्वयं का उद्यम स्थापित करने के इच्छुक हितग्राहियों को उद्योग गतिविधि हेतु अधिकतम 50 लाख एवं सेवा उद्योग हेतु अधिकतम 20 लाख तक का ऋण राष्ट्रीयकृत बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराया जावेगा व सामान्य (पुरूष) वर्ग के हितग्राहियों को शहरी क्षेत्रों में प्रतिशत अनुदान एवं स्थापना पर प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में 15 अजा/ अजजा/ पिवर्ग/ अल्पसंख्यक/ महिला/ भूतपूर्व सैनिक/ शारीरिक रूप से विकलांग हितग्राहियों को शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को याद कर किया गया नमन



## तिरंगे से बड़ा कोई सम्मान नहीं और भारतीयता से बड़ी कोई पहचान नहीं : अखिलेश सोनकर

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल धमतरी द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल उद्यान महिमासगर वार्ड शहीदों की याद मैं कारगिल स्मारक पर जवानों को यादकर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जिसमें शहर मंडल महामंत्री नीलेश लूनिया ने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। शहर मंडल महामंत्री अखिलेश सोनकर ने कहा कि आप सभी जानते है हमने 26 जुलाई 1999 को भारत ने पाकिस्तान को युद्ध में हराकर कारगिल पर हमारे देश का तिरंगा लहराया था। इस युद्ध के दौरान भारत देश के लगभग 527 जवानों ने इस वतन के लिए अपनी जान दी। 1400 से अधिक हमारे भारतीय सैनिक घायल हो गए। उनकी याद में हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।इस कार्यक्रम में निलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर, नरेंद्र जयसवाल, श्रवण मेश्राम, विजय ठाकुर, मदन साहू, संतोष सोनकर, कृष्णा हिरवानी, किशोर सोनकर, रवि निर्मलकर, गोलू पटेल, योगी सोनकर एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## पत्रकारों के साथ वार्ता एवं प्रभावी सम्मेलन आज

**धमतरी।** केंद्रीय नेतृत्व के आव्हान पर एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आज 27 जुलाई 2024 को 12 बजे पत्रकार वार्ता, 12:30 को प्रभावी सम्मेलन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए जन कल्याणकारी बजट पर पत्रकारों के साथ वार्ता एवं प्रभावी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमे मुख्य वक्त ा के रूप में सांसद संतोष पांडेय, सांसद राजनांदगांव लोकसभा होंगे। उक्त कार्यक्रम में सभी से उपस्थिति की अपील प्रकाश बैस जिलाध्यक्ष, अविनाश दुबे जिलामहामंत्री भारतीय जनता पार्टी जिला धमतरी ने की है।

# संयुक्त टीम द्वारा औद्योगिक इकाईयों का किया गया निरीक्षण

## नियमों का शतप्रतिशत अनुपालन एवं कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता भाटापारा/बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

संयुक्त टीम द्वारा जिले में स्थापित औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण कर किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 एवं 22 जुलाई को क्रमशः मेसर्स रियल इस्पात प्रावेट लिमिटेड एवं मेसर्स अम्बुजा सीमेंट सयंत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नियमों का शतप्रतिशत



अनुपालन सुनिश्चित करने एवं कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। दोनों इकाईयो में कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों के कल्याण, कारखानों में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपाय के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए। श्रम कल्याण मण्डल एवं भवन एवं अन्य संनिर्माण सन्निर्माण में पंजीयन, वेतन भुगतान के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही करने कहा गया। क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत निरीक्षण किया गया। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा ओवर लोडिंग, वैध लाइसेंस, सुरक्षित परिवहन के सम्बन्ध में जाँच की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा औद्योगिक नीति के तहत स्थानीय रोजगार व शासकीय एवं निजी भूमि आवंटन, भू -अर्जन व उसके उपयोगिता, लीज इत्यादि के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उप संचालक खनिज द्वारा मेसर्स अम्बुजा सीमेंट में माइंस एवं मिनरल्स एक्ट 1957 के तहत उल्लंघन पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। इस दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक नारायण सिंह ठाकुर, सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मनीष कुमार कुंजाम, जिला परिवहन अधिकारी सी. एल.देवांगन, श्रम पदाधिकारी आजाद सिंह पात्रे, सहायक अभियंता पर्यावरण संरक्षण प्रसन्ना सोनकर, खनिज अधिकारी अवधेश बारीक़ सहित औद्योगिक इकाई के अधिकारी मौजूद थे।

# रायपुर रेंज के अंतर्गत तिल्दा वृत्त के कर्मचारी काली पट्टी बांधकर किया विरोध

## वन विभाग के कर्मचारियों ने 9 सूत्री मांग पर किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर 25 जुलाई से 3 अगस्त तक काली पट्टी लगाकर अपना विरोध करेंगे। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ ने बैठक में यह फैसला लिया है। पूर्व सरकार में कर्मचारियों ने अपनी 9 सूत्रीय मांग मनवाने तक हड़ताल जारी रहेगा। संघ ने फैसला लिया है कि वे 4 अगस्त से प्रदेश के वन मंत्री, वित्त मंत्री व उप मुख्यमंत्री के बंगला निवास घेराव करेंगें। इसके बाद कर्मचारी हित में सरकार ने निर्णय नहीं लिया तो 11 अगस्त से कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाएंगे। संगठन के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा ने बताया कि विभाग में अधिकारी तानाशाह राज चलाते हुए बड़ी तादात में कार्य से पृथक कर रहे हैं। वरिष्ठ लोगों को प्रभावित किया जा रहा है, जो चिंता का विषय है। बड़े-बड़े अधिकारी के बंगला व कार्यालय में काम कर रहे हैं, उनको प्रतिमाह वेतन भुगतान कर रहे है और जो ईमानदारी के साथ निचले स्तर के कार्यालय व फिल्ड में काम कर रहे हैं उनको वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों का छह-छह माह का वेतन रोकर रख दिया गया है। वन विभाग के कर्मचारियों में भारी आक्रोश पनप रहा है। आने वाली हड़ताल को पूर्व 2008 में 94 दिनों के आसपास कर्मचारियों द्वारा संघर्ष की लड़ाई लड़ कर अपना रेगुलर करवाया गया था, ठीक उसी प्रकार आगामी हड़ताल में जाने की तैयारी में है।

# भाजपा मंडल मगरलोड कार्यसमिति की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश एवम जिला के निर्देश पर भाजपा मंडल मगरलोड का बैठक भाजपा कार्यालय मगरलोड में बैठक प्रभारी राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा पिंकी शिवराज शाहएमंडल प्रभारी राजेंन्द्र गोलछा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक की शुरुवात राष्ट्रीय गीत से प्रारंभ हुआ और राष्ट्रगान से समापन हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता के आसंदी से पिंकी शिवराज शाह ने कहा की कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत से प्रदेश और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार बनी है। केंद्र में एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एतिहासिक कार्य हुए हैं वहीं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पुरे विश्व में भारत का मान बढ़ा है लेकिन दुसरी ओर विपक्ष हमेशा सरकार के विरुद्ध



अनर्गल अफवाह फ़ैला कर सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। चुनाव के दौरान भी विपक्ष सरकार के विरुद्ध नेरिटिव फैलाने का प्रयास किया। आप सब कार्यकर्ता एक जूट होकर आगामी पंचायत एवं नगर पंचायत चुनाव जीताने के कमर कस कर तैयार हो जाएं। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है। विधानसभा चुनाव में जारी किए घोषणा पत्र में लगभग अस्सी प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला भाजपा मंत्री एवं मंडल प्रभारी राजेंद्र गोलछा ने कहा कि आप सब कार्यकर्ताओं के सहयोग से आप कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत से पहली बार लोकसभा चुनाव में हम सब मंगरलोड मंडल के पचहत्तर बुथों में लगभग साढ़े तीन हजार मतों से विजयी हुए हैं। आप सब बुथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य करते रहें। भारतीय जनता पार्टी में संगठन का कार्य निरंतर चलते रहता है।आप लोग प्रदेश और जिला नेतृत्व द्वारा दिए कार्यक्रम को करते हुए संगठन को मजबूत करें। बैठक राष्ट्रीय गीत के साथ प्रारंभ किया गया। बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण का पठन ए राजनैतिक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कार्यकर्ता एवं कार्यकर्ता परिवार से जिनका पिछले दिनों निधन हुआ उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा पिंकी शिवराज शाहएमंडल प्रभारी जिला मंत्री राजेन्द गोलछा, मंडल अध्यक्ष विजय यदु, मंडल महामंत्री रामायण सिन्हा, यवन साहू, मंडल उपाध्यक्ष चित्रसेन प्रजापति, खिलेश साहू, दुर्गा साहू, मन की बात संयोजक जीवराखान साहू, पार्षद नरेश अग्रवाल, झमित सिन्हा, सहित लोकेश साहू, प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमीति सदस्य नंदिनी सिन्हा, उर्वशी साहू, भानुप्रिया साहू, शांति देवांगन, रूखमणी साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, गैंदा साहू, पदमनी साहू, अशोक साहू, मुरली सिन्हा, दिलीप सिन्हा, बेदम चौहान,योगेश्वर सिन्हा, झनेश्वर साहू, फग्गू धृत लहरे, हुकुमलाल सिन्हा, रोहित यादव , लोमश सिन्हा, शशिकांत ध्रुव, गजेंद्र साहू, वासुदेव साहू, पुराणिक ध्रुव, महेश सिन्हा, देवनारायण साहू, मस्त निर्मलकर, विमल ध्रुव, कमलसाहू, सुरेश चेलक, कोमल दीवान, ईशु साहू, तिलक साहू, खुबलाल साहू, रामकुमार साहू सहित देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ी साहित्य में शोध की अपार संभावनाएं : डॉ. अनुसुइया अग्रवाल

## सीमा रानी प्रधान ने छत्तीसगढ़ी काव्य में राष्ट्रीय चेतना विषय पर किया पीएचडी

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी साहित्यकार एवं शोध निर्देशक डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य शास महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के निर्देशन में उनके महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत सीमा रानी प्रधान को बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध के छत्तीसगढ़ी काव्य में राष्ट्रीय चेतना विषय पर शोध उपाधि प्राप्त हुई। इन्होंने अपना शोध कार्य शोध - निर्देशक, डॉ. अनुसुइया अग्रवाल, डी. लिट् प्राचार्य, शास महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद एवं सहायक शोध निर्देशक डॉ. शीला दानी सहायक प्राध्यापक शास. कला एवम् वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेंद्र नगर, रायपुर के निर्देशन में पूरा किया। इनका शोध केंद्र, शा. कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेंद्र नगर रायपुर रहा है। साहित्यकार के रूप में प्रसिद्ध सीमारानी का जन्म फूलझर अंचल के ग्राम मोहका



में पिता प्रेमलाल साहू एवं माता मालती साहू के घर हुआ था। बचपन से ही मेधावी रही प्रधान की प्रारंभिक शिक्षा गांव की स्कूल में हुई। कुछ समय मीडिल स्कूल भूकेल में शिक्षिका के पद पर र भी पदस्थ रही। उन्होंने बताया कि घर गृहस्थी का काम के साथ-साथ पीएचडी की डिग्री हासिल करना एक बड़ी चुनौती भरा काम था। एक ग्रामीण परिवेश से निकलकर डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करना जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मानती हूँ। प्रधान लेखन कला के क्षेत्र में भी बड़ी भूमिका निभा रही हैं। इनके द्वारा लिखा शिव भजन रिलीज हो चुका है जिसको फ़िल्मी गायक सुरेश वाडेकर ने अपना स्वर दिया है। इनका साझा कविता संग्रह कुसुम, छत्तीस रागनियां, नई मंजिले, प्रथमा, भारत रत्न प्राप्त विभूतियों पर, अर्जुन अवार्ड प्राप्त खिलाड़ियों, भारतीय संस्कृति पर आधारित साझा संग्रह, शहीद वीर नारायण सिंह, थर्ड जेंडर आधारित लघु कथा का प्रकाशन हो चुका है। इसके अतिरिक्त नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान विविध विषयों पर शोध परक व विमर्श आधारित साझा संग्रह प्रकाशित हो चुका है। हिंदी, ओड़िया, छत्तीसगढ़ी, संबलपुरी, लरिया में लेखन कार्य एवं सामाजिक गतिविधि में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए वर्तमान में बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज के आंचलिक सभा रायपुर के उपाध्यक्ष हैं।

# छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी सांसदों को लिखी चिट्ठी

## छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची मे शामिल कराने की मांग

पायनियर संवाददाता कसडोल
www.dailypioneer.com

राज्य के सभी सांसदों को एम ए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची मे शामिल कराने हेतु पत्र लिखा गया, छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ऋतुराज साहू ने बताया की छत्तीसगढ़ी भाषा ऊपर लगातार प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं, लगातार राज्य की जनता केंद्र मे 9 से 10 सासंद भाजपा को देते आई है अगर ये सभी सांसद एक साथ मिलकर भाषा के लिए आवाज संसद मे उठाएंगे तो निश्चित ही छत्तीसगढ़ी आठवीं अनुसूची मे शामिल हो जाएगी,अब तक बहुत से सांसदों ने प्रयास किया है लेकिन सब के द्वारा सत्र मे मांग




रखी है, अभी सत्र 22 जुलाई से चालू है उम्मीद है राज्य की जनभाषा / राजभाषा / सम्पर्क भाषा छत्तीसगढ़ी को मान - सम्मान सभी छत्तीसगढ़ के सांसद गंभीरता के साथ उठायेंगे। आगे ऋतुराज साहू ने बताया की छत्तीसगढ़ी की अपनी लिपि, शब्दोकोश, व्याकरण के साथ पर्याप्त साहित्य मौजूद है इसके अलावा छत्तीसगढ़ी बहुत बड़े भू-भाग मे बोली जाती है। बहुत सी आठवीं अनुसूची मे शामिल भाषा का कोई स्वतंत्र राज्य नहीं है जैसे सिंधी, उर्दू, बोड़ो, मैथिली पर छत्तीसगढ़ का गठन भाषाई आधार पर किया गया है .वर्तमान मे इसमें मास्टर डिग्री मे एम ए छत्तीसगढ़ी के साथ लघु शोध व पीएचडी व डी लिट भी सम्पादित हो रहे है। लोक कला,लोक संस्कृति, लोक नाट्य व भाषाई गुण से सम्पन्न छत्तीसगढ़ी आज यहां के ढाई करोड़ लोगो की मातृभाषा है. हबीब तनवीर, तीजनबाई, सुरेन्द्र दुबे, अनुजशर्मा, ममता चन्द्राकर, उषा बारले, ऋतु वर्मा, सुरुज बाई खांडे, पुनाराम निषाद, अजय मंडावी जैसे लोगो ने छत्तीसगढ़ी के बदौलत अंतराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है.इसके आलवा फ़िल्म जगत मे छत्तीसगढ़ी को कई अवार्ड मिल चुके है। प्रधानमंत्री भी छत्तीसगढ़ आने पर अपने आप को छत्तीसगढ़ी बोले बगर नहीं रोक पाते है उनका उद्बोधन छत्तीसगढ़ी मे शुरु होता है छत्तीसगढ़ी मे भाषाई हर गुण विद्यमान है इन सभी बातो को अवगत कराते हुए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने सभी सांसदों से आग्रह किया है .संगठन ने उम्मीद जाहिर की है की अभी चल रहे सत्र मे सभी सांसद छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची मे शामिल कराने की मांग जरूर करेंगे जिससे छत्तीसगढ़ की भाषा को राष्ट्रीय स्तर के साथ आठवीं अनुसूची मे जाने का मार्ग प्रस्स्त होगा।

# मिडिल स्कूल हड़हापारा कसडोल में कराया गया नेवता भोज

पायनियर संवाददाता कसडोल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार अब विद्यालयों में मध्यान भोजन को और अधिक पौष्टिक एवं बच्चों के लिए लाभदायक एवं रुचिकर बनाने के लिए जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी गण एवं अभिभावक गण अपनी शादी की सालगिरह, जन्मोत्सव, परिवार की षष्ठी एवं दशगात्र कार्यक्रम तथा अन्य अवसरों पर अपने सामर्थ अनुसार बच्चों को नेवता भोज करा सकते हैं। इसी के अनुसार 25 जुलाई को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एवं सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय संयुक्त सचिव संजय कुमार यादव के द्वारा



अपने जन्मोत्सव के अवसर पर बच्चों को नेवता भोज कराया गया। जिसमें बच्चों को चावल, दाल फ्राई, अचार, पापड़, खीर, पुड़ी, छोले मसाला की सब्जी भरपूर मात्रा में दिया गया । लंच के पूर्व बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा शिक्षक संजय कुमार यादव का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया एवं शुभकामनाएं, बधाइयां दी गई। शिक्षक द्वारा भी बच्चों को शुभ आशीष देते हुए अच्छे कार्य करने एवं अच्छे विचारों को अपनाकर देश एवं समाज हित में नेक कार्य करने की प्रेरणा दी गई। अन्न का महत्व बताते हुए बच्चों से कहा गया कि उतना ही लो थाली में ,जिससे व्यर्थ न जाए नाली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के शिक्षण सप्ताह के अनुसार चौथे दिवस विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा दिया गया, जिसमें कुमारी वर्षा यादव, मधु जिया, आकांक्षा एवं वंशिका साहू द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । छत्तीसगढ़ के गौरव का बखान किया गया। मध्यान्ह भोजन की शुरुआत भोजन मंत्र के साथ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान- एक पेड़ मां के नाम का पालन करते हुए विद्यालय में 200 फलदार पेड़ लगाने एवं उसकी रक्षा करने का संकल्प लिया गया, विद्यालय में आम, अमरूद, नींबू, पपीता, सीताफल, आँवला, करौंदा मुनगा, गोल्डन बूट, अशोक के पौधे लगाए गए । इस अवसर पर फिरतुराम साहू जी वरिष्ठ शिक्षक, हेमिन श्रीवास प्रभारी प्रधान पाठक लक्ष्मी कुर्रे शिक्षिका, अशोक कुमार साहू शिक्षक, दाताराम साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, सुखराम पैकरा सहायक शिक्षक, शाला प्रबंध समिति के सदस्य संतराम कैवर्त्य, मनमोहन कैवर्त्य, मोंगरा यादव, बुधवारा यादव, मंजू साहू, तेरस कैवर्त्य, बारीमती पटेल की उपस्थिति एवं सहयोग महत्वपूर्ण एवं सराहनीय रहा।

# गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर में मना कारगिल विजय दिवस



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हा.से.स्कूल जोगनीपाली में कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर जवानों की पावन स्मृति में कारगिल विजय दिवस मनाया गया।इस अवसर पर भारतीय सैनिकों, उनके अदम्य साहस,वीरता और बलिदान को स्मरण करते हुए दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक, वंदेमातरम् सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष, समाज सेवी शिक्षक जन्मजय नायक ने इस दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि-कारगिल विजय दिवस शौर्य, पराक्रम और बलिदान की अमर गाथा है।स्वतंत्र भारत के सभी देश वासियों के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है।इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ जो लगभग 60 दिनों तक चला तथा 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और भारत का विजय हुआ। 60 दिनों तक चले इस युद्ध में 674 भारतीय सैनिकों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। इस अवसर पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सादर नमन करते हैं। श्रद्धांजलि सभा के अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक गोपनाथ गुरूजी, संचालक जन्मजय नायक,उपसंचालक दुर्गा चरण नायक, प्राचार्य जज्ञसेनी मिश्रा,शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में पालक, अभिभावक उपस्थित थे।

# लगातार बारिश से फिल्टर प्लांट के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी, रात भर महापौर व कमिश्नर समेत नगर निगम व विद्युत विभाग के अफसर डटे रहे







पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लगातार बारिश से फिल्टर प्लांट में कल रात बड़ी तकनीकी खराबी के कारण वाटर सप्लाई व्यवस्था पर असर पड़ा है। रात 12 बजे से तड़के साढ़े 3 बजे तक ट्रांसफार्मर में आई खराबी को दूर किया जा सका। इसके कारण आज शहर के कुछ इलाकों में देर से नल खुलेंगे। 24 एमएलडी और 11 एमएलडी प्लांट से नियमित समय पर सप्लाई हुई है, लेकिन 42 एमएलडी प्लांट से जुड़े इलाकों में देर से पानी सप्लाई होगी। फ़िल्टर प्लांट में लगातार बारिश के कारण खराबी आने के कारण महापौर धीरज बाकलीवाल व जल विभाग प्रभारी संजय कोहले आधी रात 12 बजे फिल्टर प्लांट पहुंचे और स्थिति का जयाजा लिया।

पिछले तीन दिन से लगातार बारिश के कारण शिवनाथ नदी मे बाढ़ की स्थिति निर्मित होने से इंटेक्के ल मे कचरा जमा होने और 42 एमएलसी फिल्टर प्लांट के ट्रांसफार्मर मे मॉइश्चर आने के कारण वाटर सप्लाई प्रभावित हो गई है। महापौर व जल प्रभारी ने आधी रात फिल्टर प्लांट का जायजा लिया और सहायक अभियंता गिरीश दीवान एवं जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर से निरंतर जल प्रदाय न होने में आई परेशानी के सम्बन्ध मे विस्तार पूर्वक जानकारी ली। महापौर ने अतिशीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किये। महापौर धीरज बाकलीवाल ने तत्काल सीएसीबी विभाग के एई गिरी से फिल्टर प्लांट मे आई खराबी के सम्बन्ध मे विस्तार से चर्चा की। तत्काल समाधान करने कहा। रात करीब साढ़े 3 बजे सुधार कार्य पूरा हुआ। अथक प्रयास के बाद महापौर की उपस्थिति मे फिल्टर प्लांट का ट्रांसफार्मर व मोटर पंप चालू हुआ। 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट ट्रांसफॉर्मर के ठीक होने तक महापौर रात साढ़े 3 बजे तक खडे रहकर कार्य को पूर्ण कराया। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, जल कार्य प्रभारी संजय कोहले, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर, गौरव उमरे, सीएसईबी कॉन्ट्रैक्टर व इलेक्ट्रिकल ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# रिसाली के ब्रांड एंबेसडर जागरूकता लाने अपनी विधा का करेंगे प्रयोग

## स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर मैदान में 150 कर्मी

पायनियर संवाददाता ◂ रसाली
www.dailypioneer.com



स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर रिसाली निगम रोड मैप तैयार किया है। पहले चरण में आयुक्त मोनिका वर्मा ने 150 कर्मचारियों की टीम को जागरूकता लाने मैदान में उतारा है। वहीं दूसरे चरण में अलग-अलग विधाओं में परांगत ब्रांड एंबेसडर सीधे आम लोगों से जुड़ेगे। स्वच्छ और सुंदर हमर रिसाली की परिकल्पना को लेकर नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त ने निगम के ब्रांड एंबेसडर से चर्चा की। आयुक्त ने सभी से आग्रह किया कि अपने शहर की विशेष पहचान बनाने सभी एक सूत्र में बंधकर कार्य करे। अलग-अलग विधाओं को लेकर स्वच्छता की अलख जगाए। रिसाली निगम के इस मुहिम को मूर्तरूप देने सभी ब्रांड एंबेसडर ने निगम प्रशासन को आश्वस्त किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, शिक्षाविद सजीव सुधाकर, भजन एवं गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी, लोकवाद्य संग्रहक रिखी क्षत्रिय, फिटनेस एक्सपर्ट प्रदीप साहू, पर्यावरण विद डॉ. नरेन्द्र राठौर, योग गुरू अशोक महेश्वरी, डॉ. विपिन अरोरा, कला मर्मज्ञ डॉ. डी.पी. देशमुख, कलाकार डॉ.सोनाली चक्रवर्ती, पंथी नर्तक पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले, लोक गायीका रजीन रजक, डॉ. राखी राय उपस्थित थी।

**ऐसे करे काम**–मृत्युजंय साहू और पायल सिन्हा ने कर्मचारियों को बताया कि वे किस तरह घरों से निकलने वाले कचरें को पृथक करने जागरूकता ला सकते है। कर्मचारी स्वच्छता मित्र के साथ चले। प्रत्येक नागरिक को बताए कि किस तरह गीला कचरा घर पर पीट तैयार कर खाद बना सकते है। उन्होंने जगह नहीं होने पर गमला या अन्य पात्र लेकर उद्देश्य पूरा करने की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने घनी आबादी स्लम क्षेत्र में संपर्क अभियान करने कहा।

**बरसते पानी में दे रहे समझाईश**–रिसाली निगम के 150 कर्मचारियों का दल अलग-अलग वार्डो में संपर्क अभियान पर है। बरसते पानी में वे आम लोगों को जानकारी दे रहे है कि किस तरह घरों में गीला व सूखा कचरा अलग रखे। साथ ही बारिश से होने वाले जल जनित रोगों के बचाव के तरीके भी बता रहे है।

# आयुक्त विकास कार्यो की प्रगति देखने नया बस स्टैंड का किया औचक निरीक्षण

## नाली निर्माण के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा, कार्यपालन अधिकारी दिनेश नेताम एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के संग नया बस स्टैंड का औचक निरीक्षण करने पहुँचे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी को नाली निर्माण के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने नया बस स्टैंड के भीतर वाटर कूलर का मरम्मत कार्य करने को कहा ताकि आने जाने वाले यात्रियों को शुद्ध पानी मिल सके.नया बस स्टैंड के सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में बरसात का पानी भरे होने के कारण आने जाने वालों को हो रही असुविधा को देखते हुए उन्होंने तत्काल अधिकारियों को सड़क मरम्मत करने के निर्देश दिए साथ ही सड़को किनारे लगे पोल में बंद लाइटों को शीघ्र बदलने की बात कही. निरीक्षण के समय नया बस स्टैंड में गन्दगी होने पर दोनों पालीयों में सफाई के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने दुकानदारो को समझाइश दिया गया कि नाली एवं सड़को गंदगी न फैलाए, गंदगी फैलाकर नाली जाम न हो, ऐसा करते पाए जाने पर जुर्माना की कार्रवाही की जायेगी।

# तांदुला में 46, खरखरा में 58, खपरी में 74 और गोंदली जलाशय में 27 प्रतिशत जल भराव

## महमरा एनीकट के ऊपर 08 फीट पानी


पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



शिवनाथ नदी के कैचमेंट एरिया में विगत दिनों से लगातार बारिश होने तथा मोंगरा बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट के ऊपर 08 फीट पानी बह रहा है। विगत दिनों की तुलना में तांदुला नदी, खरखरा नदी व शिवनाथ के अन्य सहायक नालों में जल की स्थिति को देखते हुए अभी भी लोगों को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। तांदुला जल संसाधन संभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. पाण्डेय के अनुसार मोंगरा बैराज से 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वर्षा की स्थिति बनी रही तो मोंगरा बैराज से और ज्यादा पानी छोड़ा जा सकता हैं। वर्तमान स्थिति में तांदुला जलाशय में 46 प्रतिशत, खरखरा जलाशय में 58 प्रतिशत, खपरी जलाशय 74 प्रतिशत व गोंदली जलाशय में 27 प्रतिशत जल भराव हो चुका है। आगामी दिनों में वर्षा की स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में जलाशय के भराव में और बढ़ोत्तरी होगी।

# दीपक की कला कभी बुझ नहीं सकता : महापौर धीरज बाकलीवाल

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार शिव कुमार दीपक के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि शिवकुमार दीपक की कला का दीपक कभी बुझ नही सकता। यह दीपक दशकों तक छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत एवं कला साधना को रोशनी दिखाता रहेगा। अपने शोक संदेश में बाकलीवाल ने कहा कि शिवकुमार दीपक बचपन से ही छत्तीसगढ़ी कला की साधना करते रहे छत्तीसगढ़ कला को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने देशभर के मंचों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ी फिल्मों के विकास में भी उनका योगदान सराहनीय रहा। इतना बड़ा कलाकार होने के बावजूद शिवकुमार दीपक शोहरत और ग्लैमर से दूर रहे। शासन ने भी दीपक की कला का यथोचित सम्मान नहीं किया। अब छत्तीसगढ़ के इस सच्चे कलाकार के निधन के बाद सरकार का फर्ज है कि उनके नाम पर किसी बड़े पुरस्कार सम्मान दिए जाने की घोषणा किया जाए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने शिवकुमार दीपक के परिजनों को संबल देते हुए कहा कि शिवकुमार दीपक महान कलाकार थे, उनके निधन की क्षति कभी नहीं हो सकती। किंतु दुर्ग नगर निगम और दुर्ग शहर के लोग शोक संतप्त परिवार के दुख में सहभागी हैं।

# भरतमुनि की नायिकाएं 28 को उतरेंगी मंच पर, 120 कलाकार करेंगे जीवंत

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com



कृष्ण प्रिया कथा केंद्र दुर्ग भिलाई की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुति 'घुंघरुओं का सफर' श्रृंखला के अंतर्गत नृत्य नाटिका 'नायिका' का मंचन 28 जुलाई रविवार की शाम महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में होने जा रहा है। इसमें प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है। केंद्र की संचालक उपासना तिवारी ने बताया कि यह नृत्य नाटिका प्राचीनकालीन नाट्यशास्त्र में भरतमुनि द्वारा वर्णित अष्ट नायिकाओं पर आधारित है। जिसमें भरत मुनि ने सभी 8 नायिकाओं के व्यवहार और प्रकार का विस्तार से वर्णन किया है। इसमें नारी के मनोभावों का और उसके प्रेम के विभिन्न चरणों का वर्गीकरण सूक्ष्मता से है। नृत्य नाटिका 'नायिका' में इसे गीत-संगीत के संयोजन के साथ मंच पर भव्यतम रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान के 29 वें वर्ष में होने जा रहे इस आयोजन में 10 वर्ष से 24 वर्ष की आयु के 120 कलाकार मंच इस नृत्य नाटिका को साकार करेंगे। इसका लेखन व निर्देशन स्वयं उपासना तिवारी का है। संगीत संयोजन रविंद्र कर्मकार, वी के सुंदरेश संगीत, बिन्नी पॉल मिक्सिंग, सौमेंद्र फड़के, घुंघरू का स्वर जितेंद्र मानिकपुरी, बिंदिया का स्वर उपासना तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर दिव्या राहटगांवकर, सेजल चौधरी, नीलिमा वासनिक, सहयोगी अवनी अग्रवाल, देविका दीक्षित और एलईडी ग्राफिक्स सेजल चौधरी का है। उपासना तिवारी ने बताया कि नृत्य नाटिका के सफल मंचन के लिए सभी कलाकारों के साथ पूरी टीम नियमित अभ्यास कर रही है।

# स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और छात्रावास अधीक्षकों का समन्वय बैठक संपन्न

■ अधीक्षकों को मौसमी बीमारी की रोकथाम के सुझाव दिये गये

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले में आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावास अधीक्षकों और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के टीम के साथ समन्वय बैठक 25 जुलाई 2024 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास हेमन्त कुमार सिन्हा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, टी.बी. डिनियोलॉजिस्ट मती रितिका मसीह, वेग कुमार कापरे, समरेश पटेरिया, कमल तिवारी व्ही.डी.जी. एस. कन्सल्टेट और समस्त छात्रावास अधीक्षक सम्मिलित हुए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने छात्रावास अधीक्षकों को वर्षा ऋतु जैसे मौसमी विभिन्न प्रकार के बीमारी एवं महामारी से बचाव के लिए फाईट द बाईट के अंतर्गत मच्छर उन्मूलन, डेंगू, मलेरिया, चिकन गुनिया, एन.व्ही.डी.सी.पी. डायरिया, उल्टी दस्त तथा संक्रामक बीमारियों से बचाव तथा तत्काल प्राथमिक उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त खून की कमी, सिकलीन, क्रमी, आयोडीन की कमी तथा अन्य बीमारियों के संबंध में एवं उपचार हेतु बताया गया।

# भिलाई क्षेत्र को ओडीएफ प्लस गार्बेज फ्री सिटी बनाने का मुहिम शुरू

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर निगम भिलाई को गार्बेज फ्री सिटी ओडीएफ प्लस बनाने अभियान शुरू किया गया है। स्वच्छता में भिलाई को टॉप 10 में लाने के लिए सभी वर्गो से सहयोग लिया जायेगा। जो कार्य नगर निगम भिलाई के साथ-साथ आम नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग, महिला समूह, खिलाड़ी, स्कूल कालेज के छात्र-छात्राओं के बगैर संभव नहीं होगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव निगम क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये है, जो जाकर कार्यो की मॉनिटरिंग कर रहे है। जोन 1 नेहरू नगर में उपअभियंता श्वेता महेश्वर, जोन 2 वैशालीनगर में उपअभियंता कृष्ण कुमार जंघेल, जोन 3 मदर टेरेसा नगर में उपअभियंता शंकर सुमन मरकाम, जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में उपअभियंता चंदन निर्मलकर, जोन 5 सेक्टर 6 में प्रभा लकड़ा को स्वच्छ भारत मिशन कार्य के लिए आदेशित किया गया है। नोडल अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सुपरवाईजर, कार्य करने वाली एजेंसी, राज सेवा से नियुक्त पीआईयू से समन्वय बनाकर कार्य करेगें। इसी तारतम में जोन क्रं. 4 वार्ड क्रं. 38 में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, एनयूएलएम के मिशन मैनेजर, पीआईयू, लोक कर्म विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएँ, सीईओ, सीआरपी द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई।

## राशनकार्ड नवीनीकरण की तिथि 15 अगस्त तक

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में प्रचलित राशनकार्डो का नवीनीकरण कार्य सिटीजन ऐप एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान के डीलर ऐप के माध्यम से किया जा रहा था। अब तक लगभग 85 प्रतिशत राशनकार्डधारियों द्वारा अपने राशनकार्ड का नवीनीकरण करवाया जा चुका है। खाद्य नियंत्रक सी.पी. दीपांकर के अनुसार शेष बचे 15 प्रतिशत राशनकार्डधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण की तिथि को 15 अगस्त 2024 तक की अवधि के लिए वृद्धि किये जाने की अनुमति दी गई है। राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य 26 जुलाई 2024 से पुनः प्रारंभ होने की संभावना है। अपना राशनकार्ड नवीनीकरण न करवा पाने वाले राशनकार्डधारियों से अपील है कि वे 15 अगस्त 2024 के पूर्व आवश्यक रूप से अपने राशनकार्ड का नवीनीकरण करवा लें।

# आयुक्त ने की अपील, स्पैरो के नाम से किसी को टैक्स का भुगतान ना करें

## निगम द्वारा अधिकृत कर्मचारियो को टैक्स भुगतान कर रसीद प्राप्त करें

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि नगर निगम द्वारा सभी प्रकार के करों की वसूली नगर निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारी राजस्व उपनिरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक के द्वारा की जा रही है।आये दिन यह बात सामने आ रही है कि अभी स्पैरो सॉफ्टेक के पूर्व में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा अभी भी घरों में जाकर टैक्स की वसूली राशि मांगने की शिकायत सामने आ रही है।अतः नगर निगम द्वारा सूचित किया जाता है समस्त करदाताओं से अनुरोध है की स्पैरो साप्टेक कंपनी का ठेका 31 मार्च 2024 को समाप्त हो चुकी है एवं उनके पुराने टैक्स कलेक्टर के द्वारा टैक्स वसूली करने पर तुरंत उनसे पूछताछ करें एवं उनके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाये। किसी भी प्रकार टैक्स का भुगतान ना करें, अगर करदाताओं के द्वारा स्पैरो के पूर्व कर्मचारियो को टैक्स की राशि का भुगतान किया जाता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।करदाता स्वयं नगर निगम में आकर टैक्स जमा कर सकते है।उस वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक को भुगतान कर तुरंत रशीद प्राप्त कर सकते है।यह सूचना जनहित में समस्त कर दाताओं को जारी की जा रही है।संबधित सहायक राजस्व निरीक्षकों की सूची एवं वार्ड क्रमांक एवं मोबाइल नंबर जारी किया जा रहा है,कृपया इन्ही सहायक राजस्व निरीक्षक को टैक्स का भुगतान कर रसीद प्राप्त कर लेवे।

# कलेक्टर एवं सीईओ ने ग्राम कैलाशपुर व शासकीय उद्यान का किया भ्रमण

पायनियर संवाददाता ◂ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रिमिजियुस एक्का एवं जिला पंचायत सीईओ रेना जमील ने विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम कैलाशपुर का भ्रमण किया और नवनिर्मित सीसी रोड की गुणवत्ता को परखा। साथ ही गांव में मनरेगा अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्य का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों एवं अधिकारियों के साथ पैदल गांव भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने नल-जल योजना के संबंध में भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि नियमित नल जल योजना के माध्यम से घरों तक पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। तत्पश्चात् कलेक्टर एवं सीईओ ने शासकीय उद्यान कैलाशपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उद्यान अधीक्षक से उद्यान के कुल रकबा तथा उद्यान में रोपित वृक्षों की जानकारी ली। उद्यान अधीक्षक ने बताया कि उद्यान का रकबा लगभग 19 हेक्टेयर है तथा उद्यान में कुल 1245 पौधे लगाए गए हैं जिसमें आम के 460, कटहल के 100, लीची के 385, अमरूद के 300 पौधे हैं। साथ ही उद्यान में एग्रोफोरेस्ट्री के साथ विभागीय मद से कलमी आम, अमरूद तथा लीची के 05-05 हजार पौधों के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है जिसका कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने उद्यान अधीक्षक से उद्यान की साफ-सफाई रखने, अधिक पौधों का उत्पादन करने तथा उद्यानिकी फसल अधिक से अधिक लेने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने मनरेगा से चल रहे कार्य के संबंध में जानकारी भी ली।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित), का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता और गारंटर को एक मांग नोटिस जारी किया गया था, जिसमें मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का कब्जा उक्त नियमों 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित दिनांकों सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता नं. | कर्जदार/सह-कर्जदार और गारंटर का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना | | कब्जे की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | तिथि | बकाया राशि (रु.) | |
| 41462257 | 1. दिलीप कुमार देवांगन 2. सुशीला देवी देवांगन | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. सी-201, क्षेत्रफल 1280 वर्ग फीट अर्थात 118.96 वर्ग मी. (सुपर बिल्ट-अप एरिया) दूसरी मंजिल पर, ब्लॉक-सी, एक बहुमंजिला परिसर जिसे ''वृंदावन गार्डन'' के नाम से जाना जाता है खसरा सं. 728/1-2-3, 731/3-4 के भाग के अंतर्गत शामिल, मौजा ग्राम दलदल सिवनी, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, वार्ड क्रमांक 26, पी.एच. क्रमांक 109/41, आर.एन.एम.-रायपुर-1, तहसील एवं जिलाः रायपुर, छत्तीसगढ़ -492014, चौहद्दीः पूरब में - खुला, पश्चिम में - फ्लैट नंबर सी-202, उत्तर में - गलियारा, दक्षिण मे - बालकनी | 25.04.2024 | रु. 48,15,258.59/- | 20.07.2024 सांकेतिक कब्जा |
| 103847402 | 1. गोपी कुमार श्रीवास 2. गीता श्रीवास | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका क्षेत्रफल 0.03 एकड़ या 0.012 हेक्टेयर=121.28 वर्ग मी. जोकि ग्राम तुमडीबोड, पी.एच. एन.ओ. 04, पुराना खसरा नं. 558/1 (का भाग), न्यू खसरा नं. 558/14, आरएनएम- तुमडीबोड, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491661 एवं चौहद्दीः पूरब में - मोहम्मद युसुफ की भूमि, पश्चिम में - विक्रेता की भूमि, उत्तर में - धारसा (सड़क), दक्षिण में विक्रेता की भूमि | 30.03.2024 | रु. 10,65,714.05/- | 19.07.2024 सांकेतिक कब्जा |

उधारकर्ता /सह-उधारकर्ता/गारंटर्स को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भुगतान की तिथि तक भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

दिनांकः 19 और 20.07.2024
स्थानः छत्तीसगढ़

## संपादकीय

### बजट 2024
### संतुलन के प्रयास

**बजट 2024** विकास-केन्द्रित है, पर इसमें लोकरंजक तत्व हैं तथा 'राजग' सहयोगियों के सरोकारों को संबोधित करने के प्रयास हैं। वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा मोदी की तीसरी सरकार का पहला बजट 23 जनवरी, 2024 को पेश किया। इसका लक्ष्य भारत की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करते हुए सामाजिक समानता तथा राजग सहयोगियों के हितों की पूर्ति भी है। यह बजट आर्थिक विकास तथा राजनीतिक लाभों के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करता है। इस बजट में ढांचागत संरचना, हरित ऊर्जा पहलों तथा डिजिटल अर्थव्यवस्था हेतु आबंटनों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विकास के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाया गया है। केन्द्रीय बजट 2024-25 मैक्रोइकोनामिक प्रगति तथा राजकोषीय स्थिरता पर केन्द्रित है। इसमें गरीबों के लिए कल्याणकारी उपाय भी शामिल हैं जो सफलता के लिए प्रभावी नीतिगत क्रियान्वयन पर निर्भर होंगे। हालांकि, राजकोषीय घाटे की स्थिति सुधरी है और यह जीडीपी का 4.9 प्रतिशत हो गया है, पर काफी असमानतायें बनी हुई हैं। निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए पूंजीगत खर्च बढ़ाया गया है, पर शहरी-ग्रामीण तथा आय असमानतायें बनी हुई हैं। इस बजट में अंतरिम बजट की तरह ही कृषि, ग्रामीण विकास, आवास तथा रोजगार सृजन के लिए एमएसएमई को केन्द्र में रख कर आबंटन किया गया है। नए कदमों में पहली बार कर्मचारियों को सीधे भुगतान तथा सेवायोजकों को प्रोत्साहन शामिल हैं ताकि वे नौकरियों की संख्या बढ़ाएं। लेकिन बजट में लगभग 5.08 प्रतिशत मुद्रास्फीति को समुचित रूप से संबोधित करने के प्रयास नहीं हैं। विनिर्माण को सहायता देने के लिए सरकार ने एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी तथा मुद्रा लोन की सीमायें बढ़ाने के साथ अन्य पहलें भी की हैं। 'डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर'-डीपीआई के माध्यम से कृषि व्यवहारों को प्रोत्साहन देने हेतु औद्योगिक पार्कों के विकास के साथ ही 'प्राकृतिक खेती' को सहायता बढ़ाने का प्रयास किया गया है। लेकिन इन प्रयासों के बावजूद बजट की सफलता प्रभावी क्रियान्वयन तथा व्यापक आर्थिक चुनौतियों को संबोधित करने में निहित है।



केन्द्रीय बजट 2024 में बढ़ती बेरोजगारी से निपटने के लिए नौजवानों के कौशल संवर्धन की समग्र योजना पेश की गई है। इसके अंतर्गत पांच साल में 20 लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रदान करने का लक्ष्य है। इस पहल के एक हिस्से के रूप में 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों-आईटीआई का उच्चीकरण कर इनमें उपयुक्त उन्मुखीकरण हेतु व्यवस्थायें की जाएंगी। इनके पाठ्यक्रम की विषयवस्तु तथा डिजाइन उद्योगों की कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप होगी। बजट के सकारात्मक तत्वों में ढांचागत संरचनाओं में भारी निवेश शामिल है जिससे रोजगारों का सृजन होगा तथा आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन बजट में कुछ चुनौतियां भी शामिल हैं। खर्च की महत्वाकांक्षी योजनाओं से राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है जिससे मैक्रोइकोनोमिक स्थिरता व मुद्रास्फीति नियंत्रण की चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। बजट में प्रस्ताविक योजनाओं और परियोजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि अतीत में अनेक प्रकार के विलंब व अक्षमतायें दिखी हैं। 2024 के बजट में एक लोकरंजक दृष्टिकोण भी है जिसका उद्देश्य अपने सहयोगी-नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू की चिन्ताओं को संबोधित करना है। इसके लिए उदारता से धन आबंटन किया गया है। ढांचागत विकास, ग्रामीण क्षेत्रों के कल्याण तथा सामाजिक कल्याण क्षेत्रों पर खर्च बढ़ाने के माध्यम से यह बजट सरकार द्वारा उन लोगों का समर्थन पुन: प्राप्त करने का प्रयास करता है जो उससे थोड़ा असंतुष्ट हो गए थे।

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के आधार

भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बावजूद अयोध्या व उत्तर प्रदेश में भाजपा को मिले चुनावी झटके के बाद सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मूलाधारों पर आत्मावलोकन की आवश्यकता सामने आई है।



सिद्धार्थ मिश्रा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अयोध्या में भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बावजूद अयोध्या व उत्तर प्रदेश में भाजपा को मिले चुनावी झटके के बाद सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मूलाधारों पर आत्मावलोकन की आवश्यकता सामने आई है। सिद्धार्थ मिश्रा ने 'हिंदू परंपरा' में ईश्वर के बारे में चर्चा करते हुए किसी आंदोलन से अलग रहते हुए कहा है कि भगवान शंकर विश्वास के प्रतीक हैं, वे हमेशा सत्य बोलते हैं तथा 'त्रिकालदर्शी' हैं, यानी वे अतीत, वर्तमान व भविष्य के बारे में सब कुछ जानते हैं। गोस्वामी तुलसीदास के 'रामचरितमानस' में भगवान शंकर अपनी पत्नी देवी सती से कहते हैं, 'होइहै सोई जो राम रचि राखा', अर्थात वही होगा जिसका निर्धारण पहे ही भगवान राम ने कर रखा है। भगवान शंकर देवी सती से कहते हैं कि राम 'परम ब्रह्म' हैं और वे प्रत्येक व्यक्ति का भाग्य उसके कर्मों के आधार पर निर्धारित करते हैं। भगवान राम के अनुयाइयों के लिए इस चौपाई का अर्थ राम के देवत्व और उनकी महिमा से है।

इस चौपाई के प्रारम्भ के बाद तुलसीदास कहते हैं, 'को करि तर्क बढ़ावै शाखा', अर्थात निरर्थक चर्चा के माध्यम से उनके निर्णय पर विवाद करने का कोई अर्थ नहीं है। इसके बाद यह चौपाई इस कथन के साथ समाप्त होती है कि 'अस कहि लगे जपन हरिनामा, गई सती जहं प्रभु सुखधामा।' इस कथन का अर्थ मूलत: यही है कि जो लोग राम की शरण में जाते हैं उनको उसी प्रकार शांति प्राप्त होती है जिस प्रकार भगवान शंकर की पत्नी देवी सती को प्राप्त हुई थी।

हालांकि, भगवान राम में गोस्वामी तुलसीदास के विश्वास में कहीं पर भी यह उल्लेख नहीं है कि मनुष्यों को उसके अपने 'कर्म' के आधार पर फल प्राप्त होता है और राम की 'रचना' पर इसका कोई प्रभाव पड़ता है। ऐसे में जो लोग भगवान राम को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को पुनर्जीवित करने का प्रतीक मानते हैं, उनको अपने 'कर्म' का आत्मावलोकन करना चाहिए जिसके कारण भगवान राम की 'रचना' सामने आई है। ऐसे तत्वों को हालिया लोकसभा चुनाव में अयोध्या में पराजय से झटका लगा है और यह भी एक प्रतीक है। इसका विस्तार भगवान राम के क्षेत्र अवध और उसके आगे तक हुआ है। हालांकि, इसके अनेक अन्य सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक व सांगठनिक कारण भी हो सकते हैं। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि 'रामजन्मभूमि आंदोलन' ने 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की अवधारणा को पुनर्जीवित करने और इसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

सैकड़ों सालों से प्रतीक्षित भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भगवान राम में लोगों की आस्था और मजबूत होनी चाहिए थी और इसका स्वाभाविक परिणाम भारतीय जनता पार्टी-भाजपा को मिलने वाले चुनावी लाभ के रूप में सामने आना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ जिसके अनेक कारण हो सकते हैं। प्रख्यात अंग्रेजी कवि टी.एस. इलियट ने अपनी लोकप्रिय कविता 'हालो मैन' में लिखा है, 'दुनिया इसी प्रकार समाप्त होती है, किसी विस्फोट के रूप में नहीं, बल्कि एक बहुत हल्की सी आवाज से'। इसी कविता के प्रारंभ में इलियट ने लिखा था, 'बिटवीन द कंसेप्शन एंड द क्रियेशन, बिटवीन द इमोशन एंड द रिस्पांस फाल्स द शैडो', अर्थात अवधारणा और रचना के बीच तथा भावनाओं और प्रतिक्रिया के बीच खाली स्थान होता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि रामजन्मभूमि आंदोलन की समाप्ति चुनावी रूप से किसी विस्फोट के बजाय एक हल्की सी आवाज के रूप में क्यों हुई।

इस वर्ष जनवरी में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा इस शताब्दी का महत्वपूर्ण आयोजन था। अनेक राज्यों में भगवान राम के प्रतीकों वाली फहराती ध्वजाओं तथा लोकप्रिय बालीवुड परंपराओं के अनुसार इस अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक आयोजनों ने संदेहवादियों को भी विश्वास दिला दिया था कि यह आंदोलन हमारी संस्कृति और प्रकृति की आत्मा है। यह आयोजन असाधारण कैमरा कवरेज तथा एकदम सटीक कार्यक्रम के साथ आमतौर से निराशाजनक परिवेश में संभावित 'राम राज्य' के उदय की व्यापक उम्मीदों से भरा था। भगवान राम के शासन यानी 'राम राज्य' को शासन का आदर्श रूप माना जाता है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से इस आयोजन ने भाजपा को अच्छा चुनावी लाभ नहीं दिलाया। पार्टी के रणनीतिकार इस नैतिक रूप से निराशाजनक चुनावी धक्के से हतप्रभ रह गए। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पैरोकारों के लिए 'अवधारणा और रचना तथा भावनाओं व प्रतिक्रिया के बीच खाली स्थान' का पता तब तक नहीं चला जब तक वे 'वीआईपी रूट' और लाखों लोगों द्वारा भगवान रामलला के 'दर्शन' की प्रतिध्वनियों से बाहर नहीं निकले। राम राज्य का अर्थ समाज की उस आदर्श स्थिति से है जिसकी इच्छा भगवान राम ने की थी। इसमें पूर्ण सद्भावना, न्याय, धर्म व समृद्धि शामिल हैं जहां लोग शांति और प्रसन्नता से रह सकें।

महात्मा गांधी ने इस व्याख्या को आगे बढ़ाते हुए कहा था कि सत्य ही राम राज्य है जिसमें राजाओं और निर्धनों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित होंगे। भगवान रामलला के दर्शनों की लाइनों में खड़े गरीब रामभक्तों से पूछें कि क्या आदर्श राज्य आ गया है। रामजन्मभूमि मंदिर में पूरी 'दर्शन' प्रक्रिया के प्रबंधन पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि यह संभवत: 'राम राज्य' के माडल के अनुकूल न हो। मंदिर प्रवेश से गर्भ गृह तक लाल सैंडस्टोन का बिना कारपेट से ढका मार्ग भयानक गर्मी में भक्तों के लिए बहुत कष्टदायक है। यदि गर्म पत्थरों की फर्श पर कारपेट बिछा दिए जाते तथा रास्ते में भयानक गरमी में राहत देने के लिए कारगर एयर कूलर तथा लाइन में लगे लोगों की प्यास बुझाने के लिए वाटर कूलर लगा दिए जाते तो बहुत अच्छा होता। इससे स्पष्ट होता कि मंदिर प्रशासन यहां आने वाले रामभक्तों व श्रद्धालुओं की 'देखभाल' करता है और यह उसके प्रबंधन दायरे से बाहर भी नहीं था।

लेकिन विडंबना है कि मंदिर प्रबंधन तथा वहां व्यवस्था देखने वाले लोगों की ओर से देखभाल के ऐसे कदम नहीं उठाए गए अथवा वे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नाकाफी थे। सैकड़ों वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में बना भव्य राम मंदिर अपनी संरचना और वास्तु के दृष्टिकोण से भव्य है और दावा किया जाता है कि सैकड़ों वर्षों तक उसे किसी प्राकृतिक आपदा से कोई नुकसान नहीं होगा। लेकिन मंदिर के भीतर का पूरा परिवेश 'सेवा' के बजाय 'सुरक्षा' के दृष्टिकोण से ज्यादा प्रभावित लगता है। ऐसे में प्रशिक्षण विहीन निजी सुरक्षा गार्डों की भीड़ एक और समस्या खड़ी करती है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा मांगी गई जानकारियों पर इन सुरक्षा गार्डों के असभ्य जवाबों से मंदिर आंदोलन के बारे में अनेक लोगों की बची-खुची श्रद्धा को भारी धक्का लगता है।

लेकिन इन कष्टों व असुविधाओं के बावजूद रोज लाखों भक्त देश के सभी कोनों से भगवान रामलला के दर्शन के लिए आते हैं। इनके लिए अधिकाधिक सुविधायें प्रदान करने तथा उनको उपयुक्त जानकारियां देने के प्रयास किए जाने चाहिए। बालीवुड की सुपरहिट फिल्म 'नील कमल' में प्रख्यात गीतकार साहिर लुधियानवी की ये पंक्तियां बहुत मशहूर हैं-'मेरे रोम रोम में बसने वाले राम'। इसका अर्थ है कि भगवान राम का सभी मनुष्यों में वास है।

सालों से गाया जाने वाला यह गीत अनेक रामभक्तों की भावनाओं को उजागर करने वाला है। लेकिन यदि अयोध्या के भव्य राम मंदिर में आने वाले लाखों श्रद्धालु राम भक्तों के कष्टों का निवारण नहीं होता है तथा मंदिर प्रशासन का उनके प्रति सेवा भाव जाग्रत नहीं होता है तो इससे 'राम मंदिर आंदोलन' से जुड़े लोगों के प्रति करोड़ों रामभक्तों में श्रद्धा की भावना नहीं जाग्रत होगी।

निश्चित रूप से इन परेशानियों के बावजूद देश-विदेश के करोड़ों भक्तों की भगवान राम के प्रति आस्था में कमी नहीं आएगी, पर वह मंदिर प्रशासन तक विस्तार नहीं लेगी।

# आम बजट: एक आलोचनात्मक विश्लेषण

प्रियंका चतुर्वेदी
(लेखिका शिवसेना नेत्री व राज्यसभा सांसद हैं)



नव निर्वाचित गठबंधन सरकार ने अपना पहला बजट पेश किया। भारत की वित्त मंत्री के रूप में श्रीमती निर्मला सीतारमण ने अपना 7वां बजट पेश किया, और एक नया रिकॉर्ड भी बनाया। भारत के लोगों से बहुत सारे वादे किए गए थे और उनके सामने बहुत सारी चुनौतियाँ थीं - बेरोज़गारी, महंगाई, स्थिर आय - कोई उम्मीद कर सकता था कि आम चुनाव में अपने खराब प्रदर्शन के बाद भाजपा कुछ सबक सीखेगी और सही रास्ता अपनाएगी। हालाँकि यह देखना निराशाजनक था कि जन की बात को नज़रअंदाज़ करने की वही गलती हुई, मैडम मंत्री ने भी प्रधानमंत्री की तरह मन की बात भाषण दिया।

यह केंद्रीय बजट होना था, लेकिन अब इसे आसानी से प्रधानमंत्री सरकार बचाओ योजना की घोषणा कहा जा सकता है, जिसमें उन राज्यों के लिए बड़े वित्तीय पैकेज निर्धारित किए गए हैं जो उनके गठबंधन सहयोगियों द्वारा चलाए जा रहे हैं और जिनके समर्थन की उन्हें अपनी सरकार को निर्बाध रूप से चलाने के लिए ज़रूरत है - बिहार में जेडीयू और आंध्र प्रदेश में टीडीपी। जबकि बिहार के लिए 59000 करोड़ के पैकेज की घोषणा की गई, यह आंध्र प्रदेश के लिए 15000 करोड़ था।

हालांकि, विशेष दर्जे की उनकी मांग पर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है। अन्य राज्यों के हितों की अनदेखी करके राजनीतिक रूप से प्रेरित राज्य बजट आवंटन करना भविष्य की सरकारों के लिए गलत मिसाल कायम करता है। ये फंड आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर रहे हैं, बल्कि उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं को पूरा कर रहे हैं। गठबंधन द्वारा संचालित महाराष्ट्र, एक ऐसा राज्य जो केंद्र को सबसे अधिक कर देता है, को कई विपक्षी-शासित राज्यों के अलावा (प्रधानमंत्री सरकार बचाओ योजना) से कोई विशेष आवंटन नहीं मिला।

यह शर्म की बात है कि केंद्र ने समानता के सिद्धांत की खुलेआम अवहेलना की है और राज्यों के बीच भेदभाव करना चुना है। महाराष्ट्र नए हवाई अड्डों, समर्पित व्यापार / स्मार्ट सिटी, राजमार्गों और सड़कों जैसे उपहार शहर की मांग करता है, लेकिन इन सभी को नजरअंदाज कर दिया गया। महाराष्ट्र के प्रति भाजपा की असली नफरत एक बार फिर उजागर हुई है। विपक्ष के नेतृत्व वाले राज्य ने अब प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग की आगामी बैठक का बहिष्कार करके इस भेदभाव पर अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है। बजट में वित्त मंत्री ने 20-30 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम पेश किया और भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में युवाओं के लिए 1 करोड़ इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने की प्रतिबद्धता जताई। इसका मतलब यह होगा कि प्रत्येक कंपनी को अपने सीएसआर से निर्धारित 5000 रुपये प्रति माह के वजीफे पर 20,000 प्रशिक्षुओं को काम पर रखना होगा।

इसका यह भी मतलब है कि स्नातक/स्नातकोत्तर जो रिकॉर्ड 9.2त्न बेरोजगारी दर का हिस्सा हैं और सार्थक रोजगार की तलाश कर रहे हैं, उन्हें इस कार्यक्रम से संतुष्ट होना पड़ेगा, जो यह संबोधित नहीं करता है वह अत्यधिक कुशल युवाओं के लिए रोजगार या उद्यमशीलता के अवसर पैदा करना है। यह कॉर्पोरेट अग्निवीर कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य कमरे में मौजूद हाथी को संबोधित करना नहीं है जो बेरोजगारी है बल्कि युवाओं की दुर्दशा का मजाक उड़ाना है। इसी तरह, वित्त मंत्रालय ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की बात की, लेकिन लिंग वेतन अंतर को दूर करने, उन्हें अधिक नौकरियां दिलाने, कर छूट के माध्यम से बचत को प्रोत्साहित करने या पारिवारिक बजट चलाने में मुद्रास्फीति के बोझ को कम करने में मदद करने वाली कोई भी पेशकश नहीं की।

संबल एक छत्र योजना है, जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, नारी अदालत, महिला पुलिस स्वयंसेवक, महिला हेल्पलाइन आदि शामिल हैं। 2020-21 में, जब ये योजनाएं अलग थीं, संबल के तहत शामिल केवल चार के लिए बजट अनुमान 640 करोड़ था, जो कि 24-25 के लिए बजट अनुमान में आवंटित राशि (629 करोड़ रुपये) से अधिक है।

वित्त मंत्री और पूरी सरकार राजकोषीय विवेक बनाए रखने और राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखने के लिए खुद की पीठ थपथपा रही है, लेकिन यह एक क्लासिक मामला है कि ऑपरेशन सफल रहा लेकिन धैर्य खत्म हो गया, आम जनता के पास पर्याप्त बचत नहीं है, निवेश करने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है और उपभोग वृद्धि अब तक की सबसे कमजोर है।

तथ्य यह है कि 2023-24 में निजी अंतिम उपभोग वृद्धि केवल 4 प्रतिशत थी, जबकि कुल जीडीपी वृद्धि दर 8 प्रतिशत से अधिक थी, जो इसे स्पष्ट रूप से दर्शाता है। सरकार एक बार फिर किसानों की दुर्दशा पर ध्यान नहीं दे पाई है। यदि इंटरनेट सेवाओं को बंद करना और किसानों को विरोध करने से रोकने के लिए आंसू गैस के गोले का उपयोग करना पर्याप्त नहीं था, तो केंद्रीय बजट में किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी या छूट या कम ब्याज दरों के माध्यम से कृषि ऋण के लिए किसी भी तरह की सहायता का कोई उल्लेख नहीं है। अरबपतियों द्वारा हजारों करोड़ की शादियां करने और बेरोजगार युवाओं द्वारा नौकरियों को लेकर मोहर लगाने जैसी स्थितियों के साथ, केंद्रीय बजट बड़े पैमाने पर धन असमानता को संबोधित करने से चूक गया है।

जबकि युवाओं के रोजगार के लिए पैकेज पेश किए गए हैं, बजट में आबादी के सबसे गरीब और सबसे अमीर वर्गों के बीच की खाई को कम करने पर ध्यान नहीं दिया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण में आय में असमानता को इंगित करने के बावजूद, जिसमें शीर्ष 10 प्रतिशत की आय का एक तिहाई हिस्सा है, किसानों और मजदूरों के उत्थान या धन करों में वृद्धि के उपाय अनुपस्थित हैं। वित्त मंत्री द्वारा लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स पर टैक्स घटाने की घोषणा एक तरह से धोखा है। ऐसा प्रतीत होता है कि लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स पर टैक्स 20त्न से घटकर 12.5त्न ??हो गया है, लेकिन इंडेक्सेशन लाभ समाप्त कर दिया गया है। इसका मतलब यह है कि संपत्ति, सोना और अन्य गैर-सूचीबद्ध संपत्तियों की बिक्री से होने वाले मुनाफे को मुद्रास्फीति के साथ समायोजित नहीं किया जाएगा और अधिक राशि पर कर लगेगा, जिससे निवेशकों पर कर का बोझ बढ़ेगा और संपत्ति, सोना और शेयरों में निवेश लाभहीन हो जाएगा। प्रधानमंत्री सरकार बचाओ योजना भाजपा के आवश्यक सहयोगियों को पूरा करती है।

जनता, विपक्ष और अधिकांश राज्यों की जरूरतों को नजरअंदाज किया गया है। जबकि देश के 90 प्रतिशत लोगों की चिंताओं को नजरअंदाज करना इस सरकार के लिए कोई नई बात नहीं है, लेकिन आम चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन के बाद भी इसे जारी देखना निराशाजनक है। हालांकि, कोई भी उम्मीद कर सकता है कि संसद में विपक्षी सदस्यों का बढ़ता प्रतिनिधित्व और उत्साह इस सत्र में केंद्रीय बजट में उपयोगी विचार-विमर्श और परिवर्धन का कारण बन सकता है।

## आप की बात

### उमर अब्दुल्ला से सवाल

**उमर अब्दुल्ला** ने उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में कावड़ यात्रा के दौरान भोजनालयों पर उनके मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों के सहयोग के बिना तो हमारे यहां अमरनाथ यात्रा तक संभव नहीं है और अमरनाथ यात्री तो मुस्लिमों के कंधों पर भी यात्रा करते हैं। ऐसे में किसी को उनका धर्म नहीं दिखाई देता है। उनकी बातें ठीक हैं, लेकिन हम उनसे यह पूछना चाहते हैं कि आपके राज्य में आज भी अनेक हिंदू सुरक्षित क्यों नहीं है? क्या इसकी जिम्मेदारी आप जैसे कश्मीरी राजनेताओं की नहीं है? आज भी मौका मिलते ही कश्मीर में हिंदुओं व सेना के जवानों को कौन गोलियां मार कर उनकी जान ले रहा है? अक्सर आप जैसे नेता आतंकियों के बेकसूर और बेगुनाह होने की बात करते तथा पाकिस्तान से बातचीत की पैरोकारी करते हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि आज हिंदू-मुस्लिम संबंध भारी तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। लेकिन सवाल है कि कुछ मुस्लिम अपनी पहचान छिपाना क्यों चाहते हैं? क्या ऐसा कर वे हिंदुओं के बिजनेसों पर कब्जा करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं? जब सभी स्थानों पर नाम प्रदर्शित करना सामान्य बात है तो मुस्लिम दूकानदार अपना नाम लिखने से क्यों बचना चाहते हैं?

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### मोदी का निरर्थक विरोध

**राष्ट्रहित और जनहित** में मोदी सरकार कोई भी काम करे, विपक्ष हर वक्त उसकी आलोचना के लिए एक पांव पर खड़ा रहता है। हालांकि विपक्षियों को संवैधानिक अधिकार है कि वे सरकार की खामियों को बतायें और उसमें सुधार हेतु सुझाव दें किन्तु सदैव संसद में शोर-शराबा मचाना ही उसका उद्देश्य रहा है। इस बार संतुलित बजट आया है, पर इसके बावजूद विपक्ष इसका विरोध करते हुए बजट सत्र में बहस में भाग भी नहीं ले रहा है। इस पर राज्यसभा के उप-सभापति ने कहा है कि इस प्रकार संविधान और लोकतंत्र बचाने की बात करने वाला विपक्ष खुद लोकतंत्र और संविधान का उल्लंघन कर रहा है। विपक्ष ने बजट पर अनेक सवाल उठाए, लेकिन जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जवाब देने खड़ी हुईं तो विपक्ष ने उनकी बात सुने बिना वाकआउट कर दिया। इससे लगता है कि विपक्ष मोदी सरकार को घेरने के लिए कुछ भी करने को तैयार है और इसके लिए सदन, संविधान और लोकतंत्र की गरिमा उसके लिए कुछ भी नहीं है। राहुल गांधी ने लोकसभा में किसान नेताओं को बुला कर उनको ऐसे समय सरकार के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया, जब सर्वोच्च न्यायालय इससे संबंधित एक मामले पर फैसला दे चुका था।

- **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### ममता की रणनीति

**घुसपैठियों** के माध्यम से अपना वोटबैंक बढ़ाने के ममता के कुत्सित प्रयासों में अभी भी कमी नहीं आई है। इसका ताजा प्रमाण हाल में दिया बयान है जिसमें उन्होंने कहा कि बंगलादेश के शरणार्थियों के लिए बंगाल के दरवाजे खुले हैं। उनका यह बयान भारत सरकार को चुनौती के साथ यह भी दर्शाता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल को अपनी निजी जागीर मानती हैं। ममता को समझना चाहिए कि किसी विदेशी को शरण देना या न देना विशुद्ध रूप से केन्द्र सरकार का विषय है। लेकिन ममता बनर्जी वोट बैंक के पीछे इतनी अंधी और स्वार्थी हो गई है कि उन्होंने अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए देश हित को भी ताक पर रख दिया है। ये वही ममता है जिन्होंने अटल बिहारी सरकार में देश से रोहिंग्याओं को निकालने के लिए संसद में सबसे पहले मांग की थी। लेकिन विडंबना है कि आज वे बंगाल की सीमाओं पर बंगलादेशियों के स्वागत के लिए पुष्प गुच्छ लिए खड़ी हैं। देश के सभी लोगों तथा सभी राजनीतिक दलों को ममता बनर्जी की इस रणनीति का विरोध करना चाहिए। लेकिन विडंबना है कि मोदी के विरोध में कुछ भी करने को तैयार विपक्षी इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने इसके प्रति अपनी आंखें बंद कर ली हैं।

- **नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

### जलभराव से संकट

**दिल्ली** के पटेल नगर में जलभराव के साथ ही गेट में करंट आने पर गाजीपुर के एक युवा की मृत्यु हो गई। इसकी गंभीरता से जांच जरूरी है। आखिर इस मौत का कौन जिम्मेदार है? जलभराव की स्थितियों में अक्सर करेंट उतर आने से खतरा और बढ़ जाता है। इस मानसूनी मौसम में दिल्ली में जलभराव की घटनायें अनेक स्थानों पर सामने आई हैं। जलभराव के कारण अनेक स्थानों पर कुल मिलाकर दो बच्चों के डूबने सहित कुल 11 लोगों की मृत्यु हो गई है। हालांकि, दिल्ली के उप-राज्यपाल गंभीर दिखाई देते हैं और आप सरकार की मंत्री भी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करती हैं, लेकिन समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं निकल पाता है। प्रत्येक वर्ष बारिश के दिनों में अंडरपास में पानी भर जाता है, गाड़ियां डूब जाती है और यात्रियों को आने-जाने में कठिनाई होती है। जलभराव होने पर मोटर पंप लगा कर पानी निकाल दिया जाता है लेकिन एक भारी बारिश के बाद फिर वही समस्या खड़ी हो जाती है। आवश्यकता है कि देश की राजधानी तथा महत्वपूर्ण आयोजनों का स्थल दिल्ली में जलभराव का स्थाई समाधान निकाला जाए।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# ट्रेक पर गिरे विशालकाय पेड़ से टकरा कर मुल्ला के पास क्षतिग्रस्त हुई रायपुर-केंवटी डेमू ट्रेन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



बस्तर संभाग के अंतागढ़ और भानुप्रतापपुर को ट्रेन सेवा देने वाली रायपुर-केंवटी डेमू ट्रेन मुल्ला के पास 26 जुलाई को हादसे का शिकार हो गई। ट्रेक पर गिरे विशालकाय पेड़ से डेमू ट्रेन टकरा गई और उसका इंजन बेपटरी हो गया। हादसे के चलते इस रूट पर ट्रेन सेवा ठप हो गई है। रेलवे का अमला इंजन को पटरी पर लाने और सेवा बहाल करने की कोशिशों में जुटा हुआ है। हादसे में डेमू ट्रेन के लोको पॉयलट को मामूली चोट आई है। रायपुर से वाया दुर्ग, गुंडरदेही, बालोद, दल्लीराजहरा होती हुई भानुप्रतापपुर केंवटी तक चलने वाली डेमू ट्रेन अंतागढ की तरफ जाते समय विशालकाय बरगद पेड़ से टकरा गई। इस घटना में ट्रेन पटरी से उतर गई और लोको पॉयलट को साधारण चोट आई है। बताया जा रहा है कि उत्तर बस्तर में लगातार हो रही बरसात के कारण रेलवे लाइन के किनारे केंवटी भानुप्रतापपुर और दल्ली राजहरा के बीच ग्राम मुल्ला के पास स्थित एक विशाल बरगद का पेड़ जड़ सहित उखड़ कर रेलवे ट्रेक पर गिर गया था। बताया जा रहा है कि डेमू पैसेंजर ट्रेन की खाली रैक दल्लीराजहरा से केंवटी भानुप्रतापपुर जा रही थी। यह ट्रेन सुबह करीब 6 बजे केंवटी से छूटकर दल्ली राजहरा, बालोद होती हुई रायपुर जाने वाली थी। लेकिन ट्रेन भानुप्रतापपुर केंवटी पहुंचने से पहले मुल्ला कैंप के पास रेलवे ट्रैक पर गिरे बरगद पेड़ से टकरा गई। विजिबिलिटी कम होने के कारण लोको पॉयलट की नजर ट्रेक पर गिरे पेड़ पर नहीं पहुंच पाई और यह हादसा हो गया। पेड़ से टकराने के कारण इंजन का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है, विंड स्क्रीन की ग्लास टूट गई है और एक पहिया ट्रेक से उतर गया है। ग्लास के टुकड़े लोको पॉयलट के शरीर पर चुभ गए। इधर रेलवे का बड़ा अमला अधिकारियों के नेतृत्व में मौके पर पहुंच गया है और रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहा है। बेपटरी हुए इंजन को वापस ट्रेक पर लाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। दुर्घटना की वजह से 26 जुलाई को भानुप्रतापपुर से दुर्ग रायपुर की ओर जाने वाली ट्रेन रद्द हो गई है। जिससे आम लोगों को आज असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।उल्लेखनीय है कि रायपुर भानुप्रतापपुर केंवटी डेमू ट्रेन सोमवार से बुधवार तक सुबह 7 बजे चलने वाले ट्रेन भी आज शुक्रवार होने के कारण नही चल पाने से क्षेत्र के लोगों को दूसरी ट्रेन की सुविधा नहीं मिल पाई। इसके चलते भानुप्रतापपुर, दल्लीराजहरा, बालोद सहित आसपास के सैकड़ों गांवों के लोग आज ट्रेन सुविधा से वंचित हो गए। उन्हें बसों का सहारा लेना पड़ा। रेलवे महकमां ट्रेन सेवा बहाल करने में जुटा है। कहा जा रहा है कि शनिवार सुबह तक ट्रेन सेवा पूरी तरह बहाल हो जाएगी।

# इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, के निदेशक ने केवीके के प्रदर्शन इकाईयों का किया भ्रमण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के निदेशक विस्तार सेवाए डॉ. अजय वर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के अंतर्गत संचालित केवीके प्रक्षेत्र एवं कृषक प्रक्षेत्र के विभिन्न गतिविधियों का समीक्षा कर प्रदर्शन इकाईयों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान केन्द्र के प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने जानकारी दिया कि खरीफ2024 में केवीके प्रक्षेत्र में सोयबीन, उड़द एवं धान के फसलों का बीज उत्पादन कार्ये हेतु बुआई तथा रोपाई का कार्य पूर्ण हो चुका है साथ ही केवीके के स्माल नर्सरी एवं हाई टेक नर्सरी में पौध एवं सब्जी वर्गीय फसलों का पौध समाग्री का उत्पादन कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही केवीके द्वारा कृषक प्रक्षेत्र में सोयबीन एवं मूंगफली की उन्नत किस्मों का 80 हैक्टेयर क्षेत्र में समूह अग्रिम फसल प्रदर्शन भी लिया जा रहा है। डॉ अजय वर्मा ने भ्रमण के दौरान प्रगतीशील कृषक मोहित साहू निवासी ग्राम पड़कीडीह के प्रक्षेत्र में केवीके, बेमेतरा के द्वारा संचालित सोयबीन व धान की प्रदर्शन इकाईयों का भी भ्रमण किया एवं कृषक के प्रक्षेत्र में स्थापित समन्वित कृषि पद्धति मॉडल व कृषि यंत्र कार्यशाला का अवलोकन एवं निरीक्षण करते हुए उनकी प्रशंसा की। कृषक मोहित साहू द्वारा कृषि के क्षेत्र में नवीन तकनीक जैसे उन्नत किस्म, बोवाई विधि एवं कृषि उपकरणों में कार्य कुशलता तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वैज्ञानिकों से मागदर्शन प्राप्त कर अपनी कृषि के आय में वृद्धि होने की जानकारी निदेशक को दी गई। उन्होंने मोहित साहू के कार्यो की सराहना करते हुए कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य किये जाने पर मिलने वाले राज्य स्तरीय सर्वोच्च पुरूस्कार डॉ खुबचंद बघेल आवार्ड के नामांकन हेतु आवेदन प्रेषित करने के लिए भी मार्गदर्शन दिया। डॉ अजय वर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के हाईटेक नर्सरी में फ्ल एवं सब्जी वर्गीय पौध सामग्री उत्पादन कार्य की समीक्षा के दौरान उसकी सराहना करने हुए जिले के कृषकों के मांग अनुसार पौध सामग्री का उत्पादन और बढ़ाने हेतु आवश्यक मागदर्शन दिया। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी, डॉ तृप्ति ठाकुर एवं कार्यक्रम सहायक डॉ अखिलेश कुमार कुलमित्र उपस्थित रहे।

# कुम्हारी पालिका अध्यक्ष ने किया पीआईसी पुनर्गठन, नए को मौका



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद कुम्हारी के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने अपनी पीआईसी (प्रेसीडेंट इन काउंसिल) का पुनर्गठन किया है बता दे कि नए पीआईसी गठन में पूर्व में गठित मेम्बरों के विभागों में फेरबदल करते हुए एक नए पार्षद को शामिल किया गया है। जिसकी सूचना बुधवार को समस्त पीआईसी मेम्बर व नगर पालिका अधिकारियों को दे दी गई । इस विषय पर अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा कि पीआईसी मेम्बरों के पुनर्गठन निकाय चुनाव पूर्व नगर की अधूरी योजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण करने तथा कामकाज में अधिक पारदर्शिता एवं कसावट के साथ अपने कर्तव्यों का तत्परता से पालन करने के उद्देश्य से किया गया है । अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए कहा कि पीआईसी गठन में अनुभवी, युवा व मेहनती पार्षदों को स्थान दिया गया है। जिससे कि जनाकांक्षाओं को समय पर पूर्ण करने शिथिल पड़ी योजनाओं को गति देने परिषद में नवीन ऊर्जा का संचार कर नगर में विकास की परिकल्पना मोर कुम्हारी को भव्य साकार रूप देने के लिए हमारे समस्त पार्षदों का महत्वपूर्ण योगदान रहे ।

### तीन महीने रहेगी नई पीआईसी

नए पीआईसी मेम्बरों को महज तीन माह ही काम करने का मौका मिलेगा बता दे कि पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर का कार्यकाल जनवरी 2025 तक है। हालांकि अंदेशा है कि इसी सत्र दिसंबर के अंत तक चुनाव हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में नई पीआईसी का कार्यकाल मात्र तीन माह का होगा। बता दे कि वर्तमान पीआईसी सदस्यों में राकेश कुर्रे को छोड़कर बाकी सदस्य पिछले चार सालों से अधिक समय तक अध्यक्ष की टीम के मेंबर रहे हैं ।

### राजनैतिक गलियारों में चर्चा गर्म

नए पीआईसी मेम्बरों के गठन में पालिका अध्यक्ष ने वार्ड 14 के पार्षद ओमनारायण वर्मा के स्थान पर वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद राकेश कुर्रे को स्थान देकर राजनैतिक गलियारों में चर्चा का माहौल बना दिया है हालांकि विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर राकेश कुर्रे को पीआईसी में शामिल कर मौका देने की बात सामने आ रही है । लेकिन अध्यक्ष द्वारा अचानक लिए गए इस फैसले को लेकर राजनीतिक गलियारे में कई तरह की चर्चा हो रही है । बाकी विभागों में फेरबदल से पीआईसी में अभी 7 पार्षद है। जिसमें 6 पार्षद पुराने मेम्बर है वहीं एक मेम्बर वार्ड 14 के पार्षद ओमनारायण वर्मा को बदलते हुए नए पार्षद राकेश कुर्रे को स्थान दिया गया है। कुम्हारी में अभी 24 वार्ड है। इसमें 17 वार्डों में कांग्रेसी पार्षद तो 6 वार्ड में भाजपा और 1 वार्ड में निर्दलीय पार्षद है ।

### इन पार्षदों को मिला ये विभाग

वार्ड चार के पार्षद मनहरण यादव को आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग ,पार्षद जानकी ध्रुव को जल कार्य विभाग, पार्षद थनेश पटेल, को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा विभाग, पार्षद युजेन्द्र कुमार साहू को, राजस्व तथा बाजार विभाग, पार्षद राकेश कुर्रे को खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास एवं नियोजन विभाग, पार्षद नीतू रावते को शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग, पार्षद के. रवि कुमार को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग का प्रभार दिया गया है ।

# निकाय के अधिकारी कर्मचारी पहुचेंगे आपके वार्ड

## 12 दिनों तक जनसमस्या निवारण शिविर लगा सुनेंगे समस्याएं, करेंगे मौके पर निराकरण



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

आने वाले 12 दिनों तक नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी वार्ड वार्ड दस्तक देंगे। आपके वार्ड और आपके द्वार पहुच आपकी समस्याओं से रूबरू होंगे। और उन समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करेंगे। आज शनिवार से नगरपालिका बालोद के अधिकारी कर्मचारी जन समस्या निवारण शिविर लगाकर निकाय क्षेत्र के नागरिकों की जन समस्या से अवगत होंगे। जनसमस्या निवारण का पहला शिविर आज वार्ड एक शहीद भगत सिंह वार्ड और वार्ड 20 इंदिरा वार्ड के वासियों के लिए पुराना ग्राम पंचायत भवन पाररास में लगाया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा कि नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी वार्डो में शिविर लगाकर वार्डवासियों की तमाम समस्याओं से अवगत होंगे। शिविर का आयोजन 27 जुलाई से 7 अगस्त तक सुबह 10 बजे किया जाएगा। आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर में नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धापेंशन, सामाजिक सुरक्षा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामातंरण, स्वरोजगार के प्रकरण, तथा नल लिकेज, नलों में पानी का ना आना, नालियो, गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी का बहना, कचरे की सफाई, टूटी फूटी नालियों का मरम्मत, स्ट्रीट लाईट जैसे समस्याओं का निराकरण मौके पर किया जाएगा। शिविर में करदाताओं से करों की भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने है।

### 7 जुलाई शिविर का अंतिम दिन

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा संबंधी कर्तव्यों का निर्वहन हेतु प्रभारी अधिकारी सहायक अभियंता सलीम सिद्दकी, और सहायक अधिकारी राजस्व उप निरीक्षक गिरीश साहू को नियुक्त किया गया है। साथ ही नगर पालिका के सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने शाखा से संबंधित समस्त जानकारी, दस्तावेज आवेदन प्रारूप के साथ आज सुबह 10 बजे से शिविर स्थल पर अनिवार्यतः उपस्थित रहेंगे। दरअसल छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक/4552/4603/2024/18 नवा रायपुर अटल नगर 15 जुलाई में दिये गये निर्देशानुसार नगरीय निकायों द्वारा अपने निकाय क्षेत्र के नागरिकों को यथा जन समस्याओं से अवगत होने शासन के विभिन्न कार्यक्रमों के आंकलन करने और आम जनता से जनसंपर्क करने हेतु जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज 27 जुलाई से 7 अगस्त 2024 तक किया जाना है।

### इन वार्डो के लिए इन स्थानों में लगाए जाएंगे शिविर

सीएमओ सौरभ शर्मा ने बताया कि आज 27 जुलाई को वार्ड एक शहीद भगत सिंह वार्ड और वार्ड 20 इंदिरा वार्ड के वासियो के लिए पुराना ग्राम पंचायत भवन पाररास में, 29 जुलाई को वार्ड 2 सजंय नगर वार्ड और वार्ड 3 महामाया वार्ड वासियो के लिए महामाया रगमंच वार्ड- तीन में, 30 जुलाई को वार्ड-4 महात्मा गांधी वार्ड और वार्ड-5 हलधर वार्ड वासियो के लिए गांधी भवन परिसर में, 31 जुलाई को वार्ड-6 महावीर वार्ड और वार्ड-7 गुरुघासीदास वार्ड वासियो के लिए दंतेश्वरी रंगमंच पांडेपारा में, 1 अगस्त को वार्ड-8 गणेश वार्ड और वार्ड-9 सरदार पटेल वार्ड वासियो के लिए मोखला मांझी मंदिर रंगमंच में, 2 अगस्त को वार्ड-10 सुभाष वार्ड और वार्ड-11 जवाहर पारा वार्ड वासियो के लिए बेसिक शाला रंगमंच में, 3 अगस्त को वार्ड-12 लाल बहादुरशास्त्री वार्ड और वार्ड-13 डॉ अम्बेडकर वार्ड के वासियो के लिए आमापारा रंगमंच में, 5 अगस्त को वार्ड-14 पंडित दीनदयाल वार्ड और वार्ड 15 शहीद वीर नारायण सिंह वासियो के लिए कुन्दरूपारा (भाठापारा) रंगमंच में, 6 अगस्त को वार्ड-16 शहीद गैंदसिंह वार्ड और वार्ड 17 शीतला वार्ड वासियो के लिए शिकारीपारा रंगमंच में एवं 7 अगस्त को वार्ड-18 तिलक वार्ड और वार्ड-19 स्वामी विवेकानंद वार्ड वासियो के लिए ऑंगनबाड़ी भवन वार्ड- मांक 19 में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है ।

# विद्या ज्योति हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com





गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुम्हारी नगर में स्थित विद्या ज्योति हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में वर्ष 2024-25 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के डायरेक्टर रेवरेंड फादर फेलिक्स फर्नांडीस, विशेष अतिथि के रूप में विकास सिन्हा ठेकेदार बिलासपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल की छात्राओं द्वारा ईश्वर वंदना से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य फादर लीजो मैथ्यू द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया तथा अतिथियों द्वारा स्कूल फ्लैग फहराया गया । विद्यालय के नव चयनित हेड बॉय करण टिर्के और हेड गर्ल नवनीत कौर भाटिया को मनोनीत किया गया। स्कूल बैच के चारों हाउस का भी गठन किया गया स्कूल बैच के चारों हाउस का भी गठन किया गया जिसमें ब्लू हाउस कैप्टन मोहम्मद फैजान एवं शिवानी तिवारी, ग्रीन हाउस कैप्टन आदित्य यादव और डिंपल निषाद, रेड हाउस कैप्टन प्रियांशु सिंह और प्राची शुक्ला, येलो हाउस कैप्टन आर्यन कुमार यादव और एलिजाबेथ खाखा और वाइस कैप्टन ब्लू हाउस प्रज्वल देवांगन और दिशा दीक्षित, वाइस कैप्टन ग्रीन हाउस लीजेन्द्र वर्मा और जानवी राजवानी वाइस कैप्टन रेड हाउस चंचल डहरिया और महक तिवारी, वाइस कैप्टन येलो हाउस प्रियांशु डहरिया और विधि देवांगन एवं स्कूल के कक्षा सभी मॉनिटरों ने मार्च करते हुए स्कूल फ्लैग को सलामी दी। विद्यालय के प्राचार्य लीजो मैथ्यू ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं सॉल भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थी परिषद के नए पदाधिकारी को स्कूल बैच चारों हाउस (ब्लू ग्रीन रेड येलो) एवं मॉनिटर बैज प्रदान कर शपथ ग्रहण कराया गया। रेवरेंड फादर फेलिक्स फर्नाडिस ने अपने उद्बोधन में बताया कि मान प्रदान (इन्वेस्टर) एक महत्वपूर्ण अवसर है जहां नव निर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को कुछ भूमिकाएं और जिम्मेदारियां सौंपी जाती है इनका निर्वहन कर उन्हें विद्यालय अनुशासन में रहकर पूर्ण करना होता है । कार्यक्रम की अगली कड़ी में अतिथियों द्वारा विद्यालय के नवनिर्मित साइकिल स्टैंड का उद्घाटन किया गया तथा विद्यालय की उन्नति एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की गई । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्कूल कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। विद्यालय की शिक्षिका नीलिमा पॉल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आशा विश्वकर्मा ने किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# विधायक दीपेश साहू ने विधानसभा मे उठाया जिला अस्पताल का मुद्दा

## डॉक्टरों और नर्सिंग स्टॉप सहित आवश्यक चिकित्सक उपकरण की रखी मांग

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के चौथे दिन बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने विधानसभा प्रश्न काल में जिला चिकित्सालय का मुद्दा विधानसभा पटल पर रखा । विधायक दीपेश साहू ने कहा कि बैकुंठपुर से भी ज्यादा दुर्दशा बेमेतरा जिला अस्पताल का है जिला अस्पताल सिर्फ रिफर सेंटर बनकर ही रह गया है। विधायक दीपेश साहू ने कहा की मै हर सप्ताह जिला अस्पताल का निरीक्षण करता हूं लेकिन कहीं कुछ सुधार नहीं हो पा रहा है द्य इसलिए आज जिले की बात को विधानसभा के पटल पर रख रहा हूं। अध्यक्ष से निवेदन है कि बेमेतरा जिले में भी जो उचित व्यवस्था हो चाहे वह डॉक्टरों की हो या नर्सिंग स्टॉप की हो या जितने आवश्यक उपकरण इलाज के लिए हो तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया उक्त संदर्भ में विद्यालय के प्राचार्य मालिक राम वर्मा के द्वारा भैया, बहनों को संबोधित किया गया साथ ही भैया, बहनों ने कारगिल विजय दिवस के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किये जिसमें निबंध के प्रतिभागियों में उत्तम साहू, खुशी यादव, अनुज डेहरे, प्रिया चक्रधारी, ऐश्वर्य कोशले, शामिल रहे !साथ ही भाषण में नरेंद्र, एवं विष्णु साहू शामिल रहे। तथा स्लोगन, कविता, चित्रकला रंगोली एवं प्रश्न मंच में डिगेश्वरी वर्मा, हर्ष दुबे , तरुण साहू, विनय वर्मा, प्रताप कोशले, पूर्वी वर्मा, रीवा साहू, भूमिका वर्मा, पूर्वी वर्मा, पुष्पांजल शर्मा, दुर्गेश वर्मा, भूपेंद्र साहू, कुसुम निषाद, माधुरी साहू, साहिल निषाद, कुसुम पाल, मोनिका वर्मा, शामिल रहे! कार्यक्रम के अंत में वीर सपूतों को नमन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया किया गया, इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रभारी मुरलीधर साहू, गिरधारी लाल सिन्हा तारिणी साहू के साथ विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु, एवं दीदी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख केशों सिंह वर्मा के द्वारा प्रेषित किया गया है।

# विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर किया सदन का ध्यानाकर्षण

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के पांचवें दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सदन में प्रदेश के पेंशनधारियों, राशन वितरण, पोषण आहार एवं दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं व उसके लाभार्थियों के संबंद में प्रश्न किया। इस दौरान भावना बोहरा ने मेकाहारा में स्वास्थ्य जांच, उचित ईलाज एवं उपलब्ध उपकरण के संचालन सहित रिक्त पदों पर भर्ती के विषय में ध्यानाकर्षण किया।भावना बोहरा ने कहा कि प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सालय डॉ.भीमराव आंबेडकर अस्पताल रायपुर में रोजाना 1500 से भी ज्यादा मरीज ईलाज कराने आते हैं, जिसमें लगभग 90 प्रतिशत निम्नवर्गीय परिवार से होते हैं। लीवर, किडनी, सर्दी-जुकाम और बुखार की जांच के लिए किए जाने वाले एलएफटी, और आरएफटी, टेस्ट भी यहां नहीं हो पा रहे हैं। इसके साथ ही ऐसे अनेक प्रकार की जांच कई दिनों से बंद हैं जिससे आपात स्थिति में पहुंचने वाले मरीजों को ज्यादा परेशानी हो रही है जिसके लिये मरीजों को निजी लैब जाना पड़ रहा है और उनसे मनमानी फीस वसूली की जा रही। कई मरीजों का टेस्ट सही समय में नही होने के कारण उनका ईलाज भी शुरू नहीं हो पा रहा है इसके साथ-साथ एमआरआई एवं सोनोग्राफी कराने के लिये मरीजों को दो माह तक वेटिंग दिया जा रहा हैं। वही कैंसर डिटेक्टर पैट स्कैन मशीन व गामा मशीन खरीदे लगभग 6 वर्ष हो चुका है, किन्तु आज तक उसका सञ्चालन नहीं हो रहा है। यहां तक की मृत्यु हो जाने पर परिजनों को मृत्यु प्रमाण-पत्र लेने के लिये भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अतः उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए मरीजों व उनके परिवारजनों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए व्यापत समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए।

# संकुल नया बाजार राजहरा के अंतर्गत सभी स्कूलों में शिक्षा सप्ताह का आयोजन



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

संकुल नया बाजार राजहरा के अंतर्गत 4 प्राथमिक,2 माध्यमिक शालाओं में शिक्षा सप्ताह 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शिक्षा नीति 2020 के तहत दिवस अनुसार TLM, FLN, Eco club, sports day, cultural day एवं SKILL DAY,TECHNOLOGY IN EDUCATION Divas का आयोजन सभी संस्थाओं मे किया गया। जिसमें संस्थाओं के सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने अपनी सहभागिता निभाई. खम्हारटोला 02 के बच्चों ने बेटी हूँ मै बेटी बालिका गीत की प्रस्तुति दी। सेजेस माध्यमिक शाला नया बाजार की बालिकाओं ने रे रिलो नृत्य की प्रस्तुति दी। सेजेस नया बाजार के बच्चों ने हम हैं राही हम सिपाही कविता को प्रस्तुत किया। संस्था नया बाजार सेजेस के प्राचार्य टी. आर. रानाड़े, प्रधानपाठिका शीला खांडेकर एवं वेडसी सुमोद, शिक्षक योगेंद्र नाथ देवांगन, जयंत्री ठाकुर, संकुल समन्वयक राजमल जैन एवं संकुल के समस्त शिक्षकों का शिक्षा सप्ताह के सफ्ल संचालन मे विशेष योगदान रहा है. उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत जन जन साक्षर हेतु जन समुदाय, नागरिकों, शिक्षकों एवं बच्चों को उल्लास -शपथ सभी संस्थाओ मे दिलाई गई।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण, मिली कई खामियां

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com





कलेक्टर जनमेजय महोबे ने शुक्रवार को कवर्धा के वार्ड क्रमांक 10 और कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम जिंदा में संचालित कुल तीन अलग-अलग आंगनबाड़ी केन्द्रों का अकास्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं द्वारा केन्द्रों के संचालन तथा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विभागीय दिशा-निर्देशों का अनुपालन में बरती जा रही उदासिनता पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने ग्राम संबधित परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षक के विरूद्ध शोकॉज नोटिस जारी करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम जिंदा से संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र को बेहतर रख-रखाव करने ग्राम सचिव को निर्देशित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं सचिव से समन्वय कर आवश्यक कार्य कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान राज्य शासन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज मिलने वाली रेटी टूईट, पोषण आहर, गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण अभियान और वर्तमान में संचालित शिशु संरक्षण माह के कार्यो की जानकारी ली। कलेक्टर ने कवर्धा के वार्ड क्रमांक 10 मे संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए वहां दर्ज बच्चों, उपस्थित बच्चों और वर्तमान में संचालित शिशु संरक्षण माह के तहत किए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण की जानकारी ली। यहां बताया कि वार्ड क्रमांक 10 शिशु संरक्षण माह अभियान के अतंर्गत शिशुवती 10 बच्चों सहित 17 बच्चों का टीकाकरण किया जाना है। कलेक्टर ने इस अभियान को गंभीरता से लेते हुए आंगनबाड़ी कार्यकताओं को स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर अभियान को सफ्ल बनाने के निर्देश दिए। यहां बताया कि इस आंगनबाड़ी में 20 बच्चे है। ग्राम जिंदा के आंगनबाड़ी केन्द्र कंमांक एक में दर्ज बच्चे 22 है, आज की उपस्थिति 19 थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि बारिश होने की वहज से बच्चों को भोजन करा कर जल्दी छुट्टी दी गई है। इसी प्रकार आंगनबाड़ी क्रमांक दो में दर्ज बच्चों की संख्या 25 और आज उपस्थित बच्चों की संख्या 16 थी। कलेक्टर ने बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थित सुनश्चित करने के निर्देश दिए। यहां बताया कि इस आंगनबाड़ी केन्द्र में शिशुवती एक,गर्भवती महिला तीन का पंजीयन हुआ है। समान्य कुपोषित बच्चे तीन है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से संचालित होने वाली सभी योजनाओं को पूरी संवेदनशीलता से साथ क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

# तेंदुआ खाल मामले में फरार आरोपी आकाश वर्मा पिथौरा से गिरफ्तार, दो माह पहले घर के मिली थी खाल

## एयर पिस्टल व बुलेट खोखा भी घर से हुआ था बरामद

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिला मुख्यालय में दो माह पहले एक मकान से तेंदुआ खाल, एयर पिस्टल और बुलेट खोखा मिलने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पिथौरा से गिरफ्तार कर रायगढ़ ले आई है। आरोपी के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि तेंदुआ खाल के मामले में आरोपी के खिलाफ 02 मई को वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी आकाश वर्मा अभी तक फरार चल रहा था। आरोपी के पिथौरा में छुपे होनें की सूचना के बाद वन मंडलाधिकारी के दिशा निर्देश के बाद एक टीम बनाकर पिथौरा के जोगरा बरतुंगा खार गांव से आरोपी को गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है। वन विभाग की टीम इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है, अभी तक आकाश वर्मा से पूछताछ नही की गई है और न ही बयान दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा 1972 9, 39, 44, 48, 52 दर्ज किया गया है।





### क्या है पूरा मामला

वन विभाग की टीम ने गुरूवार 02 मई को शहर के सतीगुड़ी चौक से आगे बैकुंठपुर में शर्मा गली में आकाश वर्मा के घर में छापामार कार्रवाई करते हुए एक तेंदुए की खाल, एक नग एयर पिस्टल और बुलेट खोखा किया था। जिसे वन विभाग की टीम ने जब्त करते हुए वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया था। वन विभाग की इस कार्रवाई के दौरान आकाश वर्मा घर में नहीं मिला। जिसके बाद परिजनों से इस संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने इस मामले में कोई भी जानकारी नही होना बताया था।


### बाथरूम के ऊपर कार्टून में मिला था खाल

वन विभाग की टीम को आकाश वर्मा के घर के बाथरूम के ऊपर एक कार्टून के अंदर तेंदुए की खाल था जिसकी लंबाई करीबन 5 फीट बताई गई थी। जो कि पूरी तरह सूख भी नही पाई थी जिससे अंदेशा जताया गया था कि उक्त तेंदुआ का खाल हाल फिलहाल का हो सकता है। लेकिन आकाश वर्मा के फरार हो जाने के उक्त मामले का पता नही चल सका था।

# बेजा कब्जा के लिए पैर पसार रहे हैं दुकानदार

## बेजा कब्जा धारीयो पर अकुश लगाना जरूरी





पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर में दुकानदार अपने पैर पसारने के लिए बेजा कब्जा कर रहे हैं। जहां पर वह खूंटा गाडते हुए दिखाई दिए लेकिन नगर पंचायत के द्वारा किसी प्रकार का कोई कार्यवाही सामने नहीं आया है। जहां पर सुरक्षित जगह देखते ही दुकानदार वहां पर चार लकड़ी गाड देते हैं और अपने को पसारने का काम कर रहे हैं। लेकिन नगर पंचायत जैजैपुर के पार्षद को भी ध्यान ही नहीं आया न अधिकारियों के द्वारा इस प्रकार से हो रहे बेजा कब्जा धारियो पर कार्यवाही नही हुई ,जब की गई होती है तो इतने बुलंद हौसले नहीं होते। यदि उन पर पहले से लगाम किया जाए तो बेजा कब्जा नहीं होता। इसी को देखते हुए शासन को जागने के साथ जो अभी बेजा कब्जा के लिए अपना पैर पसारने का काम कर रहे हैं वहां से उन्हें हटाना उचित होगा ।नहीं तो आने वाले समय में शासन प्रशासन के लिए भी एक चुनौती भरी सामना करना पड़ेगा।

क्योंकि बेजा कब्जाधारियों की संख्या अधिक होने से उन लोगों को हटाना मुश्किल है और नेता यह नहीं चाहते कि बेजा कब्जा धारी को हटाया जाए क्योंकि उन्हें उनका वोट बैंक का डर सताते रहता है। पहले से भी नगर पंचायत जयजयपुर के हृदय स्थल में बेजा कब्जा करने वालों का परिसर बना कर बेचा गया है जिसे कोई भी अधिकारी कर्मचारी आज तक बाल बांका नहीं किया। बेजा कब्जा फलता फूलता नहीं आज इसी को देखते हुए आने वाले कितने लोग 4 खूंटी कर बेजा कब्जा कर रहे हैं और शासन प्रशासन का भी ध्यान गया है या नहीं पूर्व से ही इगित कराया जा रहा है। यदि ऐसा बेजा कब्जा हर जगह पर होता रहा तो कोई भी शासकीय कार्य नहीं हो सकते उसमें बड़ा बाधा उत्पन्न हो सकती है जिसका ज्वलंत उदाहरण आमापाली कांपलेक्स जैजैपुर जिसका ज्वलंत उदाहरण हैं। जिसकी शासकीय खरीदी बिक्री भी हुई है और शासन केवल मौन बने हुए हैं जिसकी शासकीय खरीदी बिक्री भी हुई है और शासन केवल मौन बने हुए हैं यदि उन पर लगाम लगा होता तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती नगर पंचायत जैजैपुर में बेजा कब्जा धारी के बाढ के साथ में खरीदी बिक्री का भी चलन बढ रहा है।

# दो बाईक की आमने-सामने जोरदार भिड़त, एक युवक को आई चोट

## बाईक भी जलकर हुई खाक, धरमजयगढ़ के मिरीगुडा के पास हुआ सड़क हादसा

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में दो बाईक की आमने-सामने भिड़त की घटना में दो युवक घायल हो गए हैं वहीं इस दुर्घटना के बाद एक बाईक में आग लग गई और बाईक पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह करीब 11 बजे धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मिरीगुडा के सामने दो बाईक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि इस घटना में सीतापुर की तरफसे आ रहे पुर्णो यादव और सामने से आ रहे संजू बडा की दोनों मोटर सायकल आपस में टकरा गई। दोनों बाईक की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि एक युवक बाईक से उछ्लकर सीधे खेत में जा गिरा। बताया जा रहा है कि यह सड़क हादसा धरमजयगढ़ से कापू मुख्य मार्ग में घटित हुआ और घटना के बाद तुरंत बाद संजू बडा की मोटर सायकल में आग लग गई जिसके बाद बाईक पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने सड़क हादसे की जानकारी थाने देते हुए दोनों घायलों को अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

# क्षेत्र में पिछले चार दिनों से मौसम का बदला मिजाज, बारिश से किसानों के चेहरे में आई चमक





पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

क्षेत्र में पिछले चार दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ हैं। पांच दिन पूर्व तेज धूप के बाद से पिछले चार दिनों से लगातार गरज-चमक के साथ रूक-रूक कर बारिश हो रही है। लगातार हो रहे बारिश से तापमान में गिरावट आई। बारिश के चलते लोगों का काम प्रभावित हुआ, सड़के सूनी रही। खेतों में लबालब पानी भर गया है। नदी-नालों में पानी पाटो-पाट चल रही है। जिले में पिछले चार दिनों से लगातार हुई बारिश ने किसानों को खुश कर दिया हैं। मौसम में बदलाव के बाद क्षेत्र में हो रही बारिश से किसानों के चेहरे में चमक है। किसान अच्छी फसल की उम्मीद को लेकर खाद आदि की व्यवस्था में जुटे हुए है। वही कृषि विभाग इन दिनों हो रही बारिश से अच्छी पैदावार होने की बात कह रहे हैं। क्षेत्र में पिछले चार दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिला सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी बादल छाए रहे एवं लगातार बारिश होती रही। इसके चलते दिन के तापमान में गिरावट आई। लगातार बारिश के चलते बाजार भी प्रभावित हुआ। किसानो की माने तो इस वर्ष खेती किसानी के लिहाज से पहले ही अच्छी बारिश हो चुकी है।दो दिन की बारिश के बाद व्यापारियों का कामकाज ठप्प हो गया। सड़के सूनी रही, इससे ठण्ड का एहसास हो रहा हैं। मौसम के इस बदलाव से सर्दी, बुखार का प्रकोप बढ़ने की आशंका लोगों को सताने लगी हैं। दिन और रात का तापमान कम होने से फ्लू का वायरस तेजी से पनपता हैं। बारिश होने से मौसम सभी जगहों पर तकरीबन एक जैसा ही रहा।

# अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजनाः हितग्राहियों को किया गया चेक का वितरण



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के मार्गदर्शन में आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को आज जिला कलेक्टोरेट में चेक राशि का वितरण किया गया। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने बताया कि अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ लेने के लिए पथरिया विकासखण्ड से राकेश खुटले व उनकी पत्नी हिरौंदी ध्रुव तथा मुंगेली विकासखंड के चमारी गांव के जितेंद्र जांगड़े एवं उनकी पत्नी प्रियंका ने आवेदन किया था। इनके आवेदनों का संवेदनशीलता से निराकरण करते हुए दोनों ही हितग्राहियों को एक-एक लाख रुपए की नगद राशि प्रदान की गई थी तथा डेढ़-डेढ़ लाख रुपये एफडी के रूप में जमा किया गया था।

# गोर्रा में पुलिस ने लगाया चलित थाना दिये साइबर फ्राड से बचाव की जानकारी

## पूंजीपथरा पुलिस ने ग्राम गुड़गुड़ में लगाया पुलिस जनचैपाल

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर प्रत्येक बुधवार को सथी थानाक्षेत्र अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 25 जुलाई बुधवार को कोतरारोड पुलिस द्वारा ग्राम गोर्रा में चलित थाना का आयोजन किया गया जिसमें उप पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक ने रहवासियों को बढ़ते साइबर फ्रॉड से बचने जागरूक रहना बताये। उन्होंने कहा कि अंजान व्यक्तियों को मोबाइल पर कभी भी अपने आधारकार्ड, एटीएम, बैंक पासबुक की जानकारी ना दें। मोबाइल के इस्तेमाल पर सावधानी बरतें, अंजान व्हाटसअप ग्रुप, टेलीग्राम ग्रुप में ना जुड़े ना ही किसी अंजान व्यक्ति द्वारा भेजे गये लिंक को ओपन करें। साइबर ठगी के शिकार होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल कर अपनी शिकायत दर्ज कराये और नजदीकी थाना, बैंक जाकर शीघ्र ठगी की जानकारी देवें। थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक श्रीनाथ त्रिपाठी ने चलित थाने में उपस्थित गांव के सरपंच, पंच, सचिव व रहवासियों को नशा मुक्ति के संबंध में प्रेरित किया गया तथा गांव में अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को डॉयल 112 या थाने के नंबर पर देना बताये। चलित थाना में ग्रामीणों से थाना संबंधी कानूनी समस्याओं व उनके निराकरण पर चर्चा किया गया। उक्त कार्यक्रम में थाना कोतरारोड से थाना प्रभारी श्रीनाथ त्रिपाठी प्रधान आरक्षक शंभू खैरवार आरक्षक चंद्रेश पांडेय, संजीव पटेल उपस्थित रहे। इसी कड़ी में थाना पूंजीपथरा की टीम द्वारा ग्राम गुडगुड में पुलिस जन चैपाल लगाया गया। सहायक उप निरीक्षक सरस्वती महापात्रे द्वारा महिलाओं को नवीन कानूनों की जानकारी देकर महिला संबंध अपराधों के बारे में बताया गया।

# मदनपुर बिजली आफिस के पास सज रखी थी जुए की महफिल खरसिया पुलिस ने रेड मारकर पकड़ा, 14 जुआरियों से 57,150 जप्त

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब, जुआ-सट्टा, कबाड़ पर प्रतिबंध लगाने के सख्त निर्देश दिए हैं जिसके परिपालन में खरसिया व धरमजयगढ़ अनुविभाग में रामगोपाल करियारे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़-ग्रामीण के मार्गदर्शन में थाना, चौकी प्रभारीगण अवैध गतिविधियों पर निगाह रखकर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कल मदनपुर बिजली ऑफिस के पास जुआरियों द्वारा 52 पत्ती ताश से जुआ खेलने की सूचना पर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में थाना खरसिया और चौकी खरसिया की टीम बनाकर मुखबीर के बताए स्थान की घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा जुआ रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस टीम ने मदनपुर बिजली ऑफिस के पास अक्षत फैंसी स्टोर के सामने 02 जुआ फ्ढ पर खेल रहे 14 जुआरियान को पकड़ा। आरोपियों के पास से पुलिस ने 57,150 की जप्ती की है। आरोपियों पर चैकी खरसिया (थाना खरसिया) में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया है। खरसिया पुलिस जुआ पर अंकुश लगाने लगातार कार्यवाही कर रही है, पुलिस की जुआ-सट्टा, अवैध शराब और कबाड़ पर आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

## साइलेंट जोन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त,ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

**मुंगेली ।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राहुल देव ने जिले में घोषित साइलेंट जोन में ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध कार्यवाही के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बताया कि न्यायालय परिसर के लिए एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, शासकीय कार्यालय के लिए संयुक्त कलेक्टर अजीत पुजारी, चिकित्सालय के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा, शैक्षणिक संस्थान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सी. घृतलहरे और अन्य साइलेंट जोन के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी मुंगेली कुणाल पाण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जिला अंतर्गत तहसील एवं थानावार ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध कार्यवाही हेतु संबंधित तहसीलदार एवं थाना प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही तहसील स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

# प्रज्ञा कोचिंग व जिला ग्रंथालय में छात्रों को किया गया जनमन पत्रिका का वितरण

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संचालित प्रज्ञा कोचिंग एवं जिला ग्रंथालय में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन मासिक पत्रिका का आज वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों ने कहा कि जनमन पत्रिका में शासन की योजनाओं और गतिविधियों से जुड़ी जानकारी बहुत ही सरल ढंग से दी जाती है। इस पत्रिका को पढ़ने से न केवल शासन की नीतियों और कार्य योजनाओं के प्रति गहरी समझ विकसित होती है, बल्कि पी.एस.सी., व्यापम जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी इससे प्रश्न पूछे जाते हैं, इसलिये प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की दृष्टि से यह पत्रिका महत्वपूर्ण है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र विशाल सिंह, एकता कश्यप, पल्लवी अनंत और अंकिता साहू ने कहा कि वे जनमन पत्रिका के नियमित पाठक हैं। इस पत्रिका में काफी जानकारियां होती हैं, जिसके पाठन से उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में काफी लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि जनमन पत्रिका में राज्य सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में सारगर्भित जानकारी दी जाती है। जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए युवाओं और आम जनता को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करने की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

# दंतैल हाथी के आतंक से थर्रा रहे अंचल के ग्रामीण

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में बरसात के दिनों में भी जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा। जिले के रायगढ़ वन मंडल में बीते कुछ दिनों एक हाथी पूरे क्षेत्र में घूम-घूमकर ग्रामीणों के फसलों व घरों को नुकसान पहुंचा रहा है। गुरूवार की सुबह भी एक हाथी दल से भटककर गांव पहुंचकर तीन मकानों को क्षति पहुंचाते हुए धान के थरहा और चावल को खाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम केनानीबहाल में सुबह करीब साढ़े 4 बजे एक दंतैल हाथी अपने दल से भटककर जा पहुंचा और यहां छबिलो प्रधान, मदन गुप्ता, शिव सिदार के मकान को तोड़ते हुए घर के रखे चावल को खाने के बाद कुछ किसानों के खेतों में जा पहुंचा और वहां भी दंतैल हाथी ने धान के थरहा को खाते हुए नुकसान पहुंचाया है।

**दो दिन पहले भी आया था हाथी**-गांव के ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले भी एक हाथी उनके क्षेत्र में पहुंचकर दो ग्रामीणों के मकानों को तोड़ते हुए धान और चावल को चट करने के बाद कुछ किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया था।

**दल से भगाया गया दंतैल मचा रहा उत्पात**-गांव के ग्रामीणों के अनुसार रायगढ़ वन मंडल में एक हाथी अपने दल से भटककर गांव-गांव घूमकर लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। तीन दिन पहले भी शहर से सटे हुए बंगुरसिया गांव में हाथी ने दो ग्रामीणों के मकान को तोड़ा था।

**वन विभाग की टीम मौके पर**-दंतैल हाथी के द्वारा गुरूवार की सुबह तीन मकानों को क्षति पहुंचाने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम केनानी बहाल पहुंचकर नुकसान का आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**हाथियों पर रखी जा रही नजर**-रायगढ़ वन परिक्षेत्र में विचरण करने वाले हाथियों पर वन विभाग लगातार नजर बनाये हुए है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार हाथियों के दल में शावक होनें की वजह से वे अधिक आक्रामक होते है। इस लिहाज से गांव के ग्रामीणों को जंगलों में नही जाने की सलाह दी जा रही है। साथ ही साथ हाथियों के मूवमेंट पर नजर रखते हुए हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

**चतुर्थ अपर जिला न्यायाधीश, रायपुर छ.ग.**
**(पीठासीन अधिकारी – श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव)**

आर्बि.निष्पादन प्रकरण क्रमांक/774/2023 प्रोसेस क्रमांक 1081/24 पेशी, दिनांक 04.09.2024

आई.डी.एफ.सी.फर्स्ट बैंक लिमि. वादी

विरूद्ध

मोतीलाल सचदेव प्रतिवादीगण

बनाम,

मोतीलाल सचदेव, पता–एच नं. 89, शिव मंदिर के पास, समता कालोनी, रायपुर, जिला–रायपुर (छत्तीसगढ़)

वादी ने आपके विरूद्ध वसूली हेतु राशि 02,06,17,473/- रूपये (दो करोड़ छैः लाख, सत्रह हजार, चार सौ तिहत्तर रूपये) का दावा पेश किया है, जिसकी इस न्यायलय मे पेशी तारीख 04.09.2024 को नियत है।

अत: जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 16 माह 07 सन 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुहर

हस्ता/–
(अतुल कुमार श्रीवास्तव)
चतुर्थ अपर जिला न्यायाधीश,
रायपुर (छ.ग.)

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित), का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता और गारंटर को एक मांग नोटिस जारी किया गया था, जिसमें मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का कब्जा उक्त नियमों 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित दिनांकों सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता नं. | कर्जदार/सह-कर्जदार और गारंटर का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना | | कब्जे की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | तिथि | बकाया राशि (रु.) | |
| 82256321 | 1. हेमन्त कुमार अवाडे, 2. लता अवाडे, 3. विष्णु राम अवाडे | **सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि आबादी भूमि खसरा नं. 302 का हिस्सा, प्लॉट नं. 50, प्लॉट एरिया 16 X 77 = 1232 वर्ग फीट, मौजा लिंगाडीह पी.एच. नं. 58, आर.आई.सी. भिलाई, तहसील–आरंग, जिलाः रायपुर, छत्तीसगढ़–493441 और,** चौहद्दीः पूरब में - बाड़ी, पश्चिम में - गली, उत्तर में - रामप्रसाद का मकान दक्षिण में - जगमोहन का मकान | 16.02.2024 | रु. 5,68,687.03/- | 21.07.2024 सांकेतिक कब्जा |
| 101161312 | 1. धनंजय साहू, 2. भरत लाल साहू, 3. उषा किरण साहू, 4. पुष्पा साहू | **खसरा नं. 24 का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका क्षेत्रफल 0.06 एकड़/0.024 हैक्ट., जोकि गाँव डोडाकी, पीएच नं. 19, आर.एन.एम. पोराथा, तहसील सक्ती, पुराना जिला जांगिड़-चांपा, नया जिला सक्ती, छत्तीसगढ़-495689, तथा,** चौहद्दीः पूरब में - धरम लाल पश्चिम में - सरकारी भूमि, उत्तर में - रंगसी, दक्षिण में : सड़क | 28.02.2024 | रु. 5,31,609.32/- | 21.07.2024 सांकेतिक कब्जा |

उधारकर्ता /सह-उधारकर्ता/गारंटर्स को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भुगतान की तिथि तक भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

दिनांकः 21.07.2024
स्थानः रायपुर, चम्पा

# सहकारिता विभाग द्वारा अपने उप पंजीयकों को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के मुख्यकार्यपालन अधिकारी पद पर बैठाने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



सहकारिता विभाग द्वारा अपने उप पंजीयकों को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के मुख्यकार्यपालन अधिकारी पद पर बैठाने की तैयारी। छत्तीसगढ़ सरकार के लिए यह आत्माघाती कदम। छत्तीसगढ़ को-आपरेटिव्ह बैंक एम्प्लाईज फेडरेशन द्वारा पुरजोर विरोध। प्रदेश में मार्केटिंग सोसायटी, बुनकर समिति, मतस्य समितियां, उपभोक्ता भंडार, सहकारी गृह निर्माण समिति व किसान राईस मिलें कार्यरत थीं, वहां उप पंजीयकों एवं सहायक पंजीयकों के गलत कार्य प्रणाली के कारण घाटे में आकर बंद हो चुके हैं। को-आपरेटिव्ह बैंकों के यूनियन ने विधान सभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा को सौंपे ज्ञापन। प्रदेश में एक अपेक्स बैंक एवं 6 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं। वर्तमान में प्रदेश में त्रिस्तरीय व्यवस्था लागू है जिसे आपके मुख्यमंत्रित्व काल में द्विस्तरीय अल्पकालीन व्यवस्था का निर्णय सहकारिता के हित में लिया गया था किंतु सत्ता परिर्वतन के पश्चात् विगत कांग्रेस सरकार द्वारा इस प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया था। लेख है पुनः आपकी पार्टी की सरकार प्रदेश में कार्य कर रही है, अतः सहकारी बैंकों में द्विस्तरीय व्यवस्था लागू किया जाना अत्यंत आवश्यक है। सहकारिता क्षेत्र के जिला सहकारी बैंक, जो प्रदेश की कृषि व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है, को सहकारिता विभाग द्वारा घुन की तरह खोखला करने के लिए लगातार षड़यंत्र किया जा रहा है जिसके तहत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में पंजीयक सहकारी संस्थाएं के अधिकारी को प्रतिनियुक्ति में भेजने हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं जिसे हमारे द्वारा पूर्व में विरोध कर सहकारी बैंक कर्मचारी सेवा नियम में सहकारिता विभाग के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हेतु किये जा रहे प्रावधान को रोका गया था, लेकिन हमें प्राप्त जानकारी के अनुसार सहकारिता विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा विभागीय मंत्री को भ्रामक जानकारी देते हुए अंधेरे में रखकर सभी जिला सहकारी बैंकों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर सहकारिता विभाग के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने की नियम एवं विधि-विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

# कारगिल विजय दिवस: शहीदों का बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान

## शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले वतन में मरने वालों का यही बाकी निंशा होगा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



कारगिल विजय दिवस की पच्चीसवीं वर्षगांठ पर मूसलाधार बारिश के बावजूद छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के जुझारू कार्यकर्ता जितेंद्र बहादुर यादव, राकेश यदु, राम यादव, दिनेश जाधव, सियालाल यादव, उपेंद्र यादव, संजय यादव, राजेंद्र यादव, बृजभान यादव, वीरेन्द्र यादव, संजय यादव, निको आदि ने शहीद स्मारक भवन स्थित महासंघ के कार्यालय में भारत माता की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान करने वाले 527 शहीदों को पुष्पांजलि देते हुए उनके अदम्य पराक्रम को सत्य, संयम और सामर्थ्य की जीत बताया। भारतीय सेना के जाबांजों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव की अगुवाई में अशोक यादव, रविंद्र सिंह, राजेश यादव, सुजीत सिंह, हेमंत यादव, अजय यादव, कमल सिंह यादव, राहुल यादव, विजय यादव और संजय यादव आदि ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन, कलेक्टर रायपुर को सौंप छत्तीसगढ़ शासन से शहीद कौशल यादव की मूर्ति स्थापना की पुरानी लंबित मांग के तत्काल क्रियान्वयन एवं परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव जी की शौर्य गाथा को विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग रखी। जिससे लाभान्वित हो अधिकाधिक संख्या में स्थानीय युवक फौज में शामिल होकर हिंदुस्तान की सेवा कर सकें। राष्ट्रगान के बाद शहीद कौशल यादव अमर रहे के नारों से मानसूनी फिज़ाओं में भी गर्मी आ गई।

# छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक अध्यक्ष की मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष वी के अरोरा द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की गई। अरोरा द्वारा मुख्यमंत्री को बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के विकास में किये जा रहे योगदान एवं बैंक की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के विगत वित्तीय वर्ष के लेखा-जोखा का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष द्वारा जानकारी दी गई कि बैंक अपनी 614 शाखों एवं 3300 बैंकिंग सुविधा केंद्रों के माध्यम से राज्य के 67 लाख ग्राहकों को आधुनिक बैंक की सुविधा प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा बैंक द्वारा राज्य के कोने-कोने में प्रदाय की जा रही है बैंकिंग सुविधा एवं कृषि क्षेत्र के विकास में किये जा रहे योगदान की सराहना की गई।

# गुरु पर्व पर अतिथियों, शिष्यो ने आचार्य राजेश्वर से आशीर्वाद लिया



पायनियर संवाददाता ◂ थान खमरिया
www.dailypioneer.com

शिवशक्ति विद्या धाम ग्राम-बनिया में 21जुलाई 2024 को गुरुपूर्णिमा पर्व का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। धाम के संस्थापक आचार्य प. राजेश्वर प्रसाद तिवारी (बेमेतरा) के सानिध्य में सुबह 7 बजे से सर्वप्रथम भगवान शिव का रुद्राभिषेक प.बसंत तिवारी एवं पं.विजय तिवारी के द्वारा किया गया। इसके बाद पूज्य गुरुदेव प.राजेश्वर प्रसाद तिवारी के द्वारा मंचासिन होकर सभी शिष्यों एवं श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किया गया, भजन कीर्तन के बाद स्कंद पुराण के माध्यम से आध्यात्मिक प्रवचन का लाभ सभी सत्संगियों ने लिया, इस कार्यक्रम में ओडिसा, भानुप्रतापपुर, धमतरी, बालोद, दुर्ग, बेमेतरा जिले से श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। धाम के संरक्षक महेंद्र विरदी ने अपने उद्बोषण में गुरु महिमा पर प्रकाश डालते हुए गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किए। उक्त आध्यात्मिक कार्यक्रम के पश्चात दोपहर में धाम में सांसद निधि से निर्मित सत्संग भवन के लोकार्पण हेतु राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डे, विधायक पंडरिया भावना बोहरा उपस्थित हुए अतिथियों द्वारा पूज्य गुरुदेव से आशीर्वाद लेने के बाद उनका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा किया गया विधायक बोहरा द्वारा अपने उद्बोसन में क्षेत्र की जनता के लिया हमेशा तत्पर रहने की बात कही, सांसद संतोष पाण्डे ने अपने उद्बोसन में कहा कि ग्राम बनिया का शिव शक्ति विधा धाम राजनांदगांव लोकसभा का द्वार है और इसके विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे उनके द्वारा धाम की महिमा एवं गुरुदेव के प्रवचनों को आत्मसात करने की बात कही। धाम के अध्यक्ष नंदकुमार सिंह ने सभी अतिथियों का अभिवादन किया एवं नए सत्संग भवन के लिए सांसद महोदय का आभार प्रकट किया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पैलपार, बनिया के सरपंच, सचिव, पंचगण उपस्थित हुए ग्राम बनिया एवं आस पास अंचल के अनेक श्रद्धालुगण, थान खमहरिया के हितेश कागलीवाल, अंकित बिंदल, ग्राम बनिया के रामायण सिंह, गौकरण सिंह, कृष्णा सिंह, अनिल सिंघानिया, राकेश जोशी, लाला राम साहू, कमल शर्मा, बलदेव वैष्णव, ऋषि सिंह, राजेंद्र सिंह, कमल शर्मा, बलराम सिंह, मनीराम श्रीवास, प्रमोद सिंह, आलोक सिंह, भूपेंद्र सिंह, भुनेश्वरी देवी, आशा देवी, बिमला सिंह, शत्रुहन साहू, शत्रुहन गंधर्व, शिव यादव आदि मुख्यरूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ संपन्न किए।

# उच्च शिक्षा में एक प्रदेश, एक परीक्षा की प्राचार्यो ने की मांग, डॉ. मेघेश तिवारी हुए सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक प्रदेश एक अध्यादेश का पालन करते हुए उच्च शिक्षा में एक प्रदेश एक परीक्षा के लिए निजि व शासकीय विश्वविद्यालयों की परीक्षा एक बोर्ड के अधीन आयोजित किया जावे। इस मांग को लेकर निजि महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक विप्र कॉलेज में सम्पन्न हुई। निजि महाविद्यालय प्राचार्य एसोसिएशन की बैठक में निजि महाविद्यालय के प्राचार्यों को कार्य परिषद में प्रतिनिधित्व के लिए महामहिम कुलाधिपति महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक के प्रारंभ में विप्र महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य एवं एनईपी कोर कमेटी के सदस्य डॉ. मेघेश तिवारी को रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कार्य परिषद के सदस्य मनोनीत होने की बधाई प्रेषित करते हुए सम्मानित किया गया। बैठक में निजि महाविद्यालय के प्राचार्यों ने सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने उपरांत न्यून प्रवेश पर चिंता व्यक्त की तथा निजि व शासकीय विश्व विद्यालय की समान परीक्षा प्रणाली विकसित करने बोर्ड गठित करने शासन से मांग संबंधी प्रस्ताव पारित किया. प्राचार्यों ने एनईपी अंतर्गत अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों की संख्या को महाविद्यालय में प्रवेश उपरांत रिक्त संख्या से अधिक अनुमति न देने व अमहाविद्यालयीन छात्रों के शुल्क संबंधी प्रस्ताव पर सहमति बनाते हुए प्राचार्यो ने छूट हेतु प्रबंधन से चर्चा का आश्वासन दिया। निजि महाविद्यालय प्राचार्य एसोसिएशन की बैठक में दिसंबर 2024 तक शिक्षा रत्न सम्मान आयोजन का भी निर्णय लिया जिसके अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों के सर्वोत्कृष्ट प्राध्यापकों को शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

## अभिभावकों के लिए आज मुकेश शाह का व्याख्यान, बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के तरीके बताएंगे

**रायपुर।** दसा सोरठिया वणिक समाज के पूर्व विभाग का एक भव्य दो दिवसीय सम्मेलन शनिवार 27 जुलाई को प्रारंभ होगा। इसमें रायपुर, बिलासपुर समेत अन्य शहरों के सामाजिक बंधु शामिल होंगे। मोहन मैरिज पैलेस, टाटीबंध में होने वाले इस सम्मेलन में शनिवार शाम को शाम 4.30 बजे से शिक्षाविद् मुकेश शाह का एक व्याख्यान होगा, जिसमें वे अभिभावकों को उनके बच्चों की मोबाइल की लत दूर करने विभिन्न तरीके बताएंगे। मोबाइल से होने वाले दुष्प्रभाव को बताकर यह बताया जाएगा कि घर में कैसे छोटे-छोटे प्रयास करके बच्चों को मोबाइल की लत को कम कराया जा सकता है।

# बंधन बैंक का कुल कारोबार 22% बढ़कर हुआ 2.59 लाख करोड़ रुपए


Bandhan Bank

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। बैंक का कुल कारोबार 22% बढ़कर 2.59 लाख करोड़ रुपए पर पहुँच गया। कुल जमा में अब बैंक की खुदरा हिस्सेदारी लगभग 69% है। पिछली तिमाही में देखी गई उत्साहजनक बढ़त वितरण, व्यावसायिक दक्षता और अनुकूल परिचालन वातावरण में इसके विस्तार से प्रेरित है। बैंक अब भारत में 6,300 बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से 3.44 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करता है। बंधन बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या अब लगभग 77,500 है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान बैंक की जमाराशि में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23% की बढ़त हुई। कुल जमाराशि अब 1.33 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जबकि कुल एडवांस 1.26 लाख करोड़ रुपए हैं। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात समग्र जमाराशि के 33.4% है। बैंक की स्थिरता का सूचक पूँजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 15.7% है, जो विनियामक आवश्यकता से अधिक है। बैंक के एमडी और सीईओ रतन कुमार केश ने कहा, साल की पहली तिमाही हमारे कारोबारी प्रदर्शन का प्रमाण है, जिसे हम पूरे साल बनाए रखना चाहते हैं। हमने प्रमुख मापदंडों में स्थिरता और वृद्धि का प्रदर्शन किया है। बंधन बैंक की नींव उसके ग्राहकों के भरोसे और उसके कर्मचारियों की अटूट प्रतिबद्धता पर टिकी है। ये आधारशिलाएँ, प्रौद्योगिकी, प्रक्रिया, उत्पाद और लोगों पर ध्यान देने के साथ, बंधन बैंक 2.0 के विकास पथ को आगे बढ़ाएँगी। बैंक ने अपनी खुदरा बही को बढ़ाने के स्पष्ट इरादे के साथ परिसंपत्ति विविधीकरण पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखा हुआ है। इसके साथ ही, बैंक उच्च उत्पादकता और दक्षता के लिए अधिक डिजिटलीकरण पर ध्यान केंद्रित करने का इरादा रखता है।


# एसएंडए लॉ ऑफसिज ने रायपुर के युवा प्रतिभाओं को दिया मंच

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



एसएंडए लॉ ऑफिसिज़ ने अपने 2024 कैंपस हायरिंग ड्राइव का सफलतापूर्वक समापन किया है, जिसमें देश भर के प्रतिष्ठित लॉ कॉलेजों से 13 होनहार छात्रों को नियुक्त किया गया है। ये नए एसोसिएट्स विवाद समाधान, कॉर्पोरेट लॉ और मुकदमेबाजी जैसे अलग-अलग कानूनी क्षेत्रों में शामिल होंगे, जो एसएंडए लॉ ऑफिसिज़ की नए लॉ प्रोफेशनल्स को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। इन प्रतिभाशाली युवाओं का चयन देश के प्रमुख लॉ कॉलेजों जैसे नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी ऑफ ओडिशा, गुजरात नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नैशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी भोपाल, सिम्बायोसिस लॉ स्कूल पुणे, हिदायतुल्लाह नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर, राजीव गांधी नैशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ पंजाब और गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय दिल्ली से किया गया। इस कैंपस हायरिंग ड्राइवपर बोलते हुए, एसएंडए लॉ ऑफिसिज़ की साझा प्रबंधक पार्टनर (जॉइंट मैनेजिंग पार्टनर) गुनीता पाहवा ने कहाः हमें इन होनहार छात्रों को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुशी हो रही है। इस साल की हायरिंग से पता चलता है कि हम कानून के क्षेत्र के भविष्य में निवेश कर रहे हैं। हमें यकीन है कि ये नए साथी नए विचार लाएंगे और हमारी कंपनी की सफलता में मदद करेंगे। एसएंडए लॉ ऑफिसिज़ हमेशा से अपने यहाँ के लोगों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखता है। कंपनी का मानना है कि भविष्य उन लोगों का है जो आज से ही उसकी तैयारी करते हैं। कंपनी सभी तरह के लोगों को साथ लेकर चलने और हर किसी को आगे बढ़ने का मौका देने में विश्वास रखती है। एसएंडए लॉ ऑफिसिज़ भारत की एक प्रमुख पूर्ण-सेवा कानूनी फर्म है, जिसमें अनुभवी और कुशल वकील शामिल हैं। फर्म देश भर में रणनीतिक रूप से स्थित कार्यालयोंके साथ विभिन्न कानूनी क्षेत्रों में व्यापक कानूनी सहायता प्रदान करती है। एसएंडए लॉ ऑफिसेज ने वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) में एक विशेष स्थान बनाया है। इसके अतिरिक्त, हम मुकदमेबाजी, कॉरपोरेट और संबंध कानून, दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी), बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), अप्रत्यक्षकर, सीमा शुल्क और व्यापार कानून, और ऊर्जा कानून के लिए मान्यता प्राप्त हैं।

## सैमसंग इंडिया ने नए एसी लॉन्च किए हैं जो ठंडे पानी पर आधारित हैं और इनमें विंडफ्री और 360 डिग्री ब्लेडलेस तकनीक है




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने नए विंडफ्री एयरकंडीशनर लॉन्च किए हैं। ये एसी चिल्ड वॉटर-आधारित कैसेट यूनिट में आते हैं और विंडफ्री और 360 डिग्री ब्लेडलेस तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। ये नई तकनीक उपभोक्ताओं को सीधे ठंडे हवा के झोंके के बिना बेहतर कूलिंग प्रदान करती है। चिल्ड वॉटर आधारित कैसेट यूनिट्स उपभोक्ताओं को अपने मनचाहे तापमान सेट करने की सुविधा देती हैं। विंडफ्री कूलिंगटेक्नोलॉजी 0.15 मीटर/ सेकंड की हवा की गति से 15,000 छोटे-छोटे एयर होल्स के जरिए धीरे-धीरे ठंडी हवा फैलाती है। एडवांस एयर फ्लो सिस्टम चुपचाप काम करते हुए कमरों को तेजी से ठंडा करता है और केवल 24 डीबी की बहुत हल्की आवाज उत्पन्न करता है, जो इसे शयन कक्षों, अध्ययन कक्षों और बच्चों के कमरों के लिए आदर्श बनाता है। विंडफ्री एसी को पानी के पाइप और वाल्व का उपयोग करके एक सेंट्रल चिल्ड वाटर सिस्टम से जोड़ा जाता है। ये हाइड्रोनिक फैन कॉइल यूनिट बड़े स्थानों को गर्म या ठंडा करने के लिए कॉइल के माध्यम से गर्म या ठंडा पानी प्रसारित करते हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

नवीन मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम, गांधी चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं: - 0771-2535780,90 फैक्स : - 0771-2227395, E-mail :- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांकः337/A/यो.शाखा/न.पा.नि./2024 रायपुर, दिनांक /07/2024

### // निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा अनुभवी अधिकृत एजेंसी/फर्म/निर्माता कंपनी जिन्हें इस प्रकार के कार्य का अनुभव हो सीलबंद निविदा नॉन एस.ओ.आर. आयटम हेतु फार्म ''B'' में ऑयटम दर पर दो लिफाफा पद्धति से दिनांक 14.08.2024 को अपरांह 4:00 बजे तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र कार्यालयीन अवधि एवं समय पर योजना शाखा से दिनांक 12.08.2024 तक निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 14.08.2024 को अपरांह 4:30 बजे उपस्थित निविदाकार/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि रू. | अमानती राशि रू. | निविदा प्रपत्र | ठेकेदार श्रेणी | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड अंतर्गत निर्मित तक्षशीला लाईब्रेरी बिल्डिंग में 02 नगर वॉटर कूलर स्थापना कार्य (03 वर्ष रख-रखाव संधारण) कार्य सहित | 5,76,000/- | 6,000/- | 750/- | अनुभवी अधिकृत एजेंसी/फर्म/ निर्माता कंपनी | 20 दिवस |

**नियम शर्ते :-**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. अमानती राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर. अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से स्वीकार होगी।
3. लिफाफा (अ) में अमानती राशि एंव लिफाफा (ब) में वित्तीय आफर।
4. लिफाफा (अ) में राशि रू. 100/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में निविदा के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले समस्त दस्तावेजों के सत्यापन संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।
5. कार्य की स्पेशिफिकेशन एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
6. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर निगम, रायपुर को होगा।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**



## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

### परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना]

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060122026140, आरिफ कुरैशी (ऋणी), अब्दुल वाहिद कुरैशी (सहऋणी) | 14-मई-24 ₹ 3,99,582/- तीन लाख निन्यानवे हजार पांच सौ बयासी रूपये मात्र 13-मई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित नगर निगम पीएच नं. 20, खसरा नं. 301 69 बिलासपुर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 55.56 वर्गगज | 23-जुलाई-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060830476136, आरिफ कुरैशी (ऋणी), अब्दुल वाहिद कुरैशी (सहऋणी) | 14-मई-24 ₹ 2,76,882/- दो लाख छिहत्तर हजार आठ सौ बयासी रूपये मात्र 13-मई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 301/69, पीसी नं. 20/24, ग्राम चांटीदीह, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 500 वर्ग फीट | 23-जुलाई-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद्‌ द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांक: 26/07/2024**
**स्थान: बिलासपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 18/07/2024

### // ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 07.08.2024 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 79/156510 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग पंडरिया के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 99.97 |
| 79/156511 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खैरागढ़ के अंतर्गत बढईटोला एवं मुढीपार सेक्शन विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 99.98 |
| 80/156512 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में एम.ओ.डब्ल्यू., विशेष मरम्म्त एवं जमा का कार्य | 129.97 |
| 81/156513 | शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंगेजी माध्यम स्कूल बेमेतरा में कल्चरल हॉल का निर्माण कार्य | 102.72 |
| 82/156514 | साजा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पाताई का कार्य | 49.99 |
| 83/156516 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक संधारण का कार्य | 50.00 |
| 84/156517 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों एम.ओ.डब्ल्यू.विशेष मरम्म्त एवं जमा का कार्य | 29.95 |
| 85/156518 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य | 49.87 |
| 86/156520 | उपसंभाग छुईखदान के अंतर्गत शास. अवासीय एवं गैर आवासीय भवनों वार्षिक मरम्मत कार्य | 50.00 |
| 87/156521 | उपसंभाग खैरागढ़ के अंतर्गत शास.आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों विशेष मरम्मत एवं लघु मूल गौण कार्य | 30.00 |
| 88/156522 | उपसंभाग खैरागढ़ के अंतर्गत शास. अवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य | 79.95 |
| 89/156523 | उपसंभाग खैरागढ़ के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग का कार्य | 49.96 |
| 90/156524 | उपसंभाग छुईखदान के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य | 49.96 |

टीप

1. एन.आई.टी. क्रं. 78 लोक निर्माण विभाग कवर्धा संभाग कवर्धा से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं. 79, 86, 87, 88, 89 'एवं 90 से लोक निर्माण विभाग, खैरागढ संभाग खैरागढ से संबंधित है, एन.आई.टी.क्रं. 80 लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग से संबंधित है, एन.आई.टी.क्रं. 81 एवं 82 लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग बेमेतरा से संबंधित है, एन.आई.टी.क्रं. 83,84 एवं 85 लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद से संबंधित है ।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मंडल दुर्ग**

G-242501348/8

# छात्रा के कमरे से बरामद मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन से खुलेगा आत्महत्या का राज

## मेडिकल कॉलेज हॉस्टल में मेडिकल स्टूडेंट की सुसाईड का मामला

■ सड़क मार्ग से पहुंचे परिजन, देर शाम हुआ पीएम

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट केसर गोदारा की आत्महत्या के मामले में पुलिस के हाथ कुछ महत्वपूर्ण सुराग लगे हैं। पुलिस अधिकारी बता रहे हैं कि, छात्रा के कमरे से मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन बरामद हुआ है जो कि मानसिक अवसाद के लिए ली जाने वाली दवाईयों का है। लालबाग थाना प्रभारी नवरतन कश्यप ने बताया कि शुरुआती विवेचना में यह जानकारी सामने आई है कि 24 जून को छात्रा ने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक से ही अवसाद के लिए चिकित्सकीय परामर्श लिया था।

दूसरी ओर यह भी जानकारी आ रही है कि, युवती परीक्षा के परिणामों को लेकर तनाव में थी। पिछले एग्जाम में मिले कम नंबरों ने उसे परेशान किया था। जिस दिन केसर ने आत्महत्या की उस दिन भी उसे इंटरनल एग्जाम के लिए सुबह 10 बजे जाना था। लेकिन वह परीक्षा देने नहीं पहुंची। इसके बाद ही साथी छात्र जब हॉस्टल में उससे मिलने पहुंचे तो घटना का खुलासा हुआ।

गौरतलब है कि पेंड्री स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की अंतिम वर्ष की छात्रा केसर गोदारा ने 25 जुलाई को आत्महत्या कर ली थी। उसका शव हॉस्टल के कमरे से पंखे से झूलता उसका शव बरामद किया गया था।



### सुबह तक मैसेज का जवाब दे रही थी केसर, दोपहर में फंदे पर झूलती मिली, मेडिकल स्टूडेंट ने हॉस्टल में की आत्महत्या, कारण अज्ञात

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पेंड्री स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की अंतिम वर्ष की छात्रा ने हॉस्टल में फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की दोपहर प्रबंधन को इसकी सूचना हॉस्टल की दूसरी लड़कियों ने दी। लालबाग पुलिस ने बताया कि, युवती का शव दुपट्टे के सहारे पंखे पर झूलता पाया गया है। देर शाम तक घटनास्थल की जांच और एफएसएल टीम की कार्रवाई के बीच शव को मॉर्च्यूरी में रखा गया है। गुरुवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सनसनी फैल गई। यहां राजस्थान के बीकानेर से पढ़ने आई 21 वर्षीय केसर गोदारा ने सुसाईड कर ली। प्रबंधन ने बताया कि, आज कॉलेज में इंटरनल एग्जाम था लेकिन केसर परीक्षा में शामिल नहीं हुई। उसकी साथी सहेलियां जब उससे मिलने हॉस्टल पहुंची तो केसर ने न ही दरवाजा खोला और न ही कोई जवाब दिया। इसके बाद लड़कियों ने गार्ड को बुलाया। गार्ड ने किसी तरह भीतर झांका तो केसर फंदे पर झूलती दिखी। प्रबंधन को घटना की जानकारी दिए जाने के बाद दरवाजा तोड़ा गया लेकिन तब तक केसर दम तोड़ चुकी थी। इसके कुछ ही देर के बाद डीन डॉ. रेणुका गहिने और डॉ. पवन जेठानी मौके पर पहुंचे। इस बीच सूचना मिलने पर लालबाग थाना प्रभारी नवरतन कश्यप भी टीम के साथ पहुंचे। मौके पर पुलिस ने सुसाईडल नोट या किसी दूसरे तरह के साक्ष्यों के लिए तफ्तीश की। जांच प्रक्रिया निपटाने के बाद शाम करीब 4 बजे शव को मॉर्च्यूरी ले जाया गया।

#### अकेली रहती थी

मृतिका केसर गोदारा राजस्थान के बीकानेर की रहने वाली थी। वह यहां 2020 बैच की स्टूडेंट थी। बताया गया कि वह पढ़ाई में काफी होनहार थी। हॉस्टल में उसे जो कमरा मिला था उसमें वह अकेली ही रहती थी। डीन डॉ. रेणुका गहिने ने बताया कि, उसे परीक्षा या पढ़ाई का किसी तरह का दबाव भी नहीं था। उसने ये आत्मघाती कदम क्यूं उठाया ये जांच का विषय है।

#### सुबह तक जवाब दे रही थी...

केसर की मौत से हॉस्टल में रहने वाले उसकी साथी छात्रों को सदमा लगा है। छात्रों ने बताया कि, केसर हंसमुख और जल्द घुलने मिलने वाली लड़की थी। उससे ऐसे किसी तरह की उम्मीद ही नहीं थी। पुलिस ने बताया कि केसर गुरुवार की सुबह लगभग 5.15 बजे तक अपने सहेलियों के मैसेज का फोन पर जवाब दे रही थी। लेकिन इसके बाद उसकी कोई गतिविधि नहीं देखी गई। माना जा रहा है कि, इसके बाद ही उसने आत्महत्या की।

#### परिजनों को दी जानकारी

मेडिकल कॉलेज के डॉ. पवन जेठानी ने बताया कि छात्रा के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। वे यहां जल्द से जल्द पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। उनकी मौजूदगी में ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दुःखद संयोग है कि तकरीबन दो वर्ष पहले भी यहां पढ़ने आए मेडिकल कॉलेज के इंटर्न एक डॉक्टर ने रानी सागर में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। वह भी राजस्थान का ही रहने वाला था।

### देर शाम पहुंचे परिजन, पीएम हुआ

पुलिस ने घटनास्थल से युवती का फोन बरामद किया है। यह लॉक है जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। इधर, प्रारंभिक प्रक्रियाओं के बाद मृतिका के परिजनों का भी इंतजार किया जा रहा था। केसर राजस्थान के बीकानेर की रहने वाली है। उसके परिजन शुक्रवार को शाम तकरीबन 4 बजे सड़क मार्ग से यहां पहुंचे। केसर के पिता के यहां पहुंचने के बाद पोस्ट मार्टम किया गया।

### हैरान है बैचमेट्स

मृतिका के सहपाठी और सीनियर छात्रों ने बताया कि, केसर के हावभाव और स्वाभाव बिल्कुल वैसे नहीं थे जैसा कदम उसने उठाया है। वह सभी से मिल जुलकर रहती थी। पुलिस ने भी जानकारी दी है कि, सुबह तकरीबन 5.15 बजे केसर ने अपनी सहेली के मैसेज का जवाब दिया था। सुबह 5.15 से दोपहर 2 बजे के बीच ही उसने आत्महत्या की होगी ऐसी आशंका है।

# आत्मानंद स्कूल में रिक्त सीटों के लिए लॉटरी सिस्टम




■ स्कूल में 12 रिक्त सीट हेतु 29 जुलाई तक आवेदन

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में राज्यशासन द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम में बच्चो के टीसी ले जाने से कक्षाओं में रिक्त हुई सीटो पर प्रवेश दिए जाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव द्वारा अनुमति प्राप्त होने के बाद प्रवेश दिए जाने आवेदन आमंत्रित किए हैं। उल्लेखनीय है कि कक्षा तीसरी में 1 सीट, सातवी में 7 सीट एवम आठवी में 12 सीट रिक्त है। प्राचार्य बीएस देवांगन ने बताया कि बच्चो के प्रवेश हेतु संस्था में ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित है। रिक्त सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर 30 जुलाई को 10 बजे से लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया जाएगा। कक्षा दूसरी, चौथी, पांचवी और छठवीं में रिक्त सीटों पर पूर्व में प्राप्त आवेदन के पात्र सूची से लॉटरी द्वारा चयन किया जाएगा। सेजेस प्राचार्य ने संस्था के सूचना पटल पर अवलोकन कर लेने अपील की है।

### जिले में अब तक औसत 567.6 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 567.6 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 7 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 18.5 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 5.8 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 9 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 6.7 मिमी, घुमका तहसील में 18.5 मिमी, छुरिया तहसील में 3.2 मिमी, कुमरदा तहसील में 1 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 4.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# बेलरगोंदी में वृद्धजन स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



एकदिवसीय निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में दिनांक 26 जुलाई को आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम के जनपद सदस्य प्रतिमा सोनबोईर, सरपंच रमशिला सोनबोईर, अमरसिंग, शिव माली, मोतीराम साहू, विष्णु दास साहू, घुरारुराम वर्मा, मोती साहू, श्रीमती पुनिया बाई एवं नागरिकों के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया।

इस शिविर में 258 मरीज का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया। 106 वृद्धजन लाभान्वित हुए। आयुष काढ़ा प्रदान किया गया। साथ ही शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण, बीपी, शुगर जांच किया गया। प्रतिदिन योग अभ्यास करने के महत्व को बताते हुए योग के लिए वृद्धजनों को प्रोत्साहित किया गया।

इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, डॉ हेमलता वर्मा, देवदास साहू, धीरजीराम सिन्हा, सोमकांत चंद्राकर, श्रीमती सुशीला मांडवी, शंकरलाल कंवर, योग प्रशिक्षक छगनराम वर्मा, मुकेश साहू (ओएओ) खिलेश नेताम (लेब टेक्नीशियन), महेंद्र पाल (आरएचओ) इत्यादि ने अपने इत्यादि ने अपनी सेवाएं दी।

# विस में पहुंचा मत्स्य विभाग में अनुदान घोटाले का मामला

■ निलंबित की जा चुकी हैं अधिकारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मत्स्य विभाग में करोड़ों के अनुदान घोटाले का मामला विधानसभा में गूंजा है। इस मामले में निलंबित सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए और तीन सप्लायर फर्म के खिलाफ राजनांदगांव के थाना कोतवाली में मामला दर्ज करवाया गया है। इस प्रकरण में पुलिस की विवेचना जारी है।

खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने विधानसभा सत्र में इस मामले से जुड़े सवाल रखे थे। चूंकि मत्स्य विभाग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पास है इसलिए उनकी ओर से इस पर जवाब दिया गया। सत्र की कार्रवाई के पांचवे और आखिरी दिन यह प्रकरण ध्यानाकर्षण के लिए लाया गया है। देर शाम तक इस विषय पर चर्चा शुरु नहीं हो पाई थी। इधर, इस मामले पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि, मामले की विवेचना तेज गति से जारी है। पुलिस इसमें सारे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है। सभी संबंधित नियम-कानून और विभागीय जांच को इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि, जो भी इस प्रकरण में आरोपी हैं उनके खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई होगी।



सरकारी धन की लूट : ननद, भृत्य की बेटी और ड्राईवर की मां के नाम पर कराया केज आबंटन
आदिवासी के नाम पर भी फर्जीवाड़ा, जिसके नाम से केज आबंटित उसे 3 साल बाद मिली जानकारी
करोड़ों के भ्रष्टाचार का कैसे हुआ खुलासा
मोंगरा में लगे केज कल्चर के अनुदान में भी घोटाला : विभागीय अधिकारियों ने किया 5 करोड़ की सब्सिडी का हेरफेर, विभागीय जांच में खुली परतें, अब तक कोई कार्रवाई नहीं
केज कल्चर के अनुदान में करोड़ों के भ्रष्टाचार पर एक्शन में वक्त लग रहा
अनुदान घोटाले की जांच पर कार्रवाई सचिवालय में अटकी, एफआईआर भी नहीं
दस्तावेज फर्जी, हितग्राहियों के दस्तखत खुद अधिकारी ने किए
करोड़ों का अनुदान घोटाला, तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि और तीन फर्म के खिलाफ एफआईआर
आरोपी तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि निलंबित इधर एफआईआर पर पुलिसिया कार्रवाई में हीलहवाला
अधिकारी के साथ ही 3 सप्लायरों पर भी हुई है एफआईआर, पुलिस किसी तक नहीं पहुंच सकी
226 पन्नों की जांच रिपोर्ट

### क्या है मामला

बता दें कि, अविभाजित राजनांदगांव के मत्स्य विभाग में तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे अपने परिजन, विभागीय लोगों के रिश्तेदारों और एक किसान के नाम पर केज कल्चर स्थापना के सौ प्रतिशत अनुदान लेने के प्रकरण में घोटाले के आरोप हैं। आरोप यह भी है कि उन्होंने स्वयं ही हितग्राहियों के नाम आवेदन तैयार किए और फर्जी दस्तखत के सहारे करोड़ों का अनुदान ले लिया। इस मामले में तीन सप्लायर फर्म संचालक मेसर्स स्टार सप्लायर बिलासपुर, एसएस एक्वाकल्चर पथर्री फिंगेश्वर राजिम एवं एसएस एक्वाफिड झांकी रायपुर के विरूद्ध धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120(बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इन पर 2 करोड़ 16 लाख रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप हैं।

# विवि के प्रशासनिक कामकाज में आयी कसावट

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कुलपति का कमान संभालते ही विवि के प्रशासनिक कामकाज में कसावट लाना शुरू कर दिया है। यही वजह है कि इस बार छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए जुलाई माह में सभी परीक्षा परिणामों को जारी कर दिया गया है। सत्र 2023-24 में आयोजित डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर की समस्त परीक्षाओं का परिणाम 22 जुलाई 2024 तक घोषित किया जा चुका है, जबकि बीते सत्र 2022-23 में आयोजित डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर की समस्त परीक्षाओं का परिणाम 7 दिसम्बर 2023 तक घोषित किया गया था। परिणाम देरी से जारी होने से छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में कुल 97 प्रकार की विभिन्न ललित कलाओं से संबंधित विषय जैसे संगीत, नृत्य, लोक संगीत, थियेटर, चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, क्राफ्ट एण्ड डिजाईन इत्यादि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किये गये हैं। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से 17 सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं 54 परीक्षा केन्द्रों के कुल 13000 विद्यार्थीगण परीक्षा में शामिल हुए थे।

### यूनिक कार्ड शिविर का आयोजन 29 को

**राजनांदगांव।** दिव्यांगजनों को रेलवे यूनिक आईडी कार्ड शिविर सांसद संतोष पांडे की पहल पर 29-30जुलाई को राजनांदगांव स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर एक पर प्रातः दस बजे से प्रारंभ होगा। संस्कार श्रद्धांजलि के अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने बताया की यह शिविर काफी लंबे अंतराल से न होने से उन्होंने व रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के शशांक तिवारी ने सांसद संतोष पांडे का ध्यान इस ओर आकृष्ट करवाया था। फलस्वरूप वह शिविर आयोजित होने जा रहा है। भट्टड़ ने जिले के अधिक से अधिक दिव्यांग भाई बहनों को रेल यात्रा में मिलने वाली छूट का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए सभी महत्वपूर्ण फॉर्मेल्टी, जन्मप्रणाम पत्र, आधार कार्ड, मार्क लिस्ट, जन्म तारीख, अंकित वाली मेडिकल सर्टिफिकेट लेटेस्ट वाला दिव्यांग सर्टिफिकेट सहित सभी महत्वपूर्ण पेपर साथ लाने का अनुरोध किया है।

# कलेक्टर ने बैठक लेकर अधिकारी कर्मचारियों को जारी किया दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की 42वीं बैठक संपन्न हुई बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने जिले में बैंकिंग गतिविधियों से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को हितग्राहीमूलक बैंकिंग ऋण सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश सभी बैंकिंग अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने बैठक में जिले के सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय विभागों द्वारा प्रकरण प्रेषित किए जाते हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पहले स्वीकृत करें। कलेक्टर ने हितग्राहीमूलक आवेदनों को शाखा लेवल में लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा जिन बैंक शाखा का ऋण अनुपात कम है उन्हें ऋण अनुपात निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा गया।

### दुष्कर्म करने वाला वहशी पिता गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पिता द्वारा बेटी से रेप करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि पिता पूर्व से ही उस पर गलत नजर रखता था। पूर्व में छेड़छाड़ भी किया था। उसने इस संबंध में अपने रिश्तेदारों को बताई थी। बुधवार की रात्रि बेटी को अकेली पाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। पुलिस ने धारा 64-2(च), 76 बीएनएस का प्रथम दृष्टया घटित होना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी की तलाश की गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आजीविका मुलक गतिविधियों, अधोसंरचना पर दिया गया जोर

# कलेक्टर ने की जिला खनिज न्यास संस्थान से किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला खनिज न्यास संस्थान से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर संस्थान अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।

कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुभव संरचना पेयजल आजीविका मुलक गतिविधियों, और महिला समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार मुलक कार्यो पर विशेष फोकस करते हुए राशि स्वीकृत करने की बात कही है। जिला खनिज संस्थान के अंतर्गत चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सा सेवा विस्तार एवं अस्पतालों में संसाधन, सुविधा बढ़ाने व चिकित्सकों की भर्ती के लिए राशि स्वीकृत करने कहा है।

इसी प्रकार शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, प्रयोगशाला, शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों के लिए ट्विटर शिक्षकों की भर्ती किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्राम पंचायतों में आवश्यकता अनुसार सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए राशि की स्वीकृति दी गई है। महिला समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आजीविका मूलक व रोजगार मूलक कार्यों को स्वीकृति देने के लिए सामुदायिक भवन में विविध गतिविधियों का संचालन होगा। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने वित्तीय वर्ष के अंतर्गत स्वीकृत सभी निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह के साथ जिला खनिज न्यास संस्थान के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही आगामी कार्य योजना के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता के फार्महाउस में मिली खून से लथपथ 50 वर्षीय बुजुर्ग की लाश, पत्नी को अपशब्द बोलने पर चौकीदार ने कर दी हत्या

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के फार्महाउस में खून से लथपथ एक 50 वर्षीय बुजुर्ग की लाश मिलने से क्षेत्र सहित जिले में सनसनी फैल गई। धार दार हथियार से बुजर्ग पर हमला कर मौत के घाट उतारा गया। इस अंधे कत्ल की गुत्थी को डौंडीलोहारा पुलिस ने सुलझाया है। इस हत्या को और कोई नही बल्कि फार्म हाउस के चौकीदार ने ही अंजाम दिया है। वादविवाद के बाद चौकीदार ने ही बुजुर्ग की हत्या की है। प्रवक्ता देवलाल ठाकुर का फार्महाउस डौंडीलोहारा थाना क्षेत्रान्तर्गत कोटेरा से खरखरा मार्ग में स्तिथ है। वही मृतक सजंय ठाकुर कोटेरा गांव का रहने वाला था। अंधे कत्ल की गुत्थी का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी अशोक जोशी ने बताया कि ग्राम भरीटोला निवासी केशव ठाकुर ने शुक्रवार को को सुचना दी कि ग्राम कोटेरा निवासी संजय ठाकुर पिता ब्यासुत ठाकुर जो कि गांव कोटेरा के फार्म हाउस बाड़ी में मृत अवस्था में पड़ा है, जिसकी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई है। जिसकी रिपोर्ट पर डौंडीलोहारा थाने मे मर्ग क्रमांक 46/2024 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर मामला प्रथम दृष्टया पाया जाने से अपराध क्र 117/2024 धारा 103(1) बीएनएस कायम किया गया।

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने व आरोपी की गिरफ्तारी में उप पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, डौंडीलोहारा थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मी जायसवाल सउनि अनित राम यादव, प्र. आर. अरविंद यादव , आर. त्रवेष सिन्हा , धमेन्द्र सेन, रूपेश सलामें व थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

# "एन ई एस महाविद्यालय में "कारगिल विजय दिवस" मनाया गया कारगिल युद्ध युवा पीढ़ी में देश के प्रति समर्पण भाव को जागृत बनाए रखने का जीवंत आधार

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर
www.dailypioneer.com



जिले के अग्रणी शासकीय रामभजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुरनगर में शासन के निर्देशानुसार कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विजय रक्षित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कारगिल युद्ध को युवा पीढ़ी में देश के प्रति समर्पण की भावना की को सदैव जागृत बनाए रखने का जीवंत आधार बताया। राजनीतिविज्ञान विभाग के डॉ. ए के श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापक ने कारगिल युद्ध के बारे में विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। कारगिल युद्ध में देश के लिए लड़ते हुए हमारे जाबांज सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान कर वीरगति को प्राप्त हुए । इस कार्य के लिए भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन विजय प्रारंभ किया गया था जो 26 जुलाई1999 को समाप्त हुआ। प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग दो महीनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ इसमें भारत विजय हुआ। 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के पश्चात् दोनों देशों के द्वारा परमाणु परीक्षण के कारण तनाव बढ़ गया था। इस स्थिति को शांत करने के लिए दोनों देशों ने फरवरी 1999 में लाहौर में घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए जिसमें कश्मीर मुद्दे को द्विपक्षीय वार्ता द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का वादा किया गया था लेकिन पाकिस्तान ने अपने् सैनिकों और अर्ध सैनिक बलों को छुपा कर नियंत्रण रेखा के पार भेजने लगा और इस घुसपैठ का नाम "ऑपरेशन भद्र " रखा था इसका मुख्य उद्देश्य कश्मीर और लद्दाख के बीच कड़ी को तोड़ना और भारतीय सेना को सियाचिन ग्लेशियर से हटाना था। पाकिस्तान यह भी मानता है कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के तनाव से कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने में मदद मिलेगी।

शुरुआत में इसे मात्र घुसपैठ मान लिया गया था और दावा किया गया कि इन्हें कुछ ही दिनों में बाहर कर दिया जाएगा लेकिन नियंत्रण रेखा में खोज के बाद इन घुसपैठियों की नियोजित रणनीति के बारे में पता चला जिसे भारतीय सेना को एहसास हो गया कि हमले की योजना बहुत बड़े पैमाने पर की गई है इसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय नाम से सैनिकों को कारगिल क्षेत्र में भेजा। युद्ध आधिकारिक रूप से 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ। युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बल की 1400 सैनिक घायल हुए और 527 सैनिको ने अपने जीवन का बलिदान दिया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी कैप्टन ए आर पैंकरा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनय तिवारी, प्रिंसी कुजूर, प्रो ए आर बैरागी, प्रो जे आर भगत, प्रो डी आर राठिया, प्रो प्रवीण सतपती ,लाइब्रेरियन वी पी सिंह, रजिस्ट्रार बी आर भारद्वाज सहित एन सी सी के सीनियर कैडेट विकी राम, करन यादव, जयराम यादव, सचिंद्र राम, रितेश भगत, एमडी मुख्तार, आशुतोष सिंह, प्रांजल यादव, जीतवाहन साय, सौरभ सिंह, नैमिष यादव, कुमारी हेमलता बाई,अनुरिमा भगत और वरिष्ठ रासेयो स्वयंसेवक हेमराज सिंह,सत्यपाल सिंह, प्रतीक नायक, रीमा सिंह, गुरुदेव प्रसाद ,अभिषेक, अंजु सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनय तिवारी ने किया।

# सपने ऐसे देखें, जिसे आगे बढ़ाने में अगली पीढ़ी योगदान दे : डायरेक्टर देव सेनापति

- **आॅरिएंटेशन कार्यक्रम और कृषक चर्चा में शामिल हुए कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थी**
- **विषय विशेषज्ञों ने कृषि, उद्यानिकी सहित आजीविका के संबंध में दी विस्तार से जानकारी**

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले में फसल चक्र परिवर्तन और जल संरक्षण की दिशा में अनेक पहल किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिले में गिरते भूजल स्तर एवं फसल चक्र परिवर्तन विषय पर परिचर्चा तथा विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय बाबू छोटेलाल वास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में डायरेक्टर ऑफ सेन्सस ऑपरेशन और सिटीजन रजिस्ट्रेशन आईएएस के.सी. देव सेनापति बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इसके साथ ही सीईओ जिला पंचायत सु रोमा वास्तव, एसडीएम धमतरी डॉ. विभोर अग्रवाल, उप संचालक कृषि मोनेश साहू, सहायक संचालक उद्यानिकी डी.एस.कुशवाहा, शासकीय कृषि महाविद्यालय कुरूद, शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय कुरूद, महामाया कृषि महाविद्यालय सियादेही, के.एल. उद्यानिकी महाविद्यालय पोटियाडीह और गायत्री महाविद्यालय गोकुलपुर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी सहित प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आईएएस के.सी. देव सेनापति ने कहा कि खेती करना सबसे अच्छा काम है, इसके जरिए आप देश की सेवा कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा आपको यह सुनहरा अवसर प्रदाय किया गया है, जिसका आप भरपूर लाभ उठाएं। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सपने ऐसे देखें, जिन्हें आगे बढ़ाने में अगली पीढ़ी अपना योगदान दे। देव सेनापाति ने कहा कि जब आप गांवों में किसानों से सम्पर्क करें, उससे पूर्व अपने विषय, शासन की योजनाओं और महत्वपूर्ण वेबसाईटों की जानकारी अच्छी तरह से संकलित कर लें। उन्होंने समझाईश दी कि विद्यार्थी अपने कार्य को सुव्यवस्थित और पूरे विश्वास से करें। इसके साथ ही देव सेनापति ने ऑर्गेनिक फार्मिंग एंड वर्मी कम्पोस्ट, वृक्षारोपण, धान की विभिन्न किस्मों आदि के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# शासन का आदेश आते ही रातों-रात बिना रिलीवर के रिलीव कर दिए गए डॉ. अनुरंजन, ईलाज के लिए भटक रहें मरीज

- **अस्थि रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवा देते रहे डॉ. अनुरंजन टोप्पो**

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





राजा देवशरण जशपुर जिला अस्पताल में विगत 18 वर्षो से बतौर अस्थि रोग विशेषज्ञ अपनी सेवा दे रहे डॉ. अनुरंजन टोप्पो का दुर्ग जिला के सिविल अस्पताल सुपेला तबादला कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 24 जुलाई की रात उनके तबादला का आदेश जारी किया गया। वहीं जशपुर जिला अस्पताल के लिए डॉ. अनुरंजन की जगह सुपेला सिविल अस्पताल में पदस्थ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वामीदेव भूपेंद्र को जशपुर जिला अस्पताल तबादला किया गया है।

**18 साल रहे जशपुर में** -डॉ. अनुरंजन टोप्पो की जशपुर जिला अस्पताल में पदस्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। तब से लेकर 2024 तक 18 वर्ष वे जिला अस्पताल में ही पदस्थ रहे। इस दरम्यान उन्होंने जिला अस्पताल के कई महत्वपूर्ण पदों में अपनी सेवाएं दीं।

**तबादला को लेकर मांगें**-जिला अस्पताल में लंबे समय से पदस्थ डॉक्टरों के तबादले को लेकर लगातार मांग होती रही है। दरअसल अस्पताल में ईलाज कराने वाले मरीजों और उनके परिजनों में कुछ चिकित्सकों के ईलाज के तरीके और व्यवहार को लेकर नाराजगी रहती थी।

**रातों-रात हुए रिलीव**-जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अनुरंजन का तबादला आदेश शासन की ओर से आते ही 24 जुलाई की रात ही रातों-रात फौरन उन्हें बिना किसी रिलीवर के रिलीव कर दिया गया। जबकि जानकारों का यह कहना है कि आदिवासी क्षेत्र में बिना किसी रिलीवर के पद खाली नहीं किया जा सकता।

> शासन की ओर डॉ. अनुरंजन टोप्पो का तबादला सिविल अस्पताल सुपेला किया गया है। प्रशासन के आदेशानुसार उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया है।
> **डॉ. विपीन इंदवार,**
> **सीएमएचओ जशपुर**

# केसी देवसेनापति सहित अधिकारियों ने किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




एक पेड़ मां के नाम के तहत आज स्थानीय बाबू छोटेलाल वास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में डायरेक्टर के.सी.देव सेनापति सहित सीईओ जिला पंचायत और उपस्थितों ने वृक्षारोपण किया। साथ ही अन्य अधिकारियों ने भी फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर देवसेनापति ने करंज का पौधा रोपित किया, वहीं सीईओ जिला पंचायत रोमा वास्तव ने आंवला का पौधा लगाया। इस दौरान डायरेक्टर देवसेनापति ने जिले में की जा रही वृक्षारोपण की जानकारी ली। इस मौके पर कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की ओर से सीईओ जिला पंचायत द्वारा डायरेक्टर देवसेनापति को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इसके बाद गंगरेल रोड, मरादेव में डायरेक्टर द्वारा वन विभाग की ओर से वृक्षारोपण किया। गौरतलब है कि शासन की महती 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत प्रदेश सहित जिले में भी वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है।

## दावा-आपत्ति एक अगस्त तक

**धमतरी ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र मसानडबरा सांकरा, भीषमपुरी पोड़ागांव और आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 लिखमा में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों पर मूल्यांकन समिति के अनुमोदन के बाद सूची एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय नगरी और जनपद पंचायत नगरी के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी ने बताया कि जारी सूची पर यदि किसी भी आवेदनकर्ता को आपत्ति हो तो वह एक अगस्त तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगी। नियत तिथि के बाद मिले दावा-आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# कुरुद पुलिस एवं सायबर टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर की गई आबकारी एक्ट की बडी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी पुलिस थाना कुरुद को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम नारी का ललित राम साहू अपने पास कपडे के थैला एवं बैंग में शराब रखकर ग्राम नारी गोंडवाना सामुदायिक भवन के पास शराब बिकी कर रहा है। कि सूचना पर थाना प्रभारी एवं सायबर टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर 01 व्यक्ति को 1 पीले सफेद रंग का कपडे का बैग में अवैध रूप शराब रखकर बिकी करते पकड़ा गया। उनके कब्जे से कुल 210 पौवा देशी मसाला एवं प्लेन शराब 37.800 लीटर शराब कीमती 22,400 रू एवं बिकी रकम 4900. रूपया जुमला कीमती 27,300 रू मिलने पर मौके पर वैधानिक कार्यवाही कर अपराध सदर धारा पाये जाने पर अपराध क्र 321/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है। वहीं दूसरी कार्यवाही में मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम भरदा रोड अमृत राईस मिल के पास 02 व्यक्ति को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एके 8233 से अवैध रूप से शराब रखकर बिकी करने ले जाने की सूचना पर थाना कुरूद पुलिस एवं सायबर टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर 02 व्यक्ति को मोटर सहित 1 बैग में अवैध रूप शराब रखकर बिकी करने ले जाते पकड़ा गया ।

# आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन 6 अगस्त तक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 बिरगुड़ी तथा गुहाननाला में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आगामी 6 अगस्त तक आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि उसी गांव अथवा वार्ड की निवासी, कम से कम 60 प्रतिशत अंकों से आठवीं पास आवेदिका आवेदन के लिए पात्र होंगी। उन्होंने बताया कि सरपंच/सचिव का संयुक्त हस्ताक्षरित बीपीएल राशनकार्ड प्रस्तुत करने पर 6 अंक, अनुसूचित जाति, जनजाति के उम्मीदवारों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर 10 अंक प्रदाय किया जाएगा। इसी तरह विधवा आवेदिका द्वारा सरपंच/सचिव का संयुक्त हस्ताक्षरित किया हुआ पति का मृत्यु प्रमाण पत्र तथा परित्यक्ता के लिए सरपंच/सचिव का संयुक्त हस्ताक्षरित न्यायालय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर 15 अंक प्रदाय किया जाएगा।

## जिले में अब तक 555 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी।** जिले में एक जून से अब तक 555.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक धमतरी तहसील में 533.1 मि.मी., कुरूद तहसील में 457. मि.मी., मगरलोड में 433 मि.मी., नगरी तहसील में 746.1 मि.मी., भखारा में 437.2 मि.मी., कुकरेल तहसील में 584.2 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 698.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में आज की औसत वर्षा 24.3 मि.मी. दर्ज की गई है। इसमें धमतरी तहसील में 27.8 मि.मी., कुरूद तहसील में 38.5 मि.मी., मगरलोड में 22.7 मि.मी., नगरी में 23.9 मि.मी., भखारा में 28.4 मि.मी., कुकरेल तहसील में 23 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 5.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# शासकीय पीजी कॉलेज में किया गया जनसम्पर्क विभाग द्वारा किया गया जनमन पत्रिका का वितरण

- विद्यार्थियों ने कहा पत्रिका में सभी जानकारियां समाहित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णय एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जनसम्पर्क विभाग द्वारा मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' का प्रकाशन किया जाता है। आज स्थानीय बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में पत्रिका का वितरण किया गया। इस दौरान इस दौरान विद्यार्थियों ने जनमन पत्रिका पढ़ते हुए खुशी जाहिर की कि उन्हें आने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों ने कहा कि जनमन पत्रिका में स्थानीय सामान्य ज्ञान के साथ-साथ प्रदेश एवं देश की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, खेल गतिविधियों की जानकारी समाहित है।

# पराली प्रबंधन की दिशा में सार्थक पहल की जरूरत पर बल

- **सांसद रूपकुमारी चौधरी ने संसद के निचले सदन लोकसभा में धान पराली को जलाने से होने वाली समस्याओं की और ध्यान आकृष्ट कराया**

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



लोकसभा में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने धान पराली को जलाने से होने वाली समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कर कहा इससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, भूमि की उर्वरता लगातार नष्ट हो रही है और दुर्घटना की आशंका भी बढ गई है। सांसद रूपकुमारी का सुझाव है कि कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन के पीछे लगाए जाने वाले सोकर मैनेजमेंट सिस्टम मशीन को प्रत्येक कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन के साथ अनिवार्य किया जाना चाहिए और आवश्यक हो उसमें छूट भी दी जाए। भारतीय जनता पार्टी की महासमुंद संसदीय क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने गुरुवार को संसद के निचले सदन लोकसभा में धान पराली को जलाने से होने वाली समस्याओं की और ध्यान आकृष्ट किया। चौधरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान गुरुवार को यह मुद्दा उठाते हुए इस दिशा में सार्थक पहल करने की जरूरत पर बल दिया। भाजपा सांसद चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ जिसे धान का कटोरा कहा जाता है, में पिछले कुछ वर्षो से रबी और खरीफ सीजन में धान की खेती का रकबा कई गुना बढ गया है जिससे तिलहन, दलहन, सब्जी, बागवानी की जगह धान की खेती ज्यादा की जाने लगी है। समस्या पर ध्यान आकर्षित कर चौधरी ने कहा कि धान कटाई के बाद खेत में जो धान जो पराली बच जाती है, उसको जलाने की विकराल समस्या देश के सामने खड़ी हुई है। इससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, भूमि की उर्वरता लगातार नष्ट हो रही है और दुर्घटना की आशंका भी बढ गई है। चौधरी ने कहा कि आज पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन के चलते भयावह स्थिति का सामना कर रहा है और विश्व में हालात ज्यादा भयावह हो सकते हैं। भाजपा सांसद चौधरी ने इस समस्या के निदान और पराली प्रबंधन के लिए सुझाव दिया कि फसल कटाई के समय कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन के पीछे लगाए जाने वाले सोकर मैनेजमेंट सिस्टम मशीन को प्रत्येक कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन के साथ अनिवार्य किया जाना चाहिए। इससे आज हमारे पालतू मवेशियों गाय. बैल के लिए चारे की जरूरत को भी पूरा किया जा सकता है और जलाए जाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान से भी बचा जा सकता है।

**रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र का मामला**

# भाजपा नेताओं एवं नेत्रियों के इशारे पर अतिक्रमणकारियों ने रोका कलेक्टर का काफिला

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 में वाड्रफनगर रामानुजगंज 343 राष्ट्रिय राज्य मार्ग पर शासकीय अस्पताल के सामने नगर पंचायत द्वारा बनाए गए शासकीय भूमि पर 28 दुकानो के बगल में झोपड़ी एवं ठेला लगाकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना जीवन यापन करने वाले लोगों का अतिक्रमण राजस्व विभाग के द्वारा हटाया जा रहा था जब इसकी सूचना स्थानीय भाजपा नेताओं एवं नेत्रियों को मिली तो प्रशासन के खिलाफ जाकर मोर्चा खोल दिया अंतः राजस्व विभाग को अपना सामान समेट कर वहां से जाना पड़ा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार 24 जुलाई 2024 को राजस्व विभाग अपने पूरे दल बल के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंचा था उक्त अमला को देख पीड़ित पक्ष में स्थानीय भाजपा नेताओं एवं नेत्रियों से मदद की गुहार लगाई मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने शासकीय सेवकों से बहसबाजी कर अतिक्रमण हटाने वाले दस्ता को वापस कर दिया। दूसरे दिन गुरुवार 25 जुलाई 2024 को राजस्व अमला सुबह के समय अपने दल बल के साथ पहुंच कर तोड़फोड़ शुरू कर दी गई अपने आशियाना को टूटते हुए देख पीड़ित पक्ष ने पुनः उन्हीं नेताओं एवं नेत्रियों से गुहार लगाई मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय सेवकों के बीच बहसबाजी शुरू हो गई। इसी दौरान बलरामपुर रामानुजगंज जिले के कलेक्टर रिमिजियुस एक्का एवं जिला पंचायत सीईओ रेना जमील इसी मार्ग से वाड्रफनगर की ओर शासकीय कार्य निरीक्षण हेतु जा रहे थे कि भाजपा नेताओं एवं नेत्रियों के इशारे पर अतिक्रमणकारियों ने उनके वाहनों को आगे एवं पीछे से घेर लिया ड्राइवर के लाख हॉर्न बजाने के बाद भी अतिक्रमणकारि टस से मस नहीं हुए। इसके बाद कलेक्टर ने वस्तु स्थिति को भाफ्ते हुए उन्हें कहना पड़ा की एक बार पुनः मुनादी कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी तत्पश्चाप अतिक्रमणकारियों ने रास्ता छोड़ा और उनको जाने दिया।

## राज्य भर में चलाए जा रहे हैं अतिक्रमण हटाओ अभियान

छत्तीसगढ़ प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में बलरामपुर जिले के रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र में भी किए गए अतिक्रमण को हटाने का कार्य राजस्व अमला के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें भाजपा नेताओं एवं नेत्रियों के द्वारा शासकीय कार्य में वयवधान उत्पन्न करने एवं शासकीय सेवकों से अभद्र व्यवहार करने जैसे बर्ताव को अपनाने का सफल प्रयास किया जा रहा है जिसके कारण नगर पंचायत क्षेत्र के बीच शहर में भी कई ऐसे अतिक्रमणकारी हैं जिनके कारण आए दिन आम पब्लिक को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ?

## रामानुजगंज में विगत 6 माह से भाजपा नेता हुए हमलावर

छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है और रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 7 में विधायक राम विचार नेताम चुने गए हैं तब से लेकर खास कर रामानुजगंज के कुछ नाम चिन्ह भाजपा नेताओं एवं नेत्रियों के द्वारा अपने ही शासन प्रशासन के अधिकारियों कर्मचारियों के कार्य प्रणाली पर आए दिन सवाल खड़े कर रहे हैं सवाल खड़ा करने वाले नेता भारतीय जनता पार्टी के हैं या कांग्रेस पार्टी के सहयोगी हैं यह नगर की जनता समझ नहीं पा रही है ? जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## आखिरकार क्यों कर रहे हैं शासकीय सेवकों से अभद्र व्यवहार

शासकीय सूत्र बताते हैं कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से खास कर रामानुजगंज में 2 से 4 नेताओं का शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है जिसके कारण शासकीय सेवक स्वतंत्र रूप से कोई कार्य नहीं कर पा रहे हैं ? अब शासकीय सेवकों के सामने यह समस्या उत्पन्न हो गई है कि ना तो कहीं शिकायत कर सकते हैं ना उनके खिलाफ कुछ बोल सकते हैं क्योंकि जिनको बोलना है वो तो मौन धारण किए हुए हैं। बेहतर यही होता कि विरोध करने के बजाय शांतिपूर्ण ढग से संबंधित अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान करना चाहिए था। इस तरह खुले पब्लिक प्लेस में शासकीय सेवकों का अपमानित करना शोभा नहीं देता जब आपकी शासन सत्ता है तो अधिकारी आप ही का कहना सुनेंगे बसरते बेहतर पहल करने की जरूरत है?

## अपने लोगों ने ही नेताम का जलाया था पुतला

बलरामपुर में हुए दोहरे हत्याकांड को लेकर भारतीय जनता पार्टी के अभिन्न अंग कहे जाने वाले बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के लोग अपने कार्रवाई के मांग को लेकर विगत कई दिनों से हमलावर थे लेकिन रामानुजगंज विधानसभा के कोई नेता या पदाधिकारी ने कोई पहल नहीं की और जब राम विचार नेताम का उक्त संगठनों ने पुतला दहन कर दिया तो वही नेता और पदाधिकारी अपनी डुग्गी ड्रामा शुरू कर 50 तरह के बयान बाजी करवाने लगे और उसे बयान की काफी सोशल मीडिया में डालने लगे जिले की जनता इस बात पर विचार कर रही थी कि यदि किसी नेता या पदाधिकारी ने पहले पहल की होती तो शायद राम विचार नेताम जी का पुतला दहन नहीं होता और पूरे प्रदेश में जो साख बट्टा लगा शायद नहीं लगता।

# छत्तीसगढ़ में खुलेंगे सैनिक स्कूल, बृजमोहन के सवाल पर रक्षा मंत्री ने दी जानकारी

पायनियर संवाददाता नई दिल्ली/रायपुर
www.dailypioneer.com






रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में रक्षा मंत्रालय से छत्तीसगढ़ राज्य और विशेष रूप से रायपुर संसदीय क्षेत्र में बालिका सैनिक विद्यालय खोलने की योजना पर सवाल किया है। जिस पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जानकारी दी है कि, रक्षा मंत्रालय ने देश में गैर सरकारी संगठन/ न्यास/ निजी/ सरकारी स्कूलों के साथ साझेदारी रीति में नए सैनिक स्कूल खोल रहा है। जिसकी शुरुवात उत्तरप्रदेश से ही चुकी है। जहां मथुरा में संविद गुरुकुलम उच्च माध्यमिक स्कूल को पूर्णरुपेण-बालिका सैनिक स्कूल के रूप में मंजूरी दी गई है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में भी यह प्रयोग हो सकता है। साझेदारी रीति के तहत स्थापित किए जाने वाले नए सैनिक स्कूल की स्थापना का खर्च संबंधित इकाई/एजेंसी द्वारा वहन किया जाएगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भविष्य की प्रौद्योगिकी और उन्नत सुरक्षा विशेषताओं वाले ई-पासपोर्ट शुरू करने के लिए विदेश मंत्रालय से उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी थी। जिसपर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि, केंद्र सरकार एम्बेडेड चिप के साथ ई-पासपोर्ट शुरू करने के लिए कदम उठाए हैं। वर्तमान में, भुवनेश्वर और नागपुर स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में ई-पासपोर्ट की परियोजना का परीक्षण चल रहा है। इसके सफलतापूर्वक आरंभ होने और अपेक्षित प्रमाणीकरण के बाद, इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे भारत में शेष क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में शुरू किया जाएगा। ई-पासपोर्ट एक संयुक्त कागज और इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट है, जिसमें एक एम्बेडेड रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) चिप और इनले के रूप में एम्बेडेड एंटीना है। पासपोर्ट की महत्वपूर्ण जानकारी इसके डेटा पेज पर प्रिंट की जाएगी और साथ ही चिप में संग्रहीत की जाएगी, जिससे इसमें जालसाजी करने की संभावनाएं कम हो जाएगी। दस्तावेज़ और चिप की विशेषताएं अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) दस्तावेज़ 9303 के अनुसार हैं।

## निगम ने बारिश में अभियान चलाकर निगम क्षेत्र में 23 आवारा मवेशियों को सड़कों से पकड़कर गौठान भेजा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा निर्देश अनुरूप रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी 10 जोनो द्वारा सड़क मार्गों में काउकेचर एवं विशेष टीम के श्रमवीरो की सहायता से आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने अभियान सतत निरंतर जारी है। अभियान के तहत बारिश के दौरान जोन 1 की टीम द्वारा 9, जोन 4 ने 3, जोन 5 ने 7, जोन 7 ने 3 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। जोन 10 से 1 आवारा मवेशी की धरपकड़ काउकेचर वाहन एवं विशेष टीम की श्रमवीरों की सहयोग से करते हुए उन्हें गोकुल नगर गौठान छोड़ा। अभियान के तहत जोनों की काऊकैचर टीमों ने कुल 23 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान सतत निरंतर जारी रहेगा।

## विष्णु के सुशासन का हो रहा है असर, रायपुर में एक कॉल से मिल रहा समस्या का समाधान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में एक कॉल पर समस्याओं का जल्द निराकरण होंरहा है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए जन-समस्या निवारण कॉल सेंटर में नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कॉल कर के शिकायत दर्ज करा रहे हैं जिसका जिला प्रशासन शिकायत से संबंधित विभाग द्वारा विधिवत समाधान किया जा रहा है। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी प्रवीण तिवारी पहने घर के पास शासकीय भूमि में गंदगी होने से परेशान थे कलेक्टर समस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायत करने के कुछ घंटे भर में ही समाधान मिल गया। तिवारी ने कलेक्टर कॉल सेंटर में कॉल कर उक्त स्थान से गंदगी साफ़ करने की शिकायत दर्ज कराई, उनके शिकायत को कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशन से नगर निगम के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। निगम द्वारा तत्काल मौके में जाकर शासकीय भूमि की सफ़ाई की गई। तत्काल कार्यवाही से आवेदक ने धन्यवाद दिया।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403